# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | भोपाल, सोमवार 27 अप्रैल 2026


**सबसे बड़ा सवाल :** इतनी कड़ी सुरक्षा के बावजूद हमलावर हथियार लेकर अंदर तक कैसे पहुंच गया, उसका मकसद क्या था?

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्हाइट हाउस कॉरेस्पॉन्डेंट्स डिनर के दौरान हिल्टन होटल में हमलावर ने दागी दनादन गोलियां

# ट्रंप ने माना- वे ही थे निशाने पर, हमलावर काबू उसके पास मिले शॉटगन, हैंडगन और कई चाकू

- एफबीआई हर एंगल से पड़ताल कर रही है, जिसमें आतंकी एंगल भी शामिल
- जिस होटल में इवेंट हो रहा था, वहीं हमलावर ने बुक किया था रूम
- हमलावर ने इवेंट शुरू होने से पहले होटल में हथियार लेकर प्रवेश किया था
- हमलावर की पहचान 31 वर्षीय कोल टोमस एलन के रूप में हुई है, जो कैलिफोर्निया के टॉरेंस का, वह एक टीचर है
- उसे सोमवार को फेडरल अदालत में पेश किया जाएगा, अभी उसका इलाज जारी
- अधिकारियों ने कैलिफोर्निया में उसके अपार्टमेंट पर पहुंचकर कार्रवाई शुरू कर दी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी से शनिवार की रात आई एक खबर ने पूरी दुनिया को हिला दिया। हिल्टन होटल व्हाइट हाउस कॉरेस्पॉन्डेंट्स डिनर के दौरान अचानक गोलियों की आवाज से गूंज उठा। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को कार्यक्रम के बीच से तुरंत सुरक्षित स्थान पर ले जाना पड़ा। उनके साथ फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस को भी तत्काल बाहर निकाला गया। गोली की आवाज सुनते ही हॉल के अंदर अफरा-तफरी मच गई। लोग अपनी जान बचाने के लिए टेबल के नीचे छिप गए। कुछ लोग जमीन पर लेट गए, तो कई बाहर की ओर भागे।



आरोपी

गोलियों की आवाज सुनते ही अमेरिकी सीक्रेट सर्विस हरकत में आ गई। ट्रंप पूरी तरह सुरक्षित हैं और उन्हें किसी तरह की चोट नहीं आई। घटना के बाद उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने बहुत तेजी और बहादुरी से काम किया। घटना के बाद की गई शुरुआती जांच में सामने आया है कि, हमलावर अकेला था और उसके पास कई हथियार थे। जिसमें शॉटगन, हैंडगन और चाकू शामिल थे। बताया जा रहा है कि वह सुरक्षा घेरा तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश कर रहा था और इसी दौरान उसने फायरिंग ▶▶ शेष पेज 4 पर




## लड़खड़ा कर गिर गए थे ट्रंप

वायरल वीडियो में दिखाई दे रहा है कि जैसे ही फायरिंग की आवाज आती है, हाल में बैठे लोग टेबल के नीचे छिपने लगे। इसी दौरान एक सुरक्षाकर्मी ट्रंप के पास आता है और उनको तुरंत जानकारी देता है। इसके बाद कुछ और सीक्रेट सर्विस के एजेंट्स आते हैं और ट्रंप के आसपास घेरा बनाते हैं और उन्हें पीछे की तरफ लेकर जाते हैं। जैसे ही ट्रंप कुर्सी से उठकर आगे बढ़ते हैं, वह लड़खड़ा जाते हैं जिसके बाद एजेंट उन्हें पकड़कर सुरक्षित बाहर निकाल लेते हैं।

### ट्रंप ने बताया -हमलावर क़रीब 50 गज़ की दूरी से दौड़ता हुआ आया

राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि हमलावर करीब 50 गज़ की दूरी से दौड़ता हुआ आया, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने अपने हथियार निकाल लिए। ट्रंप ने कहा कि जिस संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है, वह बहुत बीमार इंसान था। वे बताते हैं- यह घटना रात के लगभग 8:35 बजे (अमेरिकी समय) की है। हम स्टेज से करीब 40 फ़ीट दूर बैठे थे। मुख्य दरवाज़े हमारे सामने थे, लगभग 100 फ़ीट की दूरी पर। मैन डोर की दिशा से कुछ आवाज़ें सुनाई दीं। साफ नहीं था कि वो आवाजें क्या थीं, लेकिन वो धीमी धमाकेदार आवाजें थीं जो आमतौर पर ऑटोमैटिक फायर जैसी लगती हैं। हमें नहीं पता कि वो सीक्रेट ▶▶ शेष पेज 4 पर

### ट्रंप पर हुए हमले पर पीएम मोदी ने निंदा की



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इस हिंसक कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा की है। इस हमले के तुरंत बाद पीएम मोदी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि लोकतंत्र में हिंसा के लिए रत्ती भर भी जगह नहीं है और ऐसी घटनाओं को पूरी तरह से अस्वीकार्य माना जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति ट्रंप और उनके परिवार के सुरक्षित होने पर संतोष व्यक्त किया।

### ट्रंप जल्द कर सकते हैं एफबीआई प्रमुख की छुट्टी



ट्रंप अमेरिकी नौसेना सचिव जॉन फेलन, अमेरिकी सेना प्रमुख जनरल रैंडी जॉर्ज और अटॉर्नी जनरल पाम बोंडी के बाद एफबीआई प्रमुख काश पटेल को हटा सकते हैं। काश पटेल अपने ▶▶ शेष पेज 4 पर



1 कार्यक्रम के दौरान पहले केक काटा गया



2 फायरिंग होते ही मेज के नीचे छिपे अतिथिगण



3 फायरिंग के आरोपी को दबोचा



4 राष्ट्रपति ट्रंप ने पत्रकारों को बताया घटनाक्रम


प्लाट उपलब्ध है
भोपाल की सबसे ज्यादा विकासशील लोकेशन
अयोध्या बायपास
10 लेन रोड और 66 फीट मेन रोड
महोली खोजड़ की प्राईम लोकेशन में डायवर्शन, सर्वसुविधायुक्त,
पीपुल्स मॉल, पीपुल्स हास्पीटल, मीनाल मॉल और मेन मार्केट के नजदीक
संपर्क-9755600569
8200502943, 7748022609

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
डीसी आरसीबी
शाम 7.30 बजे से


**खबर संक्षेप**

### अयोध्या में ध्वजारोहण, 700 मेहमान होंगे शामिल



अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर के सभी मंदिरों में देवी-देवताओं के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात अब शिव मंदिर पर ध्वजारोहण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 29 अप्रैल को करेंगे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चम्पत राय ने बताया कि कार्यक्रम में करीब 700 मेहमान शामिल होंगे।

**अप्रैल की असहनीय गर्मी:** भोपाल में 3 साल बाद पारा 43 डिग्री पर, आज एक दर्जन जिलों में हीटवेव का अलर्ट

प्रदेश के कुछ जिलों में कहीं-कहीं हल्की बूंदा-बांदी होने की भी खबरें

# खजुराहो 45 डिग्री पर... 15 जिले 44 डिग्री पर झुलस उठे

मध्यप्रदेश के ऊपर मध्य हिस्से में डेढ़ किमी की ऊंचाई पर भी साइक्लोनिक सर्कुलेशन है, जिससे प्रदेश में मौसम बदल रहा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में रविवार को गर्मी के तेवर और तीखे रहे। भोपाल में अप्रैल वर्ष 2022 के बाद सबसे अधिक पारा 43 डिग्री रहा। रात का पारा 25.2 डिग्री दर्ज हुआ। यहां 30 अप्रैल 2022 को 43.3 डिग्री रहा है। 15 जिलों से अधिक जिलों में तापमान 44 डिग्री और इससे अधिक रहा। खजुराहो सबसे गर्म रहा। यहां पारा 45 डिग्री दर्ज हुआ है। इंदौर की रात सबसे गर्म रही। यहां न्यूनतम पारा 28.6 डिग्री रहा। एक दर्जन जिलों में रात का पारा 26 से 28 डिग्री के बीच दर्ज हुआ है। प्रदेश में बढ़ती गर्मी और हीटवेव को देखते हुए अब भोपाल जिला प्रशासन से स्कूलों में कक्षा नर्सरी से 8वीं तक 30 अप्रैल तक अवकाश घोषित किया है। इस बीच रविवार से कुछ जिलों में मौसम की करवट शुरू हो गई है। भोपाल में दोपहर बाद कुछ इलाकों में बादल छाने के साथ कहीं कहीं छींटे भी पड़े। इससे गर्मी में कमी नहीं आई, रात का पारा और बढ़ने की उम्मीद है। मौसम केंद्र के अनुसार दो दिन ज्यादा बदलाव नहीं होगा। इसके बाद तापमान ▶▶ शेष पेज 4 पर

**भोपाल के सभी स्कूलों में कक्षा नर्सरी से 8वीं तक 30 अप्रैल तक अवकाश घोषित**



खजुराहों में खुद को धूप से बचाने छाते का उपयोग करती युवतियां

- **आज से कुछ जिलों में बारिश के साथ पारा गिरेगा**
- **भोपाल में छाए बादल, दोपहर बाद कुछ हिस्सों में छींटे पड़े**
- **इंदौर की रात सबसे गर्म रही। यहां न्यूनतम पारा 28.6 डिग्री रहा**

### 9वीं से 12वीं तक की कक्षाओं का समय बदला

भोपाल में 9वीं से 12वीं तक की कक्षाएं सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक संचालित होंगी। इंदौर, ग्वालियर और उज्जैन में भी 8वीं तक अवकाश घोषित किया गया है।

### आज लू से रहें सावधान

सबसे गर्म रहे खजुराहो का पारा 45 डिग्री के अलावा दतिया, गुना, नर्मदापुरम, रायसेन, रतलाम, श्योपुर, दमोह, जबलपुर, मंडला, नौगांव, रीवा, सागर, सतना, टीकमगढ़, मलाजखंड जिलों में पारा 44 डिग्री या इससे अधिक रहा है। यहां भीषण गर्मी महसूस की गई। सोमवार को भोपाल सहित विदिशा, रायसेन, धार, रतलाम, मंदसौर, नीमच, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुर, सतना, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी जिलों में कुछ जगह लू का अलर्ट जारी किया गया ▶▶ शेष पेज 4 पर

### इसलिए बदल रहा मौसम

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी पूर्वी उत्तर प्रदेश और आसपास एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन है। पूर्वी बिहार पर बना सकुर्लेशन अब झारखंड के ऊपर सक्रिय है। कर्नाटक से तमिलनाडु के ऊपर एक ट्रफ बनी हुई है। महाराष्ट्र और आसपास भी एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन है। मध्य प्रदेश के ऊपर मध्य हिस्से में डेढ़ किमी की ऊंचाई पर भी साइक्लोनिक सकुर्लेशन है, जिससे प्रदेश में मौसम बदल रहा है। इससे रविवार रात से बुधवार तक कई जिलों में बारिश, तेज हवाओं और बौछारों का असर रहेगा। इससे पारा 2 से 4 डिग्री तक गिर सकता है।

इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हड़कंप

# टेकऑफ करते ही स्विस फ्लाइट के इंजन में आग 232 लोग थे सवार



एयरपोर्ट पर विमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रविवार को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उस वक्त हड़कंप मच गया जिस वक्त ज्यूरिख जाने वाली स्विस एयर के ईंजन में आग लग गई, इस फ्लाइट में 232 लोग सवार थे, इस घटना में 4 यात्री घायल भी हुए हैं। ज्यूरिख जा रही स्विस एयर की उड़ान संख्या एलएक्स147 ने इंजन में आग लगने के बाद रद्द कर दिया। एयरलाइन ने यात्रियों के लिए वैकल्पिक यात्रा की व्यवस्था की है। यह घटना शनिवार रात लगभग 1 बजे के ठीक बाद हुई। टेकऑफ के दौरान इंजन में खराबी आने के कारण विमान के बाईं ओर लैंडिंग गियर के पास से धुआं निकलता देखा गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, फ्लाइट क्रू ने तुरंत टेकऑफ रोक दिया और रनवे पर आपातकालीन निकासी प्रक्रियाओं ▶▶ शेष पेज 4 पर

- ***ज्यूरिख जा रही थी स्विस एयर की उड़ान संख्या एलएक्स147***
- ***सभी यात्रियों और चालक दल को आपातकालीन दरवाजे से निकाला***

### दिल्ली एयरपोर्ट पर आपातकाल घोषित

दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) ने सूचित किया कि इस घटना के मद्देनजर रविवार तड़के पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया गया था। सभी निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल का तुरंत पालन किया गया और यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया, जबकि हवाई अड्डे का संचालन अप्रभावित रहा।

पहले सेशन का पेपर खत्म होने से पहले की घटना

अभ्यर्थियों के परिजनों को चपेट में लिया, 2 घायल

# एमपीपीएससी केंद्र के बाहर पांच बाइकों पर चढ़ा दी कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

रायसेन में एमपीपीएससी परीक्षा केंद्र के बाहर एक कार अनियंत्रित होकर पांच मोटरसाइकिलों से टकरा गई। हादसे में दो लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्थित परीक्षा केंद्र के बाहर कार चालक ने एक्सीलेटर दबाया से इसके बाद कार बेकाबू हो गई। जानकारी के अनुसार पेड़ के नीचे अभ्यर्थियों के परिजन बैठे हुए थे। पास में ही बाइक भी पार्क थीं। बेकाबू कार ने पांच मोटरसाइकिलों को टक्कर मारते हुए 2 परिजनों को भी चपेट में ले लिया। घटना एमपीपीएससी के पहले सेशन की परीक्षा समाप्त होने से कुछ देर ▶▶ शेष पेज 4 पर



हादसे में घायल हुई बुजुर्ग


### कार जब्त, चालक हिरासत में

घटना की सूचना मिलते ही तहसीलदार भरत सिंह, थाना कोतवाली प्रभारी नरेंद्र गोयल मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस को भी सूचित किया गया, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार चालक और वाहन को अपने कब्जे में लेकर थाने पहुंचाया। यह तो गनीमत रही कि कार के नीचे बाइक आने से कार रुक गई थी। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**भारत की तस्वीरों के जरिए दुनिया को भारत दिखाने वाला कलाकार चला गया**

अलविदा रघु राय... भोपाल त्रासदी, सिख विरोधी दंगे.. कैमरे में कैद किया भारत का इतिहास

# रघु जी की खींची गई 'हजारों तस्वीरें' आने वाली पीढ़ियों को भारत की 'दृश्य कहानियां सुनाती रहेंगी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत की फोटो पत्रकारिता के पुरोधा और दुनिया भर में अपनी अनूठी दृष्टि के लिए विख्यात दिग्गज फोटोग्राफर रघु राय का रविवार को 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके जाने से कला, मीडिया और फोटोग्राफी जगत में एक अपूरणीय शून्य पैदा हो गया है। रघु राय केवल एक फोटोग्राफर नहीं थे, बल्कि उन्हें 'भारत की तस्वीरों के जरिए दुनिया ▶▶ शेष पेज 4 पर

*पीएम नरेंद्र मोदी ने राय को श्रद्धांजलि देते हुए कहा - भारत की जीवंतता को उन्होंने लेंस से कैद किया*

### साधारण पलों को खास बनाने वाला जादूगर

रघु राय की सबसे बड़ी खूबी उनकी कैमरा नजर थी। वह आम जिंदगी के उन छोटे-छोटे पलों को भी इस तरह कैद करते थे कि वे एक कालजयी कहानी बन जाते थे। उनकी तस्वीरों में बनारस के घाटः जहां आध्यात्मिकता और जीवन का संगम दिखता था। भारतीय गलियां और भीड़ः जिनमें भारत की असली धड़कन सुनाई देती थी। ग्रामीण जीवनः जिसमें सादगी और संघर्ष के रंग घुले ▶▶ शेष पेज 4 पर

### बंटवारे के दर्द से 'मैग्नम फोटोज' तक का सफर

18 दिसंबर 1942 को अविभाजित भारत के अंग (अब पाकिस्तान) में जन्मे रघु राय का परिवार विभाजन के बाद भारत आ गया। उन्होंने 23 साल की उम्र में अपने बड़े भाई एस. पॉल के मार्गदर्शन में कैमरा थामा। उनकी प्रतिभा इतनी प्रखर थी कि महान फ्रांसीसी फोटोग्राफर हेनरी कार्टियर-ब्रेसों ने 1977 में उन्हें दुनिया की प्रतिष्ठित एजेंसी मैग्नम फोटोज ▶▶ शेष पेज 4 पर

# हरिभूमि

समाचार ही नहीं, विचार भी

# सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026

## प्रथम उपहार 1 कार



### द्वितीय उपहार
**3 नग बाईक**



### तृतीय उपहार
**10 नग LED TV**



### चतुर्थ उपहार
**5 नग फ्रीज**



### पांचवा उपहार
**8 नग वासिंग मशीन**



### छठवां उपहार
**15 नग गैस चूल्हा**



### सातवां उपहार
**25 नग सिलिंग फैन**



### आठवां उपहार
**40 नग ट्राली बैग**



### नवां उपहार
**500 नग हॉट पॉट**



### दसवां उपहार
**600 नग लंच बाक्स**



### ग्यारहवां उपहार
**प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार**



**नियम एवं शर्तें :-** ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है । ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन ) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे । ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी । ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं । ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते ।

**आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें**

हरिभूमि कार्यालय : मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, 4 तल, पीवी 2, बी ब्लॉक, कमलापति रेल्वे स्टेशन के पास, शिवाजी नगर, भोपाल

**मो. 8770833858, 8349245522**

भोपाल
सोमवार, 27 अप्रैल 2026
वैशाख मास शुक्ल पक्ष -11
वर्ष : 13, अंक : 25
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 44
न्यून. 30

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

13
158 रन पर चेन्नई अपने घर में ढेर...



विचार पेज
06 ज्यादा मतदान होने के किंतु-परंतु

कब्जा हटाने पहुंचे थे करीब 500 अधिकारी और कर्मचारी

# झांझर के जंगल में वन और पुलिस टीम पर हुआ हमला, 150 अतिक्रमणकारियों ने किया पथराव, वनकर्मी समेत 4 घायल

- जंगल की सैकड़ों हेक्टेयर जमीन पर अवैध कब्जा
- कुछ ने फसल बोने के लिए खेत तैयार कर लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुरहानपुर वनमंडल की नेपा रेंज के ग्राम झांझर के जंगल की सैकड़ों हेक्टेयर जमीन पर अतिक्रमणकारियों ने अवैध कब्जा कर रखा है, इन्हें हटाने के लिए रविवार को करीब 500 पुलिस और वन अफसर-कर्मचारी जेसीबी के साथ जंगल की ओर आते दिखे अतिक्रमणकारियों ने पथराव शुरू कर दिया। पथराव में वन कर्मी समेत चार घायल हो गए। बुरहानपुर वनमंडल की नेपा रेंज के ग्राम झांझर के जंगल में लंबे समय से अतिक्रमणकारी सक्रिय हैं। जंगल की सैकड़ों हेक्टेयर जमीन पर अतिक्रमणकारियों ने अवैध कब्जा कर रखा है, जहां कुछ ने फसल बोने के लिए खेत तैयार कर लिए हैं। इन्हें हटाने के लिए रविवार को करीब 500 पुलिस और वन अफसर-कर्मचारी पहुंचे। जैसे ही जेसीबी के साथ अमला जंगल की ओर आता दिखा 150 से ज्यादा अतिक्रमणकारियों ने पथराव शुरू कर दिया।



बड़ी संख्या में जेसीबी पहुंची। इंसेट में घायल का बयान लेती पुलिस

### एक दिन पहले बुरहानपुर पहुंचा था फॉरेस्ट-पुलिस फोर्स

अतिक्रमण हटाने के लिए चार जिलों की फॉरेस्ट और लोकल पुलिस टीम शनिवार शाम बुरहानपुर पुलिस लाइन पहुंच गई थी। जिसमें बुरहानपुर के अलावा खंडवा, खरगोन और बड़वाह का वन अमला शामिल हैं। करीब 500 से ज्यादा अफसर-कर्मचारी रविवार सुबह जंगल की ओर निकले। कब्जा हटाने के लिए जेसीबी, ट्रैक्टर-ट्रॉलियां लेकर पहुंचे। बुरहानपुर जिला अस्पताल में भर्ती घायल जेसीबी ऑपरेटर कमल बंसल के मुताबिक सुबह जैसी से कब्जा हटाने की कार्रवाई शुरू की, करीब 11 बजे के आसपास पूरे अमले पर पथराव शुरू हो गया। एक पत्थर मेरे सिर पर पड़ा और स्टेयरिंग से नियंत्रणा खो बैठा और जेसीबी सहित पलटी खाकर गिर पड़ा।

### दो साल पहले 17 दिन में जंगल से हटाया था अतिक्रमण

पथराव के बाद पुलिस और वनकर्मी जान बचाने भाग निकले। डीएफओ विद्याभूषण सिंह के मुताबिक अतिक्रमणकारियों को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। एसडीओ अजय सागर ने बताया कि हमले में जेसीबी चालक घायल हो गया है। इससे पहले अप्रैल 2023 नेपानगर रेंज के पांच क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाया था। करीब 17 दिन तक फॉरेस्ट और पुलिस टीम क्षेत्रों में जमी रहीं। जिसके बाद घाघरला, नावरा, बाकड़ी, सीवल और ▶▶ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### बाबा महाकाल के दर पर नगालैंड के राज्यपाल

**उज्जैन।** नगालैंड के राज्यपाल नंद किशोर यादव रविवार को धार्मिक नगरी उज्जैन के प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। राज्यपाल यादव विशेष रूप से सुबह होने वाली भगवान महाकाल की दिव्य भस्म आरती में सम्मिलित हुए। राज्यपाल नंद किशोर यादव ने मंदिर के नंदी हॉल से भगवान महाकाल की भस्म आरती के दर्शन किए।



### क्रिप्टोकरेंसी के नाम पर डेढ़ करोड़ की ठगी

**ग्वालियर।** क्रिप्टोकरेंसी में निवेश का झांसा देकर फैक्ट्री संचालक से एक करोड़ 41 लाख रुपए ठगी मामले में साइबर क्राइम पुलिस ने दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों ने साइबर ठगों को कमीशन पर अपना बैंक खाता उपलब्ध कराया था। दोनों के जॉइंट खाते में ठगी की रकम का हिस्सा 10 लाख 50 हजार रुपए पहुंचा था। जबकि 1 करोड़ 68 लाख का आरोपियों के खाते में ट्रांजेक्शन मिला है।



### सीएम रेखा मां वैष्णो देवी के दरबार पहुंची

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मां वैष्णो देवी के दर्शन किए। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि मां की आराधना करते हुए मैंने प्रार्थना की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की करे, आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि देश खुशहाल रहे, समृद्ध रहे, मां से मैंने यही प्रार्थना की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने लिखा कि जम्मू एयरपोर्ट उनका बहनों ने स्वागत हुआ।



विधानसभा का 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर एक दिवसीय विशेष सत्र आज

# 33 फीसदी आरक्षण लागू करने के लिए अधिनियम पर प्रस्तुत होगा 'संकल्प'

विशेष सत्र के हंगामेदार होने के आसार। कांग्रेस आक्रामक रहेगी। वह सत्ता पक्ष के किसी भी तरह के निंदा प्रस्ताव का विरोध करेगी

इसमें परिसीमन प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने की मांग भी

- *कांग्रेस व सहयोगी दलों के संसद में पैदा किए गए गतिरोध पर निंदा प्रस्ताव भी पास होगा*
- *हालांकि, संकल्प में इस बात का कोई जिक्र नहीं*





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र विधानसभा का विशेष सत्र आज सोमवार को सुबह 11 बजे से आहूत किया गया है। सत्र में सबसे पहले निधन का उल्लेख होगा। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नारी शक्ति वंदन अधिनियम के सर्वांगीण विकास व सशक्तिकरण के लिए एक तिहाई आरक्षण परिसीमन की प्रक्रिया पूरी कर तत्काल प्रभाव से लागू करने का संकल्प प्रस्तुत करेंगे। इस तरह का संकल्प देश के कई राज्यों के विधानसभाओं में प्रस्तुत किया गया है। इस मुद्दे पर विपक्षी कांग्रेस की ओर से लोकसभा में शुरू किए गए गतिरोध पर एक निंदा प्रस्ताव भी पारित किया जाएगा। हालांकि, संकल्प में इस बात का जिक्र नहीं है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में आहूत मप्र ▶▶ शेष पेज 4 पर

### व्यापक जनसमर्थन जुटाने की यह कोशिश

विधानसभा का विशेष सत्र ऐसे समय बुलाया गया है, जब लोकसभा में परिसीमन के बाद महिला आरक्षण से जुड़ा विधेयक पारित नहीं हो सका, जिसके बाद प्रदेश में सियासी माहौल गरमा गया है। भाजपा सरकार इसे महिलाओं के अधिकारों का मुद्दा बताते हुए व्यापक जनसमर्थन जुटाने की कोशिश कर रही है। विशेष सत्र के दौरान महिला आरक्षण, परिसीमन की प्रक्रिया, और राज्य व केंद्र सरकार की महिला हितैषी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा होने की संभावना है। विपक्षी कांग्रेस पार्टी ने भी इसके लिए अच्छी खासी तैयारी कर रखी है। वह सत्ता पक्ष के किसी भी तरह के निंदा प्रस्ताव का विरोध करेगी। विशेष सत्र के दौरान विपक्ष की तरफ से विधानसभा में तीखी ▶▶ शेष पेज 4 पर



### पैदल मार्च निकालकर कांग्रेसियों ने कहा

## महिलाओं लिए 543 लोकसभा सीटों में ही 33 फीसदी आरक्षण करें लागू

रविवार को भोपाल में प्रदेश कांग्रेस ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम और महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग को लेकर प्लेटिनम प्लाजा से रोशपुरा तक पैदल मार्च निकाला। पैदल मार्च के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार आरक्षण लागू करने में जानबूझकर देरी कर रही है, जबकि उनकी मांग है कि मौजूदा 543 लोकसभा सीटों में ही तत्काल 33 फीसदी आरक्षण लागू किया जाए। पीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि कांग्रेस सोमवार के विधानसभा सत्र में पटल पर यह मांग रखने वाली है कि महिलाओं को विधानसभा में आज की स्थिति में आरक्षण प्रदान किया जाए। हम इसका समर्थन करेंगे। पैदल मार्च में शामिल नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि भाजपा आज नारी सशक्तिकरण की बात करती है, लेकिन भाजपा अपनी ही पार्टी की सशक्त महिलाओं को किनारे लगा रही है। वसुंधरा राजे राजस्थान की राजनीति से गायब कर दी गई। मप्र में उमा भारती, कुसुम ▶▶ शेष पेज 4 पर

श्योपुर में एनएच के पास मिली थी मासूम

# बिजनेस में घाटा हुआ तो दंपती ने मनहूस मान श्योपुर में फेंका

*इंदौर की ब्यूटी पार्लर की ऑनर से 1 लाख में खरीदी थी ये बच्ची*



आरोपी आकाश मूंदड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर पुलिस की टीम इंदौर में एक ब्यूटी पार्लर संचालिका की तलाश कर रही है, जिससे आरोपी पति आकाश मूंदड़ा और पत्नी कृतिका ने मासूम बच्ची को 1 लाख रुपए में खरीदा था। आरोपी दंपती ने पुलिस पूछताछ में यह बात कबूल की है। जिसके बाद पुलिस टीम इंदौर पहुंची है। पुलिस पूछताछ में आकाश और कृतिका ने कबूल किया कि उन्होंने बिजनेस में घाटा होने पर बच्ची को श्योपुर में फेंक दिया था। कृतिका ने पूछताछ में बताया है कि बच्ची के घर लाने के बाद से दंपती में विवाद शुरू हो गए थे। आकाश के मुताबिक कृतिका बच्ची को प्रताड़ित करती थी।

### सोंईकलां में बच्ची को फेंक बालाजी दर्शन करने पहुंचे

बच्ची को लेकर आए दिन झगड़ों के बाद दंपती ने उसे छोड़ने का फैसला किया। 18 अप्रैल को दर्शन के लिए आकाश और कृतिका मेहंदीपुर बालाजी मंदिर जा रहे थे, इस दौरान श्योपुर जिले की सोंईकलां में बस्ती के पास बच्ची को यह सोचकर बच्ची को फेंक दिया कि कोई उसे अपना लेगा।

आश्रम से चुराई 5 गाय, रेलवे ट्रैक पर बांधीं, ट्रेन के चपेट में आने से मौत

# हिन्दू संगठन का 3 घंटे प्रदर्शन कार्यकर्ता बोले- आरोपी तीन दिन में गिरफ्तार करे पुलिस

आश्रम के कर्मचारियों का दो दिन पहले किसी से विवाद हुआ था, जिसे घटना से जोड़कर देखा जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



हरदा जिले के टिमरनी थाना क्षेत्र में गंजालेश्वर आश्रम से पांच गोवंशीय पशुओं को चुराकर रेलवे ट्रैक पर बांधने का मामला सामने आया है। शनिवार रात हुई इस घटना में ट्रेन की चपेट में आने से सभी मवेशियों की मौत हो गई। रविवार सुबह छिदगांव मेल क्षेत्र में ट्रैक के पास शव मिले, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की। जानकारी के अनुसार, अज्ञात आरोपियों ने आश्रम से मवेशियों को चुराया और उन्हें रस्सी से रेलवे ट्रैक पर बांध दिया। इसके बाद ट्रेन गुजरने से सभी पशु उसकी चपेट में आ गए। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी रही। सूत्रों के अनुसार, आश्रम के कर्मचारियों का दो दिन पहले किसी से विवाद हुआ था, जिसे घटना से जोड़कर देखा जा रहा है। घटना के विरोध में हिंदूवादी संगठनों ने करीब तीन घंटे तक प्रदर्शन किया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने प्रशासन को तीन दिन का समय देते हुए कार्रवाई की मांग रखी। एसडीओपी आकांक्षा तलया ने बताया कि अज्ञात आरोपियों के खिलाफ ▶▶ शेष पेज 4 पर

गेहूं खरीद की यह व्यवस्था इंदौर से शुरू

# जिनके घर शादी-ब्याह या गमी उनका गेहूं पहले खरीदा जाएगा

50% चमक विहीन गेहूं भी खरीदेगी सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



गेहूं खरीद की यह नई व्यवस्था इंदौर जिले में शुरू हुई है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने विशेष परिस्थितियों वाले किसानों के लिए यह पहल शुरू की है। किसान शादी या गमी की पत्रिका दिखाकर अपना स्लॉट बुक करा सकेंगे। अब विशेष परिस्थितियों वाले किसानों का गेहूं पहले खरीदा जाएगा। इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि विशेष परिस्थिति वाले किसानों की उपज का तत्काल और प्राथमिकता के साथ तौल किया जाएगा। खरीदी के बाद ▶▶ शेष पेज 4 पर

जून में फ्रांस में होगी जी-7 समिट

# ईरान युद्ध के बीच ट्रंप और पीएम मोदी की मुलाकात के आसार बने

दोनों देशों के विदेश मंत्री भी मिलेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधामनंत्री नरेंद्र मोदी की मुलाकात होने के आसार हैं। अगले महीने यह मुलाकात शेड्यूल है, जिसकी तैयारी चल रही है।

इस मुलाकात से पहले दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की मुलाकात भी हो सकती है। फ्रांस में जून महीने में जी-7 समिट होने वाली है, जिसमें दोनों राष्ट्राध्यक्ष मिल सकते हैं। दोनों के बीच ईरान युद्ध, मिडिल ईस्ट के हालात पर चर्चा के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी हो सकती है। समिट से पहले अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो मई में दिल्ली आएंगे और भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर से मुलाकात करेंगे। मार्को रुबियो भारतीय ▶▶ शेष पेज 4 पर



### फरवरी 2025 में हुई थी पिछली मुलाकात

पिछली बार दोनों की मुलाकात फरवरी 2025 में हुई थी। इसके बाद अब तक दोनों के बीच फोन पर बातचीत होती रही है। लेकिन अब दोनों के बीच फ्रांस में औपचारिक बैठक हो सकती है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने प्रधानमंत्री मोदी को समिट में शिरकत करने का न्योता दिया है। लेकिन अभी ▶▶ शेष पेज 4 पर

कोलकाता ने जीता आईपीएल 2026 का पहला सुपर ओवर मैच

# रिंकू का जलवा....83 रन बनाने के साथ 5 कैच भी लपक लिए

सुपर ओवर में पहली ही गेंद पर रिंकू ने चौका जड़कर दिलाई टीम को जीत

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

आईपीएल 2026 में रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जॉयंटस के बीच हुआ मुकाबला काफी रोमांचक रहा। इस बेहद कश्मकश भरे मैच में जीत कोलकाता नाइट राइडर्स की हुई। वहीं पूरे मैच में कोलकाता के रिंकू सिंह छाए रहे। उन्होंने न केवल अपने बल्ले से 51 गेंदों पर 83 रन ठोके, बल्कि फील्डिंग में भी कमाल दिखाते हुए पांच कैच उनकी उंगलियों से होकर हथेली में फंसे।



दरअसल, यह पहला मैच था जो निर्णय के लिए सुपर ओवर में पहुंचा। इसके पहले, इकाना स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी करते हुए कोलकाता ने 20 ओवर में 7 विकेट पर ▶▶ शेष पेज 4 पर

### ऐसा रहा सुपरओवर का रोमांच

- लखनऊ की तरफ से बल्लेबाजी के लिए निकोलस पूरन और एडेन मार्करम आए
- केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने गेंदबाजी का जिम्मा सुनील नरेन को सौंपा
- पहली गेंद पर पूरन बोल्ड हुए इसके बाद बल्लेबाजी के लिए ऋषभ पंत आए
- पंत ने एक रन चुराया। अब स्ट्राइक ▶▶ शेष पेज 4 पर

आज भारत-न्यूजीलैंड के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट होगा

दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होगा कार्यक्रम

# देश में आएंगे 20 अरब डॉलर, निर्यातकों को मिलेगी बड़ी राहत, बड़ा मास्टरस्ट्रोक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया के एक हिस्से में जहां अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध जैसे हालात बने हुए हैं और ग्लोबल टेंशन चरम पर है, वहीं भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा 'मास्टरस्ट्रोक' खेल दिया है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) पर सोमवार को आधिकारिक मुहर लगने जा रही है। इस समझौते से न केवल दोनों देशों के बीच व्यापार दोगुना होगा, बल्कि भारतीय निर्यातकों के लिए भी यह बड़ी राहत लेकर आएगा, जो वर्तमान में मिडिल ईस्ट के तनाव के कारण परेशान हैं। दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री टॉड मैक्ले इस ऐतिहासिक डील पर साइन करेंगे। इस समझौते के जरिए अगले 15 सालों में भारत में 20 अरब डॉलर (करीब 1.6 लाख करोड़ रु.) का भारी-भरकम विदेशी निवेश आने की उम्मीद है। गौर हो कि दोनों देशों ने अगले 5 वर्षों में आपसी व्यापार को 5 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा है।



न्यूजीलैंड के उद्योग मंत्री टोड मैक्ले एवं पीयूष गोयल (फाइल फोटो)

### आम आदमी और कारोबारियों को क्या मिलेगा?

इस समझौते के तहत भारतीय कंपनियों को न्यूजीलैंड के बाजार में 'ड्यूटी-फ्री' यानी बिना किसी सीमा शुल्क के एंट्री मिलेगी। भारतीय पेशेवरों के लिए न्यूजीलैंड में अस्थायी वर्किंग वीजा पाना आसान होगा। भारत की दवाओं, मेडिकल उपकरणों और चमड़ा उत्पादों के एक्सपोर्ट को बड़ा बूस्ट मिलेगा। आगरा के चमड़ा निर्यातकों के लिए विदेशी बाजार के दरवाजे खुल जाएंगे।

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 27 अप्रैल 2026




# प्रदेश का पहला टैक्सटाइल रिसाइकल प्लांट जलकर खाक, 150 टन से ज्यादा टैक्सटाइल कचरा जला, इलाका हुआ 'गर्म'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गोविंदपुरा में नगर निगम के ट्रांसफर स्टेशन रविवार की देर रात लगी आग से परिसर में स्थित मप्र का पहला टेक्सटाइल रिसायकल प्लांट जलकर पूरी तरह से खाक हो गया। यहां लगी मशीनरी झुलस गई। यही नहीं रिसाइयल होने के लिए प्लांट के पीछे मैदान, शेड और बाहर रखा 150 टन से ज्यादा टेक्सटाइल कचरा पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। आग इतनी भयावह थी कि उस पर सुबह 6 बजे तक काबू पाया जा सका, जबकि कचरे के ढेर से धुआं सुबह आठ बजे तक उठता रहा और दमकलों से पानी का छिड़काव करने में फायर फाइटर्स लगे रहे। रविवार को दोपहर करीब 12 बजे तक दमकलों की आवाजाही चलती रही। इससे इलाके का पारा चढ़ गया और तपती गर्मी के बीच लोग गर्मी कुछ ज्यादा ही महसूस करते रहे। निगम का फायर अमला, वरिष्ठ अधिकारी रात भर मौके पर मौजूद रहे। आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका। निगम आयुक्त ने प्लांट के कर्मचारियों से भी पूछताछ की है। आग की सूचना मिलते ही बडी संख्या में पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया था।

गोविंदपुरा ट्रांसफार्मर स्टेशन परिसर में एक साल पहले नगर निगम ने टेक्सटाइल रिसायकल प्लांट लगाया था। शेड निगम ने बनवाया था और यहां लगी मशीनें वेंडर की थीं। निगम की आरआरआर गाड़ियां घर-घर जाकर, नेकी की दीवार और अन्य कलेक्शन पॉइंट्स से पुराने कपड़े इकट्ठा करती थीं और उक्त प्लांट तक पहुंचाती थी। यहां एकत्र होने वाले कपड़े को रीसाइकल प्लांट में वैज्ञानिक तरीके से प्रोसेस कर उनसे औद्योगिक धागा तैयार किया जाता था। यह प्लांट शहर से एकत्र होने वाले टेक्सटाइल कचरे के निस्तारण और कचरा प्रबंधन के लिए स्थापित किया गया था। खराब और कटे-फटे कपड़ों को विशेष मशीनों (क्लॉथ शेडर) के जरिए छोटे-छोटे रेशों में बदला जाता था। इन रेशों को प्रोसेस करके औद्योगिक ग्रेड का धागा तैयार किया जाता था। पीपीपी मॉडल पर इसका संचालन होता था।

1 गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन में लगी यूनिट में लगी आग बुझाने का काम सुबह 8 बजे तक चला

2 परिसर के पीछे कचरे के ढेर से 9 घंटे बाद भी निकलता रहा धुआं, क्षेत्र का पारा चढ़ा

3 रविवार रात 12.30 लगी थी आग, दोपहर 12 बजे तक जारी रही दमकलों की आवाजाही


आग इतनी भीषण थी कि रविवार दोपहर तक सुलगती रही। वहीं दोपहर तक इस आग को दमकल कर्मी भी बुझाते रहे।

### गनीमत रही, प्लांट तक नहीं पहुंची आग

निगम के फायर फाइटर्स ने सबसे पहले आग का फैलाव रोकने रिसायकल प्लांट की ओर से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। वरन इस आग की चपेट में कचरा ट्रांसफार्मर स्टेशन आ सकता था जो महज आठ से दस मीटर की दूरी पर ठीक सामने ही था। वहीं करियर कालेज और कस्तूरबा अस्पताल वाले रोड की ओर से झाडियों के बीच से आग पर काबू पाने और उसका फैलाव रोकने के लिए फायर फाइटर्स को मशक्कत करना पडी।

### तड़के 3.30 बजे निगम कमिश्नर मौके पर पहुंचीं

निगम कमिश्नर संस्कृति जैन तड़के 3.30 बजे मौके पर पहुंची। उस समय भी आग पर काबू पाने में फायर टीम जुटी हुई थी। निगम के फायर अधिकारी सौरभ पटेल रातभर मौके पर मौजूद रहे। वे गिरकर घायल भी हो गए। उन्हें मामूली चोट आई है। उनके अलावा निगम के अन्य अधिकारी, स्वास्थ्य अमला जुटा रहा।

### बस्ती में दहशत, रात भर जागे कई परिवार

प्लांट के पास अन्ना नगर और करियर कॉलेज के पास बस्ती के कई परिवार आग का विकराल रूप देखकर अपने-अपने घरों से निकल गए। सुरक्षा की दृष्टि से कुछ परिवारों को हटाया गया। बड़ी संख्या में इन बस्तियों के लोग रात पर जागते रहे।

### घटना की जांच के लिए पुलिस को लिखा पत्र

निगम कमिश्नर संस्कृति जैन ने बताया कि घटना बेहद दुखद है। आग से निगम का शेड और मशीनरी पूरी तरह से जल गई। प्लांट के कर्मचारियों से बातचीत की है। आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका। इसकी जांच के लिए पुलिस का पत्र लिखा है।

### वेंडर बोले-इस आग से डेढ़ करोड़ का नुकसान

टेक्सटाईल रिकवरी फेसिलिटी का संचालक हैरी पवानी ने बताया कि बीते एक माह से रोज दो से तीन टन कपड़ा निगम के वाहन से आ रहा था। जबकि प्लांट की क्षमता एक टन की है। इसलिए कपड़ों का ढेर लग गया। इसमें आग लगने से प्लांट तक आग पहुंच गई। इससे करीब डेढ़ करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

### 1 माह से बंद था प्लांट वेंडर को दिए थे नोटिस

उक्त प्लांट एक माह से बंद था। इसकी क्षमता 1 टन टेक्सटाइल कचरे को रिसाइकल करने की थी। बताया जा रहा है कि बीते एक माह से रोज दो से तीन टन निगम के वाहन पहुंचा रहे थे। जानकारों की मानें तो 150 टन से ज्यादा टेक्सटाइल कचरे का ढेर हो गया था, जिसमें आग लगी और उसकी चपेट में टेक्सटाइल यूनिट भी आ गई। यूनिट बंद होने के कारण वेंडर को कई बार नोटिस भी दिए गए।

---

### रीशेड्यूल मैसेज देकर यात्रियों को एयरपोर्ट पर ही रोके रखा

## घंटा दर घंटा इंतजार के बाद कर दी मुंबई उड़ान कैंसिल, यात्रियों ने किया खूब हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

भोपाल से मुंबई जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट (एआई 634) को दोपहर में घंटों इंतज़ार करने के बाद अचानक कैंसिल करने से यात्री भड़क गए और उन्होंने एयरपोर्ट पर जमकर हंगामा किया। बड़ी मुश्किल से उन्हें समझाया गया जिस के बाद कई यात्रियों ने टिकट कैंसिल करवा कर लिया।

बताया जाता है कि एयरपोर्ट पर सुबह से बार-बार 'रीशेड्यूल' का मैसेज देकर यात्रियों को एयरपोर्ट पर ही रोके रखा गया और शाम होते ही फ्लाइट रद्द कर दी। उड़ान कैंसिल होने से महिलाएं और बच्चे सोनम, मोना और छोटी बच्चियों सहित कई परिवार सुबह से एयरपोर्ट पर भूखे-प्यासे इंतज़ार करने को मजबूर हुए। इसके अलावा जिन यात्रियों की मुंबई से आगे की कनेक्टिंग फ्लाइट्स सेम पीएनआर थीं, उनका पूरा ट्रैवल प्लान बर्बाद हो गया।


एयरपोर्ट की परेशान यात्री।

### आने वाली फ्लाइट की हुई सेफ लैंडिंग

एयरपोर्ट से प्राप्त आधिकारिक जानकारी के अनुसार एयर इंडिया की फ़्लाइट एआई-633 (मुंबई से भोपाल) ने मुंबई से भोपाल की फ़्लाइट के दौरान एयर ट्रैफ़िक कंट्रोल को एक टेक्निकल दिक्कत की जानकारी दी। एटीसी ने तुरंत, सभी तय सेफ़्टी प्रोटोकॉल एक्टिवेट कर एयरलाइन का सफल ग्राउंड ऑपरेशन रेस्क्यू कर, जिसमें 175 लोग सवार थे। 15:20 बजे भोपाल एयरपोर्ट पर सेफ़ लैंड हुई। टेक्निकल दिक्कत की वजह से, एयरक्राफ़्ट को अनसर्विसेबल घोषित कर दिया गया, और सावधानी के तौर पर, स्टैंडर्ड सेफ़्टी प्रोसीजर के हिसाब से डिटेल्ड इंस्पेक्शन और सुधार के लिए एयरलाइंस ने वापसी की फ़्लाइट एआई-634 (भोपाल से मुंबई) कैंसिल कर दी। कैंसलेशन से 3 छोटे बच्चों समेत कुल 178 पैसेंजर प्रभावित हुए।

### ग्राउंड स्टाफ रहा नदारद

आश्चर्य की बात तो यह कि फ्लाइट कैंसिल होने के बाद इंडियन एयरलाइंस का ग्राउंड स्टाफ नज़र नहीं आया। राजा भोज एयरपोर्ट पर यात्रियों का गुस्सा फूट पड़ा और काफ़ी देर तक हंगामा किया। एक यात्री आंनद शर्मा ने बताया कि पहेले तो घंटों इंतज़ार कराया बाद में फ्लाइट कैंसिल होने की घोषणा की जिससे यात्रियों में गहरा आक्रोश था।

### 86 यात्रियों को दिया रिफंड

एयरलाइन ने यात्रियों को ज़रूरी मदद दी। जिसमें 86 यात्रियों ने रिफ़ंड दिया गया। 81 यात्रियों की टिकट अगले दिन के लिए रीशेड्यूल की गई 8 यात्रियों को होटल में रहने की जगह दी गई इसके आलवा 2 यात्रियों के लिए ट्रांसपोर्ट का इंतज़ाम किया गया। सभी प्रभावित यात्रियों को खाना और नाश्ता दिया गया।

---

## अवधपुरी में मोमबत्ती जलाकर जताया शराब दुकान का विरोध

### दुष्प्रभावों से लोगों को किया जागरूक, दिलाया नशामुक्ति का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अवधपुरी में शराब दुकान के विरोध में चल रहे धरना-प्रदर्शन के 23वें दिन आंदोलनकारियों ने मोमबत्तियां जलाकर अपना विरोध दर्ज कराया। यहां से निकलने वाले लोगों को नशामुक्ति को लेकर संकल्प दिलाया। रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम में अवधपुरी की लगभग 23 कॉलोनियों के रहवासियों ने भाग लिया। शुभालय विलास, प्रगति नगर, पलाश परिसर, अवंतिका एवेन्यू, इंदिरा विहार, आधारशिला, ऋषिपुरम, अविनाश नगर और पूर्वी अवधपुरी सहित कई क्षेत्रों के नागरिक इस अवसर पर एकत्रित हुए। धरने पर मौजूद लोगों ने कहा कि शुभालय विलास के सामने संचालित शराब की दुकान क्षेत्र के सामाजिक और सांस्कृतिक माहौल को प्रभावित कर रही है। इसे हटाने की मांग को लेकर सभी रहवासी एकजुट हैं। मोमबत्ती जलाकर लोगों को शराब के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर समाज को नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

रहवासियों का कहना है कि यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक शराब की दुकान को हटाकर क्षेत्र को पूरी तरह सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण नहीं दिया जाता।


अवधपुरी में मोमबत्तियां जलाकर विरोध व्यक्त करते रहवासी।

---

### जंबूरी मैदान में प्रदेशभर से जुटेंगे समाजजन

## लोधी महासभा कल, बदली रहेगी राजधानी की यातायात व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मंगलवार सुबह 11 बजे से अखिल भारतीय लोधी महासभा मप्र द्वारा जननायक राजा हिरदेशाह लोधी के जन्म दिवस को जंबूरी मैदान में शौर्य दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस आयोजन में बड़ी संख्या में प्रदेशभर से समाज के लोग शामिल होंगे। यातायात पुलिस की ओर से मंगलवार को यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है। जिसके अनुसार नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, बालाघाट, सिवनी, मंडला, सतना, मैहर कटनी से आने वाली बसें (पीला स्टीकर) होशंगाबाद रोड, मिसरोद, आशिमा मॉल, आरआरएल तिराहा, एम्स रोड, से जंबूरी पहुंचेंगी और जेवियर स्कूल के पीछे पार्किंग में पार्क होगी। वहीं रायसेन, विदिशा, सागर, पन्ना, टीकमगढ़, छतरपुर, अशोकनगर, निवाड़ी से आने वाली बसें (हरा स्टीकर)-रायसेन बायपास से पटेल नगर खजुरी गांव होकर जंबूरी मैदान में मंच के दाईं ओर पार्क होंगी।

---

### जेके तिराहे से पिपलानी तक पिलर का काम अंतिम चरण में

## ब्लू लाइन के पिलर तैयार, गर्डर लांचिंग के दौरान मेन रोड होगा बंद, सर्विस लेन से गुजरेंगे वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर के भदभदा चौराहे से रत्नागिरी तक मेट्रो की ब्लू लाइन के निर्माण कार्य के दौरान जेके तिराहे से जुबली गेट तक पिलर बनाने का काम अंतिम चरण में है। भारी-भरकम मशीनरी से काम के दौरान मेन रोड से यातायात को कई बार डायवर्ट किया जा रहा है। दरअसल, जेके तिराहे से पिपलानी पेट्रोल पंप तक अधिकांश पिलर बनकर तैयार हो गए हैं और यहां गर्डर लांचिंग की तैयारी है। हालांकि मेट्रो प्रशासन का कहना है कि गर्डर लांचिंग का काम देर रात किया जाएगा, ताकि यातायात का दबाव कम रहे। इसके लिए रूट बंद किया जाएगा। आवाजाही के लिए दोनों तरफ की सर्विसलेन खुली रहेगी।

भदभदा चौराहा से रत्नागिरी तिराहा तक निर्माणाधीन मेट्रो की ब्लू लाइन का काम तेजी से चल रहा है। सोनागिरी से रत्नागिरी तिराहे तक पिलर बनाने का काम तेजी से चल रहा है जबकि जेके तिराहे से पिपलानी पेट्रोल पंप तक पिलर बन चुके हैं। इनके लिए ब्लॉक आने की तैयारी की जा रही है। मेट्रो प्रशासन का कहना है कि जैसे-जैसे ब्लॉक आएंगे इनकी लांचिंग शुरू हो जाएगी।


जेके तिराहे से पिपलानी पेट्रोल पंप के पिलर बनकर तैयार हो गए हैं।

### सुबह और देर रात सर्विसलेन से आवाजाही

जेके तिराहे से पिपलानी की ओर जाने के लिए सुबह और देर रात यातायात को डायवर्ट किया जा रहा है। भारी-भरकम मशीनरी से निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा को लेकर इस तरह का कदम उठाया जा रहा है। रविवार को भी सुबह मेन रोड से यातायात रोका गया।

### रात में भी चल रहा है निर्माण कार्य

आईटीआई से टीआरटी गोविंदपुरा और जेके तिराहे से पिपलानी पेट्रोल पंप तक मेट्रो ट्रैक निर्माण के लिए काम रात में भी चल रहा है। निर्माणकर्ता एजेंसी ने अलग-अलग चरणों में कर्मियों की ड्यूटी लगाई है। 24 घंटे निर्माण कार्य का उद्देश्य निर्धारित समय में काम पूरा करना है। इसके लिए शेड्यूल बनाया गया है। मेट्रो प्रशासन द्वारा निर्माणकर्ता एजेंसी से शेड्यूल बनाने का कहा था।

---

### करोंद में एक दिन छोड़कर होती है सप्लाई, अब सोमवार को मिलेगा पानी

## एनएचएआई ने फिर तोड़ी पाइप लाइन, दो लाख लोगों की सप्लाई बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अयोध्या बायपास रोड स्थित संजीव नगर में एक बार फिर एनएचएआई ने निर्माण कार्य के दौरान निगम की 500 मिमी व्यास की फीडर मेन पाइप लाइन तोड़ दी। इससे करोंद व उससे लगे इलाकों में दो लाख लोगों को पानी सप्लाई बाधित हो गई। उक्त क्षेत्र में एक दिन छोड़कर पानी सप्लाई होता है। शुक्रवार को जिन क्षेत्रों में पानी सप्लाई हुआ था वहां रविवार को सप्लाई होना था, लेकिन फाल्ट के चलते अब उन क्षेत्रों में सोमवार को पानी सप्लाई होगी। इससे भीषण गर्मी में एक बड़ी आबादी पानी के लिए परेशान हुई। निगम प्रशासन का कहना है कि एनएचएआई ने रोड निर्माण के दौरान पाइप लाइन तोड़ दी थी, जिसका मेंटेनेंस हो गया है और पानी की सप्लाई शुरू कर दी गई है।

रहवासियों ने बताया कि वे जानकारी के लिए जल कार्य विभाग के एई को मोबाइल पर कॉल किए, लेकिन अटैंड नहीं हुए। निगम के जल कार्य यंत्री उदित गर्ग का कहना है कि एनएचएआई द्वारा संजीव नगर में निर्माण कार्य के दौरान निगम की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसे सुधार दिया गया है और पानी की सप्लाई शुरू हो गई है।

### निगम का तर्क- मनुआभान टेकरी से सप्लाई बंद कर सुधारा फॉल्ट

### एक दिन छोडकर पानी सप्लाई से लोग परेशान


अयोध्या नगर बाइपास पर चल रहा निर्माण कार्य।

करोंद क्षेत्र के लोगों का कहना है कि गर्मी के दिनों में भी एक दिन छोडकर पानी सप्लाई हो रहा है। पाइप लाइन में फॉल्ट होने पर एक बडी आबादी को जल संकट से जूझना पडता है। निगम को रोज पानी की सप्लाई करना चाहिए।

### यहां टूटी थी पाइप लाइनें, सुधारने पर खर्च आया 19 लाख

अयोध्या बाइपास पर निर्माण के दौरान दामखेड़ा के पास 500 मिमी व्यास की फीडर मेन पाइप लाइन, सागर लैंडमार्क के पास 110 मिमी तथा पीपुल्स हॉस्पिटल के पास 355 मिमी व्यास की एचडीपीई पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हुई थीं। इसे सुधारने निगम पर 19 लाख रुपए से ज्यादा का आर्थिक बोझ पड़ा।

### एनएचएआई पर19 लाख रुपए लगा चुका है हर्जाना

अयोध्या बायपास रोड को टेन लेन किए जाने के निर्माण के दौरान पाइप लाइनों के टूटने के कई मामले इसके पहले भी सामने आ चुके हैं। बार-बार टूट रही पाइप लाइनों को लेकर बीते दिनों नगर निगम ने एनएचएआई को 19 लाख 49 हजार 400 रुपए की क्षतिपूर्ति राशि जमा कराने के लिए भेजे पत्र भी भेजा है, हालांकि यह राशि अब तक निगम के कोष में जमा नहीं करवाई गई है।

बिग अपडेट 2026 इंफेकॉन का समापन

# मरीजों की सुरक्षा के लिए उपकरणों की स्वच्छता उतनी ही जरूरी होती है, जितनी सफल प्रक्रिया

## एआई आधारित जांच, एंटीबायोटिक स्टेवार्डशिप और आधुनिक उपचार पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मरीजों की सुरक्षा के लिए उपकरणों की स्वच्छता उतनी ही जरूरी है जितनी सफल प्रक्रिया। उपकरण में संक्रमण से मरीजों में छोटी लापरवाही भी गंभीर स्थिति पैदा कर सकती है। गर्मियों और मानसून के समय दस्त के मामलों में तेजी आती है, ऐसे में समय पर फ्लूड मैनेजमेंट, संक्रमण की पहचान और उचित उपचार अत्यंत आवश्यक है।

यह जानकारी भोपाल इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एवं गैस्ट्रोकेयर मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल द्वारा आयोजित 11वां एनुअल नेशनल कॉन्फ्रेंस बिग अपडेट 2026 इंफेकॉन केसामपन अवसर पर देशभर के आए विशेषज्ञों ने दी। कांफ्रेंस में लीवर सिरोसिस मरीजों में होने वाले संक्रमण, समय पर पहचान और जीवनरक्षक उपचार पद्धतियों पर चर्चा की गई। इसके बाद आयोजित एंडोस्कोपी एंड इंफेक्शंस सिम्पोजियम में एंडोस्कोप उपकरणों की सफाई, डिसइन्फेक्शन, रीप्रोसेसिंग और संक्रमण रोकथाम के आधुनिक प्रोटोकॉल पर विशेषज्ञों ने




### फिटनेस एवं सक्रिय जीवनशैली के महत्व को समझा

जहांनुमा पैलेस में आयोजित इस दो दिवसीय सम्मेलन ने संक्रमण चिकित्सा, गैस्ट्रो रोगों और आधुनिक उपचार विज्ञान को नई दिशा देने का कार्य किया। देशभर से आए वरिष्ठ चिकित्सकों, विशेषज्ञों, शोधकतार्ओं और युवा डॉक्टरों ने अंतिम दिन भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। सम्मेलन के दूसरे और अंतिम दिन की शुरूआत हेल्थ एवं वेलनेस सत्र से हुई, जिसमें चिकित्सकों और प्रतिभागियों ने फिटनेस एवं सक्रिय जीवनशैली के महत्व को समझा।

डॉ. आईके चुघ, मीडिया प्रभारी

### डॉक्टरों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना

संक्रमण चिकित्सा का क्षेत्र लगातार बदल रहा है और ऐसे सम्मेलन डॉक्टरों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। समापन समारोह में उत्कृष्ट शोध प्रस्तुतियों और प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। सम्मेलन ने स्पष्ट किया कि संक्रमण से लड़ाई केवल दवाओं से नहीं, बल्कि ज्ञान, समय पर पहचान, तकनीक और सामूहिक चिकित्सा प्रयासों से जीती जा सकती है।

डॉ. संजय कुमार, कॉन्फ्रेंस ऑगेर्नाइजिंग




### लगातार बदल रहा संक्रमण चिकित्सा का स्वरूप

संक्रमण चिकित्सा का स्वरूप लगातार बदल रहा है और आज डॉक्टरों के लिए केवल पारंपरिक उपचार ज्ञान पर्याप्त नहीं है। नई बीमारियां, एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस, जटिल मरीजों की बढ़ती संख्या और तेजी से विकसित होती तकनीके हमें लगातार सीखने के लिए प्रेरित करती हैं।

डॉ. मृदुल कुमार डागा, दिल्ली

### संक्रमण प्रबंधन केवल दवा देने तक सीमित नहीं

आज के समय में संक्रमण प्रबंधन केवल दवा देने तक सीमित नहीं है, बल्कि सही समय पर पहचान, सटीक जांच, बहु-विषयक दृष्टिकोण और आधुनिक उपचार रणनीतियों का समन्वय आवश्यक है। ऐसे राष्ट्रीय सम्मेलन डॉक्टरों को नई रिसर्च, उन्नत तकनीकों और व्यावहारिक अनुभवों से जोड़ते हैं।

डॉ. सीसी चौबल, भोपाल

# आनंद धाम में किया वृद्धजन का स्वास्थ्य परीक्षण

**भोपाल।** नेशनल मेडिकोज ऑगेर्नाइजेशन मध्यप्रदेश एवं अनंत आरोग्य जनकल्याण समिति के सहयोग से आनंद धाम वृद्ध जन सेवा केंद्र पर एलन मेडिकल कॉलेज, गांधी मेडिकल कॉलेज, आरकेडीएफ मेडिकल कॉलेज एवं एम्स भोपाल के मेडिकल स्टूडेंट्स एवं चिकित्सकों ने वृद्ध जनों का हाल-चाल जाना तथा उनका स्वास्थ्य संबंधित परीक्षण किया। जिसमें एमबीबीएस के विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य जागरूकता के अंतर्गत सामान्य रोगों के प्रति जागरूकता पर चर्चा की।




श्री शिव शक्ति धाम आश्रम में श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन

# महिलाओं को नहीं करना चाहिए शिवलिंग का स्पर्शः पं. सुशील महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री शिव शक्ति धाम सिद्ध आश्रम में चल रही श्री शिव महापुराण की कथा के तीसरे दिवस रविवार को पंडित सुशील महाराज ने बताया कि महिलाओं को शिवलिंग का स्पर्श कभी नहीं करना चाहिए और न ही शिवलिंग पर चढ़ी हुई वस्तुओं को भाषण करना चाहिए। अन्यथा शिवलिंग का स्पर्श करने वाली महिलाओं के पति का विनाश सुनिश्चित हो जाता है। पंडित सुशील महाराज ने बताया कि




जब तारकेश्वर का वध करने के लिए सभी देवता भोले शिव के पास गए और देवताओं के कहने पर भोले शिव ने अपना वीर पाठ किया और उसे वीर पद को देवताओं के कहने पर अग्नि देवता ने भाषण कर लिया तब सती ने श्राप दिया था कि जिन देवताओं ने अग्नि देवता को उकसाया है और मेरे अधिकार का हनन किया है। मैं उन्हें श्राप देता हूं कि उन देवताओं के पेट में गर्भ ठहर जाए। शिवलिंग के ऊपर चढ़ाया गया का भाषण कभी भी किसी भी महिला को नहीं करना चाहिए। पं सुशील महाराज ने दूसरा उदाहरण कथा में देवराज के द्वारा शिवालय में चढ़े हुए शिवलिंग की प्रसाद को भाषण करने से उसका तप बढ़ गया और प्रणाम हो गया था। इसलिए शिवलिंग पर चढ़ी हुई सामग्री का भाषण कभी नहीं करना चाहिए। कथा के शुभ अवसर पर ग्राम निपानिया जाट से रघुवीर जाट और राम कुमार कुशवाहा द्वारा कथा वाचक पंडित सुशील महाराज को रामनवमी गमछा पहनाकर सम्मानित किया। शिव महापुराण की कथा आरती में जिला गुना से पधारे भगवत सिंह रघुवंशी, पप्पू चौधरी, भैरव सिंह रजक, श्याम सुंदर शर्मा, जमुना प्रसाद कुशवाहा, डॉ मायाराम अटल शामिल हुए।



## खबर संक्षेप

### बीएमडब्ल्यू ने एफ 450 जीएस बाइक लॉन्च की




**गोवा।** बीएमडब्ल्यू मोटरराड ने भारत में अपनी नई मिडिल-वेट एडवेंचर बाइक बीएमडब्ल्यू एफ 450 जीएस लांच कर दी है, जिसकी शुरुआती कीमत 4.70 लाख है। यह 420सीसी पैरेलल-ट्विन इंजन के साथ आती है, जो 48एचपी की पावर देता है। यह बाइक तीन वेरिएंट्स में उपलब्ध है और इसे टीवीएस के होसुर प्लांट में निर्मित किया गया है। इस अवसर पर बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के प्रेसीडेंट एवं सीईओ हरदीप सिंह ब्रार ने कहा कि भारत की विभिन्न सड़कों और राइडिंग की विभिन्न परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए लाई गई यह पेशकश प्रतिष्ठित जीएस डिजाइन, सुलभ परफोर्मेन्स एवं आधुनिक राइडर टेक्नोलॉजी का शानदार संयोजन है।

### एक्सिस बैंक का शुद्ध लाभ 7,071 करोड़ रु. रहा

**नई दिल्ली।** एक्सिस बैंक का वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही का शुद्ध लाभ 7,071 करोड़ रुपए रहा, जो पिछली तिमाही की तुलना में 9 प्रतिशत अधिक है। यह वृद्धि तिमाही दर तिमाही शुल्क वृद्धि में 8 प्रतिशत और परिसंपत्तियों की मजबूत गुणवत्ता के कारण हुई। जमा और अग्रिमों में तिमाही दर तिमाही 6 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई, जिसमें बचत में तिमाही दर तिमाही 7 प्रतिशत की अच्छी वृद्धि का योगदान रहा। तिमाही के दौरान बैंक ने लेंडिंग और कार्ड बिजनेस में मजबूत प्रदर्शन बनाए रखा। वित्त वर्ष 26 की चौथी तिमाही में बैंक ने लगभग 10 लाख नए क्रेडिट कार्ड जारी किए और कुल सक्रिय कार्ड्स में लगभग 14 फीसदी का बाजार हिस्सा बनाए रखा।

### सुप्रीम पावर को 128 करोड़ के नए ऑर्डर मिले

**चेन्नई।** सुप्रीम पावर इक्विपमेंट को अप्रैल में 128 करोड़ के नए ऑर्डर मिले, जिससे उसका कुल ऑर्डर बुक 577.72 करोड़ हो गया और ट्रांसफार्मर समाधानों की स्थिर मांग के बीच निकट भविष्य में राजस्व की संभावना मजबूत हुई। 24 अप्रैल 2026 को दोपहर 3:56 बजे की स्थिति के अनुसार कंपनी को अप्रैल 2026 के दौरान चार ऑर्डर मिले। 22 अप्रैल को मिले दो ऑर्डरों में 20 मेगावाट, 110/33-11 केवी पावर ट्रांसफार्मर की आपूर्ति के लिए 51.30 करोड़ रुपए और 160 मेगावाट, 220 केवी ट्रांसफार्मर के लिए 23.30 करोड़ रुपए शामिल हैं, दोनों के निष्पादन की समय सीमा लगभग 13 महीने है।

### एसएमएफजी को मिला 1,075 करोड़ का निवेश

**मुंबई।** सुमितोमो मित्सुई फाइनैंशियल ग्रुप (एसएमएफजी) ने राइट्स इश्यू के ज़रिए एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट (एसएमआईसीसी) में रु 1,075 करोड़ का निवेश कर भारतीय बाजार और कंपनी के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत बना लिया है। इस अवसर पर एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट के एमडी एवं सीईओ रवि नारायणन ने कहाकि हम विकास के अगले चरण में प्रवेश कर रहे हैं, ऐसे में एसएमएफजी से मिली यह पूंजी हमारी योजनाओं को अंजाम देने की हमारी क्षमता बढ़ाएगी।

### महिंद्रा फाइनेंस का मुनाफा 55 फीसदी बढ़ा

**मुंबई।** महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना स्टैंडअलोन कर पश्चात लाभ 55 फीसदी बढ़कर 873 करोड़ रुपए दर्ज किया है, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में 563 रुपए करोड़ था। एमडी और सीईओ राउल रेबेलो ने कहा कि वृद्धि, मार्जिन और जोखिम प्रबंधन में प्रगति अनुशासित क्रियान्वयन का परिणाम है, जिससे लाभप्रदता में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि मुख्य वाहन वित्त व्यवसाय, नए विकास क्षेत्रों और प्रौद्योगिकी में निरंतर निवेश से टिकाऊ वृद्धि और लाभप्रदता को समर्थन मिलेगा।

## एनटीपीसी करेगी दो नए परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित

# करीब 25,000 करोड़ रु. के निवेश से स्थापित होंगे 1000 एकड़ भूमि में दो नए न्यूक्लियर पावर प्लांट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और स्त्रोतों में विविधता लाने की दिशा में सार्वजनिक क्षेत्र की दिग्गज कंपनी एनटीपीसी एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। कंपनी बिहार में दो नए परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने पर विचार कर रही है, जिससे राज्य में बिजली उत्पादन और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। यहां इस प्रोजेक्ट से जुड़ी पूरी जानकारी हम आपको दे रहे हैं।

एनटीपीसी ने इस मेगा प्रोजेक्ट के लिए बिहार के बांका जिले का चयन किया है, जो राजधानी पटना से लगभग 250 किलोमीटर दूर स्थित है। योजना के तहत यहाँ 700-700 मेगावाट क्षमता की दो परमाणु इकाइयां स्थापित की जाएंगी।

**एनटीपीसी ने मेगा प्रोजेक्ट के लिए बिहार के बांका जिले का चयन किया**



इस पूरी परियोजना पर करीब 25,000 करोड़ रुपये का बड़ा निवेश होने का अनुमान है। प्रारंभिक आकलनों के अनुसार, इन दोनों परमाणु इकाइयों को स्थापित करने के लिए लगभग 1,000 एकड़ भूमि की आवश्यकता होगी।

उद्योग के जानकारों के मुताबिक, आमतौर पर एक गीगावाट (1000 मेगावाट) क्षमता वाले परमाणु संयंत्र को तैयार करने में 15,000 से 20,000 करोड़ रुपये तक का खर्च आता है।

### भारत सरकार ने साल 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा क्षमता हासिल करने का रखा बड़ा लक्ष्य

एक सरकारी अधिकारी के मुताबिक प्रस्तावित परमाणु इकाइयों के लिए फिलहाल व्यवहार्यता अध्ययन किया जा रहा है। जैसे ही यह अध्ययन पूरा हो जाएगा, उसके बाद विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इस प्रोजेक्ट को लेकर राज्य सरकार का रुख बेहद सकारात्मक है। बिहार सरकार ने परियोजना के लिए अपना पूरा सहयोग देने के साथ-साथ इसके लिए आवश्यक जल आपूर्ति सुनिश्चित करने का भी आश्वासन दिया है। यह प्रोजेक्ट भारत सरकार और एनटीपीसी के भविष्य के ऊर्जा लक्ष्यों का एक अहम हिस्सा है। भारत सरकार ने साल 2047 तक देश में 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा क्षमता हासिल करने का बड़ा लक्ष्य रखा है। इसी विजन के अनुरूप एनटीपीसी देश के विभिन्न स्थानों पर कुल मिलाकर लगभग 30 गीगावाट की परमाणु क्षमता स्थापित करने की योजना बना रही है। कंपनी का तात्कालिक लक्ष्य साल 2032 तक कम से कम 2 गीगावाट परमाणु क्षमता हासिल करना है।

## इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में खरीदारी की हलचल तेज

# ऐसी गर्मी...कूलर-पंखे के साथ एसी की बिक्री में आया 20 फीसदी का उछाल

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भीषण गर्मी के कारण राजधानी भोपाल सहित प्रदेश में एसी, कूलर और पंखों की बिक्री में भारी उछाल आया है। लोग बजट के अनुसार एयर कूलर (2,000-20,000 रुपए) और एयर कंडीशनर (20 हजार से 35 हजार रुपए ) से अधिक खरीद रहे हैं, जिससे इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में हलचल तेज हो गई है।

अधिक मांग और कच्चे माल की लागत बढ़ने से कूलर की कीमतों में 20 फीसदी तक की वृद्धि देखी जा रही है। लोग क्रॉम्पटन ऑप्टिमस, हैवेल्स, बजाज और सिम्फनी जैसे ब्रांड्स के कूलर पसंद कर रहे हैं। कूलर, एसी की तुलना में एक अधिक किफायती विकल्प के रूप में उभर रहा है, जो 6 हजार रुपए से भी कम कीमत में उपलब्ध हैं। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से गर्मी का सितम बढ़ने और लू के थपेड़े का अहसास होने लगा है।




**फाइव स्टार एसी और वाई-फाई एसी की ज्यादा डिमांड**

बढ़ी गर्मी की वजह से इन दिनों एयर कंडीशनर, एयर कूलर और नए जमाने के पंखे जो कि बिजली कम खर्च करते हैं, की बिक्री खूब बढ़ गई है। स्थिति यह है कि पिछले महीने तक जो लोग एयर कूलर खरीदने की सोच रहे थे, वे भी एसी खरीद रहे हैं। गर्ग ट्रेडर्स के संचालक राधेश्याम गर्ग के अनुसार गर्मी के सीजन वैवाहिकी मुहूर्तों का होने से कूलर की बिक्री पिछले साल के मुकाबले इस साल दोगुनी बिक्री हुई है।

इन दिनों फाइव स्टार एसी और वाई-फाई एसी की ज्यादा डिमांड है। इसके साथ ही बिजली बचाने वाले पंखे भी खूब बिक रहे हैं। वहीं कूलर व्यवसायी आलोक गर्ग ने कहाकि इस बार कूलर की तरह की एसी की डिमांड भी बढ़ रही है। सबसे ज्यादा लोग एक टन से लेकर डेढ़ टन का एसी की खरीदारी कर रहे हैं। इन दिनों डेढ़ टन का एसी 34 से 35 हजार रुपए तक की कीमत में आ रहा है। हालांकि एसी महंगा होता है, लेकिन अब धीरे -धीरे मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए गर्मी से बचने के लिए एसी भी पसंद बनता जा रहा है।

## टीडीएस प्रावधानों में हुए बदलाव पर अध्ययन गोष्ठी

# कर सलाहकारों ने की प्रायोगिक दृष्टिकोण एवं अनुपालन चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

एक अप्रैल 2026 से लागू नए आयकर अधिनियम 2025 के तहत टीडीएस प्रावधानों में व्यापक बदलाव हुए हैं इन बदलावों पर विस्तृत चर्चा करने टैक्स लॉ बार एसोसिएशन, भोपाल के अध्यक्ष अधिवक्ता.मनोज पारख की अध्यक्षता में अध्ययन गोष्ठियों आयोजित हुई। इस दरमियान कर सलाहकारों और विशेषज्ञों ने नए आयकर अधिनियम, 2025 और जीएसटी के अंतर्गत प्रायोगिक दृष्टिकोण एवं अनुपालन चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की है।

टैक्स लॉ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता मनोज पारख ने बताया कि संस्था के सदस्यों के लिए आयोजित मासिक स्टडी सर्किल वेबीनार में बतौर स्पीकर सीए हेमंत जैन ने टीडीएस प्रावधानों में हालिया बदलाव—प्रायोगिक दृष्टिकोण एवं अनुपालन चुनौतियां विषय पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए हेमंत जैन ने नए आयकर अधिनियम 2025 के अंतर्गत टीडीएस प्रावधानों में किए गए प्रमुख परिवर्तनों का विस्तार से विश्लेषण प्रस्तुत किया तथा उनकी तुलना आयकर अधिनियम, 1961 से की। उन्होंने बताया कि नए प्रावधानों का उद्देश्य कर प्रणाली को अधिक पारदर्शी, सरल एवं प्रभावी बनाना है, परंतु इसके साथ ही करदाताओं एवं पेशेवरों के लिए अनुपालन संबंधी चुनौतियाँ भी बढ़ी हैं। गोष्ठी के दौरान विभिन्न टीडीएस एवं टीसीएस धाराओं के व्यावहारिक पहलुओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई। वक्ता ने विशेष रूप से रेट्स में बदलाव, थ्रेशहोल्ड लिमिट, नए अनुपालन नियम, रिटर्न फाइलिंग की समय-सीमा तथा पेनल्टी प्रावधानों पर प्रकाश डाला। साथ ही, उन्होंने यह भी समझाया कि व्यवसायों को इन परिवर्तनों के अनुरूप अपनी आंतरिक प्रक्रियाओं में किस प्रकार सुधार करना चाहिए। सीए जैन ने उदाहरणों के माध्यम से यह स्पष्ट किया कि नए नियमों के तहत गलतियों की संभावना किन-किन क्षेत्रों में अधिक है तथा उनसे बचने के लिए क्या सावधानियां अपनाई जानी चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों ने अपने प्रश्न रखे, जिनका सीए हेमंत जैन एवं सीए मनोज आयाचित द्वारा संतोषजनक समाधान किया गया। वेबीनार स्टडी सर्किल मीटिंग के दौरान सेशन चैयरमेन के रूप में सीए पारूल श्रीवास्तव पूर्व चैयरमेन आईसीएआई एवं संस्था के अध्यक्ष अधिवक्ता मनोज पारख, उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल एवं अंकुर अग्रवाल, सचिव धीरज अग्रवाल, सह सचिव संदीप चौहान ,कोषाध्यक्ष दीपेश भंडारी एवं वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र पारख, बीसीपी जैन,अजय छाजेड़ एवं मृदुल आर्य आदि मौजूद रहे।

## 5जी नेटवर्क से 'इंटेलिजेंस एरा' की ओर बढ़ेंगे

# एआई युग का डिजिटल गेटवे बनेगा जियो, 52 करोड़ 40 लाख यूजर बेस : आकाश अंबानी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रिलायंस इंडस्ट्रीज के ताजा नतीजों ने साफ संकेत दिया है कि कंपनी अब अपने अगले बड़े ग्रोथ फेज की ओर बढ़ रही है, जहां जियो सिर्फ टेलीकॉम नहीं बल्कि भारत का डिजिटल और एआई गेटवे बनने की दिशा में काम कर रहा है।

कंपनी प्रबंधन के मुताबिक, जियो अब उस चरण में पहुंच चुका है जहां उसकी मजबूत कनेक्टिविटी और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर भविष्य में एआई आधारित सेवाओं के विस्तार की नींव तैयार कर रही है। रिलायंस जियो इन्फोकॉम के चेयरमैन आकाश अंबानी ने कहाकि जियो ने भारत को इंटरनेट युग से जोड़ा और अब 52 करोड़ 40 लाख से अधिक सब्सक्राइबर्स के साथ यह 'इंटेलिजेंस एरा' का डिजिटल गेटवे बनने की स्थिति में है। देश का सबसे बड़ा यूजर बेस और तेजी से बढ़ते 5जी नेटवर्क के साथ, जियो का फोकस अब कनेक्टिविटी इंफ्रास्ट्रक्चर को और गहराई तक ले जाने पर है। मार्च 2026 तक जियो का फिक्स्ड ब्रॉडबैंड यूजर बेस 2 करोड़ 71 लाख तक पहुंच गया है और इसका मार्केट शेयर करीब 43 फीसदी हो चुका है। जियो एयरफाइबर का सब्सक्राइबर बेस 1 करोड़ 30 लाख है, जो इस विस्तार का बड़ा आधार बनकर उभरा है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक, मुकेश डी. अंबानी ने कहा कि डेटा खपत में तेज बढ़ोतरी भी इस बदलाव की अहम कड़ी है। जियो नेटवर्क पर कुल डेटा ट्रैफिक में करीब 35 फीसदी की सालाना बढ़त दर्ज की गई है।

## सीओएआई डिजिकॉम समिट में

# उद्योग जगत ने की सुरक्षित एआई और नवप्रवर्तन संचालित 'डिजिटल ईकोसिस्टम' की वकालत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीओएआई की द्वितीय डिजिकॉम सीरीज- सीओएआई डिजिकॉम समिट 2026 में सरकारी अधिकारियों, नियामकों और उद्योग जगत के नेताओं ने अगली पीढ़ी के दूरसंचार नेटवर्कों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं 5जी जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों द्वारा समर्थित एक सुरक्षित, लचीले और नवप्रवर्तन संचालित डिजिटल इकोसिस्टम की वकालत की।

कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि संचार एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री डॉक्टर चंद्रशेखर पेम्मासानी के साथ ही ट्राई के चेयरमैन अनिल कुमार लाहोटी, वोडाफोन आइडिया के सीईओ एवं सीओएआई के चेयरपर्सन अभिजित किशोर, जीएसएमए के प्रमुख (एपीएसी) जूलियन गोरमैन, एरिक्सन इंडिया के प्रबंध निदेशक नितिन बंसल, एल्टियस टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट के मुख्य परिचालन अधिकारी अश्वनी खिल्लन, भारती एयरटेल के मुख्य नियामकीय अधिकारी एवं सीओएआई के उपाध्यक्ष राहुल वत्स और सीओएआई के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल डॉक्टर एसपी कोचर सहित सरकार और उद्योग जगत से प्रमुख नेता शामिल हुए। इस समिट भारत के डिजिटल पथ को आकार देने में आने वाली प्रमुख चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा के लिए नीति निर्माता, दूरसंचार ऑपरेटर, वैश्विक टेक्नोलॉजी लीडर, अकादमिक क्षेत्र से लोग और नवप्रवर्तक एकजुट हुए। इस मौके पर संचार राज्यमंत्री डॉक्टर चंद्रशेखर पेम्मासानी ने कहाकि भारत का दूरसंचार क्षेत्र एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है।



# एक मई से बदल सकते हैं नियम, रसोई गैस बुकिंग पर लग सकती है नई पाबंदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव की वजह से होर्मुज स्ट्रेट में सप्लाई रूकने का खतरे बढ़ता जा रहा है। जिसे देखते हुए भारत में रसोई गैस को लेकर बड़ी तैयारी चल रही है। आने वाले समय में एलपीजी की उपलब्धता प्रभावित हो सकती है, जिस लिए देश की तीन बड़ी तेल कंपनियां- इंडेन, भारत और एचपी गैस सिलेंडर बुकिंग के नियमों में बदलाव करने की तैयारी में है।

- उत्पादन लगभग 46,000 टन प्रतिदिन

माना जा रहा है कि ये नए नियम 1 मई 2026 से लागू किए जा सकते हैं। नए नियमों के अनुसार सिलेंडर बुकिंग के बीच मिनिमम 25 दिनों का अंतर जरूरी किया जा सकता है। यानी अगर आपने एक बार गैस बुक कर ली है, तो अगली बुकिंग के लिए आपको लगभग एक महीने का इंतजार करना पड़ सकता है। इसका सीधा असर उन उपभोक्ताओं पर पड़ेगा जो महीने में एक से ज्यादा बार सिलेंडर लेते हैं। इसके अलावा ओटीपी आधारित डिलीवरी सिस्टम को भी लागू करने की योजना है। यानि जब आपका सिलेंडर डिलीवरी के लिए निकलेगा, तो आपके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी भेजा जाएगा। डिलीवरी के समय यह ओटीपी बताना अनिवार्य होगा, तभी सिलेंडर आपको सौंपा जाएगा। बिना ओटीपी के डिलीवरी नहीं की जाएगी, जिससे फर्जी डिलीवरी और गड़बड़ी पर रोक लगेगी। सप्लाई की स्थिति को देखें तो भारत को रोजाना करीब 80 हजार टन एलपीजी की जरूरत होती है, जबकि देश में उत्पादन लगभग 46,000 टन प्रतिदिन है। यानी बाकी जरूरत आयात से पूरी होती है।

## बिजनेस न्यूज

### बंसल प्लाजा द्वारा आयोजित आर्ट एग्जीबिशन 2026 में कलाकारों को मिल रहा है बड़ा मंच

**भोपाल।** बंसल प्लाजा द्वारा आयोजित आर्ट एग्जीबिशन 2026 इस समय शहर के कलाकारों के बीच खास आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। रचनात्मकता, भावनाओं और अभिव्यक्ति को एक मंच मंच दे रहा यह आयोजन, कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का बेहतरीन अवसर प्रदान कर रहा है। शहर भर से मिल रहे जबरदस्त और उत्साहजनक प्रतिसाद को देखते हुए आयोजकों ने इस प्रदर्शनी की अवधि अब 3 मई 2026 तक बढ़ा दी है, जिससे अधिक से अधिक कलाकार इस मंच का हिस्सा बन पा रहे हैं। अब तक 75 कलाकार अपनी कलाकृतियों के साथ भाग ले चुके हैं। आयोजन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी के अनुसार कलाकार अपने आर्टवर्क 2 मई 2026 (शनिवार) तक जमा कर सकते हैं, जबकि विजेताओं की घोषणा 3 मई 2026 को बंसल प्लाज़ा में की जाएगी। इस प्रदर्शनी में प्रतिभागियों के लिए आकर्षक पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं, जिनमें प्रथम पुरस्कार 20,000, द्वितीय पुरस्कार 11,000 और तृतीय पुरस्कार 5,100 रुपए रखा गया है। ये पुरस्कार दो आयु वर्गों 5 से 18 वर्ष और 19 वर्ष से अधिक के लिए समान रूप से लागू हैं। इसके अलावा, तीन प्रतिभागियों को 2,100 रुपए के सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। प्रदर्शनी में कलाकार विभिन्न विषयों जैसे नेशनल एवं मध्यप्रदेश के लीडर्स, पर्यटन एवं वन्यजीवन, जियोपॉलिटिकल परिदृश्य, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सस्टेनेबिलिटी, एब्स्ट्रैक्ट/मॉडर्न आर्ट, विज़न 2047 और महिला सशक्तिकरण पर अपनी रचनात्मकता प्रस्तुत कर रहे हैं। प्रतिभागियों के लिए 350 रुपएका एंट्री शुल्क निर्धारित है, साथ ही कलाकारों को अपना ईजल स्टैंड और आर्टवर्क स्वयं लेकर आना अनिवार्य है। कैनवास का आकार न्यूनतम 8×10 इंच और अधिकतम 24×30 इंच निर्धारित किया गया है।



### सेज इंटरनेशनल स्कूल में फनफेयर फ्रेंजर स्कूल कार्निवल 2026 का सफल आयोजन

**भोपाल।** सेज इंटरनेशनल स्कूल, कोलार में फनफेयर फ्रेंजी स्कूल कार्निवल 2026" का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। इस रंगारंग कार्निवल में लगभग 4000 से अधिक लोगों ने सहभागिता की और उत्साहपूर्वक कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सेज ग्रुप की चेयरपर्सन, मुख्य अतिथि किरण अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में रोमांचक खेलों , स्वादिष्ट व्यंजनों , लाइव म्यूजिक और विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों ने सभी का मन मोह लिया। आकर्षक झूलों , बाउंसिंग स्लाइड और ट्रैम्पोलिन ने बच्चों के उत्साह को और भी बढ़ा दिया। कार्निवल के प्रमुख आकर्षणों में शानदार लाइव परफॉर्मेंस , लकी ड्रॉ और कई रोचक प्रतियोगिताएं शामिल रहीं, जिनमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आकर्षक पुरस्कार जीते। कार्निवल के रंगीन उत्सव के बीच पहुंचे महानिदेशक स्कूल के डायरेक्टर जनरल डॉ. पीएस राजपूतने स्टॉल्स का भ्रमण कर प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। इस आयोजन ने न केवल मनोरंजन का शानदार अवसर प्रदान किया, बल्कि विद्यार्थियों, अभिभावकों और विद्यालय परिवार के बीच आपसी जुड़ाव और खुशियों को भी मजबूत किया। इस अवसर पर सेज ग्रुप के सीएमडी इंजीनियर संजीव अग्रवाल ने अपने संदेश में कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा उन्हें अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का उत्कृष्ट मंच प्रदान करते हैं।




### सैम ग्लोबल यूनिवर्सिटी की एनएसएस इकाई का अन्नदान अभियान संपन्न

**भोपाल।** सैम ग्लोबल यूनिवर्सिटी की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अन्नदान अभियान का सफल समापन हुआ। इस अभियान का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक भोजन पहुंचाना एवं युवाओं को समाज सेवा से जोड़ना रहा। अभियान के प्रथम दिन, अगरिया और बिलखिरिया ग्राम में कुल 46 जरूरतमंद परिवारों को अन्नदान किया गया। द्वितीय दिन, पदरिया एवं शांति नगर क्षेत्र में 25 जरूरतमंद परिवारों तक सहायता पहुंचाई गई।अभियान के अंतिम दिन, सेवा भारती वृद्धाश्रम एवं मातृछाया अनाथ आश्रम में अन्नदान कर इस सेवा कार्य का समापन किया गया। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर मानवता और सेवा भावना का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। सैम ग्लोबल यूनिवर्सिटी का प्रबंधन समूह सदैव समाजहित एवं युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार के सेवा-आधारित अभियानों का आयोजन करता रहा है। ऐसे प्रयास न केवल जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाते हैं, बल्कि युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी, संवेदनशीलता और सेवा भावना को भी सशक्त बनाते हैं। सैम ग्लोबल यूनिवर्सिटी की एनएसएस इकाई द्वारा इस प्रकार के सामाजिक सेवा अभियान प्रत्येक वर्ष आयोजित किए जाते हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य युवाओं में सेवा, सहयोग और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है।



### वीआईटी भोपाल पूरी तरह सतर्क, छात्रों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता

**भोपाल ।** वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय ने छात्रों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और समग्र कल्याण को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए परिसर में स्वास्थ्य संबंधी सभी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ और सक्रिय बनाए रखा है। हाल के दिनों में मौसम में अचानक बढ़ी गर्मी, स्थानीय मौसमी परिस्थितियों और सामान्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए संस्थान ने एहतियातन प्रथम वर्ष के छात्रों की चल रही परीक्षाओं को स्थगित करने का निर्णय लिया, ताकि किसी भी संभावित स्वास्थ्य जोखिम से बचाव सुनिश्चित किया जा सके। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परिसर में स्वास्थ्य सेवाओं की नियमित निगरानी की जाती है और किसी भी छात्र को अस्वस्थ महसूस होने पर तत्काल प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया जाता है। आवश्यकता पडऩे पर छात्रों को तुरंत निकटस्थ अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज में रेफर किया जाता है, जहाँ विशेषज्ञ चिकित्सकीय देखरेख सुनिश्चित की जाती है। संस्थान के आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार, 22 अप्रैल 2026 तक पिछले दस दिनों में केवल आठ छात्रों को एहतियातन अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिन्हें समुचित उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया। वीआईटी भोपाल ने यह भी स्पष्ट किया है कि कुछ माध्यमों में प्रसारित किए जा रहे आंकड़े और दावे संस्थान के आधिकारिक रिकॉर्ड से मेल नहीं खाते तथा तथ्यों पर आधारित नहीं हैं।




### दो दिवसीय एडवांस लैप्रोस्कोपी प्रशिक्षण कार्यक्रम, डॉ.दीपक ने दी सर्जनों को एडवांस लैप्रोस्कोपी ट्रेनिंग

**नई दिल्ली।** एडवांस लैप्रोस्कोपिक और स्त्री-रोग कैंसर सर्जरी के क्षेत्र में अग्रणी डॉक्टर दीपक लिंबाचिया ने देशभर से आए 15 सर्जनों के लिए दो दिवसीय एडवान्स लैप्रोस्कोपी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम अहमदाबाद स्थित इवा वुमन्स होस्पिटल के इवा एन्डोस्कोपी इनस्टिट्यूट में आयोजित किया गया। पिछले एक दशक में डॉ. लिम्बाचिया 4,000 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय चिकित्सकों को प्रशिक्षण दे चुके हैं और मिनिमली इन्वेसिव गायनेकोलोजिकल सर्जरी के क्षेत्र में देश के प्रमुख विशेषज्ञों में अपनी पहचान बना चुके हैं। उनके लंबे क्लिनिकल अनुभव और व्यवस्थित शैक्षणिक दृष्टिकोण ने ट्रेनी डॉक्टर्स को वास्तविक सर्जिकल निर्णय प्रक्रिया और तकनीकी उत्कृष्टता का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान किया। इस दो दिवसीय गहन कार्यक्रम में ओवेरियन केन्सर, एंजोमेट्रियल केन्सर, लैप्रोस्कोपिक हिस्टेरेक्टॉमी, मायोमेक्टॉमी और मलाशय से जुड़े एंडोमेट्रियोसिस जैसे जटिल विषयों के साथ-साथ टीश्यू हेंडलिंग, उर्जा उपकरण, होमियोस्टेसिस और कोम्पलिकेशन मेनेजमेन्ट पर विशेष ध्यान दिया गया।

चिंतन

# दुनिया को भारी पड़ रही दबाव की राजनीति

अमेरिका-ईरान वार्ता में अब दोनों देश दबाव की राजनीति पर उतर आए हैं। अमेरिका जहां होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी कर दबाव बनाना चाहता है, वहीं ईरान होर्मुज को रोककर दुनिया पर दबाव बना रहा है। इससे तेल और गैस के दाम बढ़ रहे हैं। यही बढ़ोतरी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को दबाव में लाती है। यह बात ईरान भी समझ गया है कि इससे खाड़ी में अमेरिका के सहयोगी देशों पर भी दबाव पड़ता है, जिसका असर ट्रंप पर भी दिखाई देता है। दोनों देश यह खेल अपनी-अपनी मांगों को पूरा करवाने के लिए खेल रहे हैं। इसलिए यहां कूटनीति के बजाय दबाव की राजनीति हावी होती दिख रही है। संवाद की जगह रणनीतिक दबाव ने ले ली है। नतीजा यह है कि तनाव केवल दो देशों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरी दुनिया इसकी कीमत चुका रही है। ईरान अमेरिका की शर्तों को पहले ही नकार चुका है। उसने शनिवार को पाकिस्तान में उसके प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को अपनी नई मांगों का लंबा- चौड़ा पर्चा थमा दिया। इसके बाद अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का पाक दौरा रद्द हो गया और वार्ता का यह दौर शुरू होने से पहले ही खत्म हो गया। ईरान यह बात पूरी तरह से समझ गया है कि ट्रंप अब खाड़ी युद्ध से निकलने का बहाना ढूंढ रहे हैं। इसमें ईरान से ऐसा आश्वासन चाहते हैं कि वह कह सकें कि वे जीत गए हैं। ईरान भी कुछ इस तरह का ही आश्वासन चाहता कि वह भी कह सके कि हम भी जीत गए हैं। अमेरिका की रणनीति भी कम आक्रामक नहीं है। वह दबाव बनाकर 'अनुकूल समझौता' चाहता है, ऐसा समझौता जिसे घरेलू राजनीति में जीत के तौर पर पेश किया जा सके, लेकिन यही वह बिंदु है, जहां कूटनीति कमजोर पड़ जाती है। जब वार्ता का उद्देश्य समाधान के बजाय 'जीत का नैरेटिव' बन जाता है तो समझौते की संभावनाएं स्वतः सीमित हो जाती हैं। असल समस्या यह है कि दोनों पक्ष "झुकने" को कमजोरी मान रहे हैं, जबकि कूटनीति में यही झुकाव समाधान का रास्ता खोलता है। इतिहास गवाह है कि बड़े से बड़े संकट भी तब सुलझे हैं, जब पक्षों ने अपने अहंकार को पीछे छोड़कर व्यावहारिकता को अपनाया है। मौजूदा हालात में न तो अमेरिका पीछे हटने को तैयार दिखता है और न ही ईरान। यह गतिरोध केवल क्षेत्रीय संकट नहीं है। इसका प्रभाव वैश्विक स्तर पर महसूस किया जा रहा है। अगर यह टकराव और बढ़ता है तो इसके परिणाम और गंभीर हो सकते हैं। एक क्षेत्रीय विवाद वैश्विक संकट में तब्दील हो सकता है, जिसकी कीमत पूरी दुनिया को चुकानी पड़ेगी। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि संवाद के रास्ते बंद होते जा रहे हैं। जब वार्ता शुरू होने से पहले ही रद्द हो जाए, तो यह संकेत है कि विश्वास का संकट गहरा चुका है। ऐसे माहौल में छोटी-सी चिंगारी भी बड़े टकराव का रूप ले सकती है। ऐसे में यह गतिरोध कब टूटेगा, यह कहना बेहद मुश्किल है, लेकिन यह स्पष्ट है कि अमेरिका समेत दुनिया के लोग इस अहम के टकराव का नतीजा भुगत रहे हैं। दबाव की राजनीति अल्पकालिक जीत तो दिला सकती है, लेकिन स्थायी शांति नहीं। अमेरिका और ईरान दोनों को यह समझना होगा कि शक्ति प्रदर्शन से ज्यादा प्रभावी है संतुलित और सम्मानजनक संवाद। दुनिया आज जिस अस्थिरता से गुजर रही है, उसमें टकराव नहीं, बल्कि समाधान की जरूरत है। अगर समय रहते यह समझ नहीं आई, तो यह 'दबाव का खेल' पूरी दुनिया पर भारी पड़ता रहेगा।



विश्लेषण
राज कुमार सिंह

# ज्यादा मतदान होने के किंतु-परंतु

बेशक पश्चिम बंगाल में मतदान का दूसरा चरण शेष है, जिसमें 142 विधानसभा सीटों पर वोट डाले जाएंगे, लेकिन उसमें भी उच्च मतदान प्रतिशत को लेकर संशय का कोई कारण नजर नहीं आता। हाई वोल्टेज चुनाव प्रचार और अभूतपूर्व सुरक्षा प्रबंधों वाले पश्चिम बंगाल में पहले चरण में 16 जिलों की 152 सीटों के लिए 92 प्रतिशत से भी ज्यादा मतदान हुआ है, जो चुनाव आयोग के मुताबिक राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। दशकों बाद बंगाल में व्यापक हिंसा के बिना मतदान एक सुखद आश्चर्य भी है। वैसे जिन चार राज्यों- असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और एक केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में चुनाव प्रक्रिया जारी है, उन सभी में मतदान का उच्च प्रतिशत सामने आया है।

अकसर कम मतदान प्रतिशत पर चिंता जतायी जाती है, लेकिन इस बार असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में उच्च मतदान प्रतिशत ने राजनीतिक दलों- उम्मीदवारों की धुकधुकी और चुनावी पंडितों का काम बढ़ा दिया है। बेशक पश्चिम बंगाल में मतदान का दूसरा चरण शेष है, जिसमें 142 विधानसभा सीटों पर वोट डाले जाएंगे, लेकिन उसमें भी उच्च मतदान प्रतिशत को लेकर संशय का कोई कारण नजर नहीं आता। हाई वोल्टेज चुनाव प्रचार और अभूतपूर्व सुरक्षा प्रबंधों वाले पश्चिम बंगाल में पहले चरण में 16 जिलों की 152 सीटों के लिए 92 प्रतिशत से भी ज्यादा मतदान हुआ है, जो चुनाव आयोग के मुताबिक राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। दशकों बाद बंगाल में व्यापक हिंसा के बिना मतदान एक सुखद आश्चर्य भी है। वैसे जिन चार राज्यों- असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और एक केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में चुनाव प्रक्रिया जारी है, उन सभी में मतदान का उच्च प्रतिशत सामने आया है।

मसलन, 23 अप्रैल को ही तमिलनाडु में सभी 234 सीटों के लिए हुए मतदान का प्रतिशत 85 से भी ज्यादा रहा। नौ अप्रैल को असम में हुए मतदान का प्रतिशत 85 से भी ज्यादा रहा तो पुडुचेरी में 89 प्रतिशत से भी ज्यादा ऐतिहासिक मतदान हुआ। केरल ने भी 78 प्रतिशत से ज्यादा मतदान से 39 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। निश्चय ही उच्च मतदान प्रतिशत लोकतंत्र के लिए सकारात्मक है, लेकिन राजनीतिक दलों के लिए इसके परिणाम विरोधाभासी रहे हैं। चुनावी राजनीति में अंतिम क्षणों तक हार नहीं मानी जाती। सो, सत्ता के सभी दावेदार उच्च मतदान प्रतिशत की मन मुताबिक व्याख्या करते हुए उसे अपने अनुकूल बता रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री एवं भाजपा के मुख्य चुनावी रणनीतिकार अमित शाह ने तो परिवर्तन की लहर बताते हुए 152 में से ही 110 सीटें जीतने की भविष्यवाणी भी कर दी है। दरअसल मतदान प्रतिशत की परंपरागत सरल व्याख्या यही की जाती रही है कि कम मतदान का अर्थ है कि मतदाता उदासीन हैं। यह भी कि वे वर्तमान सरकार के कामकाज से संतुष्ट हैं या उन्हें किसी से बेहतरी की उम्मीद नहीं, इसलिए किसी बदलाव की व्याकुलता उनमें नहीं है। इसी सोच से ज्यादा मतदान प्रतिशत का अर्थ यह निकाल लिया जाता है कि सत्ता विरोधी भावना तीव्र है और वर्तमान सरकार से असंतुष्ट मतदाता बदलाव के लिए व्याकुल हैं। बेशक मतदान प्रतिशत की यह व्याख्या मानवीय स्वभाव का सहज-सरल विश्लेषण करती है, लेकिन तमाम चुनावों में मतदान प्रतिशत में कमी या वद्धि के बाद आये परिणाम इसकी पूर्णतः पुष्टि नहीं करते। आम तौर पर मान लिया जाता है कि मतदान में तीन से चार प्रतिशत की वृद्धि से सरकार बदल जाती है, लेकिन फिलहाल देश-दुनिया की निगाहों का केंद्र बने पश्चिम बंगाल में भी कम-ज्यादा मतदान के मिश्रित परिणाम सामने आते रहे हैं। मसलन, आपातकाल के विरुद्ध राष्ट्रव्यापी आक्रोश के बावजूद 1977 में पश्चिम बंगाल में मतदान का प्रतिशत 52 ही रहा, पर कांग्रेस सत्ता से विदा हो गई।

वाम मोर्चा ने लगभग साढ़े तीन दशक तक बंगाल



पर निष्कंटक राज किया, पर 2011 के विधानसभा चुनाव में जब ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस ने उससे सत्ता छीनी, तब मतदान का प्रतिशत 84 के पार चला गया। ममता के दो मुख्यमंत्रित्व काल के बाद जब 2021 के चुनाव में मतदान प्रतिशत 82 रहा तो चुनावी पंडितों ने उसे सत्ता विरोधी भावना का संकेत माना, लेकिन 200 सीटें जीतने का दावा करने वाली भाजपा 77 पर ही अटक गई। नीतीश कुमार के जद यू ने भाजपा का साथ छोड़ कर 2015 का बिहार विधानसभा चुनाव लालू यादव के राजद और कांग्रेस के साथ महागठबंधन में लड़ा था, लेकिन मात्र 57 प्रतिशत मतदान के बावजूद जबर्दस्त जीत हासिल की। एसआईआर विवाद के बीच हुए 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत 67 तक पहुंच गया, लेकिन पाला बदल कर फिर राजग में आ चुके नीतीश की सत्ता बरकरार रही। हां, पिछली बार सबसे बड़ा दल बना राजद आश्चर्यजनक रूप से 25 सीटों पर सिमट गया। पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश में 2017 के विधानसभा चुनाव में 61 प्रतिशत रिकॉर्ड मतदान हुआ तो सपा को सत्ता से बेदखल कर अरसे बाद प्रचंड बहुमत से भाजपा ने सत्ता में वापसी की। इसी तरह 2018 के विधानसभा चुनाव में जब त्रिपुरा में मतदान का प्रतिशत 89 पार पहुंचा तो वाम सत्ता को उखाड़ कर भाजपा सत्तासीन हो गई। कम-ज्यादा मतदान प्रतिशत के चुनावी परिणामों के मामले में अन्य राज्यों के अनुभव भी मिले-जुले रहे हैं। इसलिए मतदान प्रतिशत के आधार पर कोई एक धारण बना लेना तर्कसम्मत नजर नहीं आता, क्योंकि उसमें कई कारक प्रभावी रहते हैं। इसीलिए चुनाव आयोग से अपेक्षा रहती है कि वह मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मतदान की तारीखें तय करे और सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध भी करे। बेशक पश्चिम बंगाल में उच्च मतदान प्रतिशत में अभूतपूर्व सुरक्षा प्रबंधों की भी भूमिका रही होगी। लगातार तीन कार्यकाल के बाद सत्ता विरोधी भावना को भी पूरी तरह नकारा नहीं जा सकता, लेकिन अन्य कारणों को नजरअंदाज करना भी समझदारी नहीं होगी। बिहार से शुरू एसआईआर विवाद से बड़ी संख्या में लोगों को मताधिकार ही नहीं, अपनी नागरिकता पर भी तलवार लटकी नजर आ रही है। रोजी-रोटी की तलाश में पलायन को मजबूर प्रवासी इसीलिए बड़ी संख्या में जैसे-तैसे इस बार मतदान के लिए अपनी घर वापसी की कवायद करते दिखे। नागरिकता पर संकट तो जीवन के लिए ही महासंकट है। मताधिकार से वंचित और मतदान में अनुपस्थित होने पर, तमाम राज्य सरकारों द्वारा जन कल्याण के नाम पर शुरू नकदी तथा मुफ्त योजनाओं के लाभार्थियों की सूची से भी नाम कट जाने का खतरा है। इनमें भी महिला केंद्रित योजनाएं ज्यादा हैं, जिनका परिणाम महिलाओं की मतदान में लगातार बढ़ती हिस्सेदारी के रूप में सामने आ रहा है।

जब प्रवासी महिलाएं मतदान के लिए अपने घर लौटती हैं तो परिवार के पुरुष सदस्य भी लौटेंगे ही और जब लौटेंगे तो मतदान भी करेंगे। वैसे मतदान के प्रतिशत में उछाल का एक और तार्किक कारण एसआईआर में बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम कट जाना भी हो सकता है। काटे गये नामों की संख्या और कारणों पर विवाद सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचे हैं। प्रभावित वर्गों में एसआईआर प्रक्रिया के विरुद्ध गोलबंदी भी उच्च मतदान प्रतिशत का कारण हो सकती है। बेशक नाम कटने से मतदाताओं की संख्या घटी है, पर अगर नाम काटे गए मतदाताओं में से बहुत सारे वास्तव में हैं ही नहीं, तो पिछली बार जितने ही मतदाताओं द्वारा मतदान करने पर भी मतदान का प्रतिशत अपने आप बढ़ जाएगा।

( लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी




# भारत से खाद्यान्न निर्यात होने का नया परिदृश्य

हाल ही में केंद्र सरकार ने गेहूं निर्यात को 25 लाख टन से बढ़ाकर 50 लाख टन किए जाने का निर्णय लिया है। साथ ही 10 लाख टन गेहूं उत्पादों के निर्यात की भी अनुमति दी है। इससे जहां वैश्विक खाद्य संकट के बीच गेहूं की वैश्विक आपूर्ति में मदद मिलेगी, वहीं घरेलू बाजार में स्थिरता बनाए रखने और किसानों को लाभकारी मूल्य मिलना भी सुनिश्चित हो सकेगा। इस परिप्रेक्ष्य में यह बात भी महत्वपूर्ण है कि 24 अप्रैल को केंद्र सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद के लिए वर्ष 2026-27 का लक्ष्य 15 प्रतिशत बढ़ाकर 3.45 करोड़ टन कर दिया है, जो अब तक का गेहूं खरीद का रिकॉर्ड स्तर है। इससे गेहूं उत्पादक किसान अत्यधिक लाभांवित होंगे। गौरतलब है कि अमेरिका और ईरान के बीच पश्चिम एशिया में संघर्ष से दुनियाभर में खाद्य संकट बढ़ गया है। चूंकि इस युद्ध के कारण उर्वरकों की भारी कमी और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को नुकसान पहुंचा है, उसे ठीक होने में महीनों लग सकते हैं, अतएव दुनिया में खाद्यान्न के दाम ऊंचे बने रहने के साथ खाद्य सुरक्षा के लिए संकट बना रहने का खतरा है। हाल ही में प्रकाशित वर्ल्ड फूड प्रोग्राम (डब्ल्यूएफपी) की रिपोर्ट के मुताबिक इस समय दुनिया में 31.9 करोड़ लोग भूख से पीड़ित है। अब पश्चिम एशिया दुनिया के लाखों अतिरिक्त लोग भूखमरी का शिकार होते हुए दिखाई दे रहे हैं। ऐसी भयावह वैश्विक भूख की चुनौती के बीच भारत खाद्यान्न सुरक्षा के मामले में अनुकूल स्थिति में है और दुनिया को भूख की चुनौती से राहत दिलाने के मद्देनजर खाद्यान्न निर्यात के लिए तत्पर है। यह कोई छोटी बात नही है कि इस समय भारत की मुठ्ठी में 31 मार्च 2026 तक 6.02 करोड़ टन गेहूं और चावल का रिकार्ड सुरक्षित भंडार (बफर स्टॉक) भारत की आर्थिक ताकत बन गया है। इस रिकॉर्ड खाद्यान्न भंडार से भारत एक साल तक की अपनी खाद्यान्न की जरूरत को सरलतापूर्वक पूरा कर सकता है। इस समय देश के 80 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। वर्ष 2025-26 के लिए मुख्य फसलों के उत्पादन के दूसरे अग्रिम अनुमान के मुताबिक इस बार खाद्यान्न उत्पादन का परिदृश्य ऐतिहासिक स्तर पर है। वर्ष 2025-26 के लिए खरीफ खाद्यान्न उत्पादन 17.41 करोड़ टन और रबी खाद्यान्न उत्पादन 17.45 करोड़ टन रहने का अनुमान है। यह पिछले वर्ष 2024-25 की तुलना में एक बड़ी छलांग है। पिछले वर्ष खरीफ उत्पादन 16.94 करोड़ टन था, जिसमें इस बार लगभग 2.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, रबी उत्पादन पिछले वर्ष 16.91 करोड़ टन था, जिसमें इस बार 3.2 प्रतिशत की शानदार वृद्धि देखी गई है। देश की थाली के सबसे अहम हिस्से यानी चावल और गेहूं के मोर्चे पर भी भारत ने अपनी जोरदार बढ़त कायम रखी है। दालों के उत्पादन में भी पिछले वर्ष की तुलना में बढ़त इस बार उभरकर दिखाई दे रही है। स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि ईरान-अमेरिका युद्ध विराम के पहले खाद्यान्न की बढ़ती वैश्विक कीमतों के बीच भारत में अनाज का रिकॉर्ड उत्पादन एक 'सुरक्षा कवच' की तरह रहा है। छह साल पहले कोरोना से जंग में देश के खाद्यान्न भंडार देश के लिए हथियार बन गए थे। हाल ही में दुनिया के कृषि विशेषज्ञ और ब्राजील पोटाश के सीईओ मेट सिंपसन ने कहा कि दुनिया में लगातार खाद्य संकट बढ़ता जा रहा है। उर्वरक की कमी के कारण यूरोप और उत्तरी अमेरिका में कृषि उत्पादों की बुआई पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में कई देशों के लिए खाद्यान्न का बड़े पैमाने पर आयात जरूरी होता जा रहा है। कोरोनाकाल में भारत ने जरूरतमंद देशों को खाद्यान्न का निर्यात भी किया था। अब एक बार फिर जब दुनिया में खाद्यान्न आपूर्ति में व्यवधान है, तब भारत नए खाद्यान्न निर्यात आदेशों की पूर्ति के लिए तत्पर दिखाई दे रहा है। निःसंदेह कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार और देश के दीर्घकालिक विकास का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। खासतौर से विगत कुछ वर्षों में कृषि क्षेत्र व छोटे किसानों की मजबूती के लिए कई प्रभावी कदम उठाए गए हैं। 'पीएम किसान सम्मान निधि' और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) जैसे कई कार्यक्रमों से देश का कृषि क्षेत्र लगातार मजबूत हुआ है। इस बात पर भी ध्यान देना होगा कि अनाज बर्बाद होने से बचाने के लिए देश में 2028 तक सहकारी क्षेत्र में 700 लाख टन अनाज भंडारण की नई क्षमता विकसित करने की महत्वाकांक्षी योजना को तेजी से कारगर क्रियान्वयन की डगर पर आगे बढ़ाया जाए। उम्मीद करें कि खाद्यान्न संकट की वैश्विक चिताओं के बीच भारत रिकॉर्ड खाद्यान्न भंडार से देश के आम आदमी की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए दुनिया में खाद्यान्न निर्यात में अहम योगदान देने वाले प्रमुख कृषि निर्यातक देश के रूप में भी रेखांकित होते हुए दिखाई देगा।

( लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## जीवन प्रक्रिया की छानबीन



संकलित
दर्शन

योग किसी धर्म-संप्रदाय से नहीं जुड़ा है। योग प्रेम, अहिंसा, करुणा और सबको साथ लेकर चलने की बात करता है। योग धर्म, जाति, वर्ण, क्षेत्र या भाषा के आधार पर जन्मे भेदभाव से परे है, इसलिए इसमें पूरी दुनिया को एक परिवार के तौर पर बांधने की क्षमता है। योग, जीवन-प्रक्रिया की छानबीन है। यह सभी धर्मों से पहले अस्तित्व में आया और इसने मानव के सामने संभावनाओं को खोलने का काम किया, जिससे इंसान प्रकृति द्वारा तय की गई सीमाओं से परे जा सके। आंतरिक व आत्मिक विकास, मानव कल्याण व मुक्ति से जुड़ा यह विज्ञान भावी पीढ़ी के लिए एक महानतम उपहार है। आज योग विज्ञान जितना महत्वपूर्ण है, इससे पहले यह कभी इतना महत्वपूर्ण नहीं रहा। क्योंकि आज हमारे पास विज्ञान और तकनीक के तमाम साधन मौजूद हैं, जो इस दुनिया को बना और मिटा सकते हैं। ऐसे में यह बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है कि हमारे भीतर जीवन के प्रति जागरूकता और ऐसा भाव बना रहे कि हम हर दूसरे प्राणी को अपना ही अंश महसूस कर सकें, वरना अपने सुख और भलाई के पीछे की हमारी दौड़ सब कुछ बर्बाद कर देगी। अगर दुनिया की कुछ आबादी भी योग और ध्यान के मार्ग पर चलने लगे तो निश्चित तौर पर दुनिया की गुणवत्ता और स्तर में सुधार आएगा। जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण में विस्तार व व्यापकता लाने में ही मानव-जाति की सभी समस्याओं का समाधान है। उसे निजता से सार्वभौमिकता या समग्रता की ओर चलना होगा।

## तुलसीदास ने दिया ब्राह्मण को जीवन दान



संकलित
प्रेरणा

भक्तमाल में वर्णन है कि एक ब्राह्मण था, परंतु कुछ विद्वान बताते है कि वह ब्राह्मण नहीं, एक भुलई नाम का कलवार था जो भक्ति पथ और गोस्वामी जी की निन्दा किया करता था। उसकी मृत्यु हो गई, उसकी पत्नी उसके साथ सती होने के लिए जा रही थी। गोस्वामी तुलसीदास जी अपनी कुटी के द्वार पर बैठे हुए भजन कर रहे थे। उस ब्राह्मण की स्त्री ने उन्हें दूर से ही देखा तो फिर श्री चरणों में आकर इन्हें प्रणाम किया। तुलसीदास जी ने उसे आशीर्वाद देते हुए कहा कि सौभाग्यवती होओ। उस स्त्री ने कहा कि मेरे पति का देहांत हो गया है और मैं सती होने के लिए श्मशान घाट पर जा रही हूँ। तब इस आशीर्वाद का क्या अर्थ होगा? गोस्वामीजी ने कहा कि अब तो मेरे मुख से आशीर्वाद निकल चूका है, यदि तुम और तुम्हारे परिवार के लोग भगवान श्रीराम का भजन करें तो मै तुम्हारे मृत पति को जीवित कर दूँगा। यदि काल सत्य है, तो मेरे प्रभु काल के भी काल है, यह बात भी तो सत्य है। उस स्त्री ने अपने सभी कुटुम्बियों को बुलाकर कहा कि यदि आप लोग सच्चे हृदय से श्रीराम भक्ति करने की दृढ़ प्रतिज्ञा करे तो मेरे यह मृत पति जीवित हो जायेंगे। सभी ने गोस्वामीजी की बात को स्वीकार करते हुए श्रीराम नाम का संकीर्तन प्रारंभ किया। तब गोस्वामी जी ने उसे सुंदर भक्तिमय जीवन दान दिया। श्री राम की कृपा से उस ब्राह्मण को जीवन दान मिल गया और इससे प्रभावित होकर उसके परिवार के लोग भगवद्भक्त हो गए ।

## सटाका





### आज की पाती

#### मतदान प्रतिशत बढ़ने के मायने

लोकतंत्र को मजबूत करने में सबसे बड़ा योगदान होता है मतदाता का। जितना ज्यादा मतदान होगा लोकतंत्र उतना मजबूत होगा और लोकतंत्र की व्याधियां दूर होंगी, लेकिन यह तभी संभव है जब मतदाता राजनीतिक तौर पर जागरूक होकर मतदान करें। हाल ही में बंगाल-तमिलनाडु में बंपर मतदान इस बार के विधानसभा चुनाव में हुआ, और बताया जा रहा है कि वहां आजादी के बाद यह सबसे ज्यादा मतदान का आंकड़ा है। बंगाल में लगभग 92 और तमिलनाडु में लगभग 84 प्रतिशत से ऊपर का मतदान हुआ है। इस भारी मतदान से सभी राजनीतिक दल यह अंदाजा लगा रहे हैं कि यह मतदान हमारे पक्ष में हुआ है, लेकिन लोकतंत्र में हर चुनाव में ऊंट किस करवट बैठ जाए, कोई पता नहीं। परिणाम आना अभी शेष है। *– सरिता कुमारी, झज्जर*

## ट्रेंड

### टीएमसी की हार तय



बनगाँव में हुई विशाल रैली से यह स्पष्ट और निर्णायक संकेत मिलता है कि टीएमसी की हार निश्चित है। पश्चिम बंगाल भर में भ्रष्टाचार, कुशासन और टूटे वादों को लेकर लोगों का गुस्सा चरम पर है।
- **नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### रघु राय को श्रद्धांजलि



रघु राय के लेंस ने छह दशकों से अधिक समय तक भारत की आत्मा को अपने कैमरे में कैद किया। उन्होंने सिर्फ तस्वीरें नहीं खींचीं, बल्कि हमारे राष्ट्र की स्मृति को संजोकर रखा। उनके परिवार, सहयोगियों और उनकी कला से प्रभावित अनगिनत प्रशंसकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं।
- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

### सामूहिक जिम्मेदारी



भीषण गर्मी का सबसे भयावह असर हमारे श्रमिक भाइयों और बहनों पर पड़ रहा है। यदि आपके घर या आसपास कोई श्रमिक काम कर रहा है, तो उनके लिए पानी और ठंडक की उचित व्यवस्था करें। इनकी सुरक्षा और स्वास्थ्य हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।
-**अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### हमारा वास्तविक भविष्य




हमारी फसलों का स्वास्थ्य ही हमारा वास्तविक भविष्य है। यदि फसल सुरक्षित और फलदायी होगी तो किसानों और राष्ट्र का भविष्य भी समृद्ध होगा। क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन के साथ, बेहतर भविष्य की ओर एक कदम।
- **अक्षय कुमार,** बॉलीवुड एक्टर

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

### संरा महासचिव के उम्मीदवारों से कई मुद्दों पर सवाल-जवाब

संयुक्त राष्ट्र का अगला महासचिव बनने की दौड़ में शामिल चार उम्मीदवारों ने इस सप्ताह दुनिया में शांति बहाल करने, बढ़ती गरीबी रोकने और वैश्विक संकटों से निपटने जैसे मुद्दों पर कड़े सवालों का सामना किया। संयुक्त राष्ट्र महासभा की अध्यक्ष एनालेना बेयरबॉक ने इसे नौकरी के लिए दुनिया के सबसे कठिन साक्षात्कारों में से एक बताया। इन उम्मीदवारों में चिली की पूर्व राष्ट्रपति मिशेल बाचेलेत, अर्जेंटीना के राफेल ग्रोसी, कोस्टा रिका की रेबेका ग्रिन्सपैन और सेनेगल के पूर्व राष्ट्रपति मैकी साल शामिल हैं। इसके अलावा, अन्य उम्मीदवार भी बाद में इस दौड़ में शामिल हो सकते हैं।




संयुक्त राष्ट्र के वर्तमान महासचिव एंतोनियो गुतारेस का कार्यकाल एक जनवरी को समाप्त होगा। चारों उम्मीदवारों ने कहा कि वे संयुक्त राष्ट्र के तीन मुख्य स्तंभों शांति, विकास और मानवाधिकार को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने ईरान, गाजा, यूक्रेन और सूडान जैसे संकटग्रस्त क्षेत्रों में संयुक्त राष्ट्र की सीमित भूमिका पर चिंता जताई और संस्था में सुधार की जरूरत बताई। मिशेल बाचेलेत (74) ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र को संकट आने से पहले उन्हें रोकने की क्षमता विकसित करनी होगी। उन्होंने संवाद, एकजुटता और सक्रिय नेतृत्व पर जोर दिया।

## ऑफ बीट

### 'इंटरवल रनिंग' भी सेहत के लिए बेहद उपयोगी

दौड़ना न केवल बीमारियों से बचाव करता है, मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है बल्कि उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को भी धीमा करता है। इंटरवल रनिंग



वास्तव में हाई-इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग (एचआईआईटी) का एक हिस्सा है, जिसमें तीव्र गति से दौड़ने के छोटे सत्रों के बाद विश्राम या धीमी गति से दौड़ने का समय शामिल होता है। यह पद्धति पिछले कुछ वर्षों में टबाटा और क्रॉसफिट जैसे वर्कआउट्स के ज़रिये लोकप्रिय हुई है। कैसे काम करता है इंटरवल रनिंग : एचआईआईटी में, उदाहरण के तौर पर, 30 सेकंड तक तेज़ गति से दौड़ने के बाद 30 सेकंड का आराम किया जाता है। यह प्रक्रिया कई बार दोहराई जाती है। इसी सिद्धांत को दौड़ने में शामिल करते हुए, "10-20-30 विधि" अपनाई जा सकती है, जिसमें पहले 30 सेकंड तक चलना या हल्की दौड़, फिर 20 सेकंड तक मध्यम गति की दौड़ और फिर 10 सेकंड की तेज़ स्प्रिंटिंग यानी तेज गति से दौड़ शामिल होती है। "फार्टलेक" स्वीडिश शब्द है जिसका अर्थ 'स्पीड प्ले'' होता है। व्यायाम के लिए यह विधि भी एक आसान तरीका है जिसमें धीमी दौड़ के बीच-बीच में कुछ सेकंड की तेज़ दौड़ शामिल होती है। इंटरवल रनिंग हृदय संबंधी सेहत, मेटाबॉलिक स्वास्थ्य और शारीरिक संरचना (वसा की मात्रा और वितरण) में बेहतर सुधार लाती है।

विजय संकल्प सभा में बोले प्रधानमंत्री

# टीएमसी की निर्ममता से मां रोई, माटी बिकी, मानुष हो गया पलायन को मजबूर राज्य को कर दिया घुसपैठियों के हवाले व यहां महाजंगलराज कायम कर दिया



प्रधानमंत्री ने कोलकाता में चुनाव प्रचार के पहले बड़ो मां (बीनापाणी देवी) की पूजा की और उनके पैर छूकर आशीर्वाद भी लिया

एजेंसी ▶▶ बोंगांव

पश्चिम बंगाल के बोंगांव में विजय संकल्प सभा में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीएमसी पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी की निर्ममता ने बंगाल की पहचान (मां, माटी और मानुष) को गहरा नुकसान पहुंचाया है।

15 साल पहले टीएमसी 'मां-माटी-मानुष' का नारा देकर सत्ता में आई थी, लेकिन आज उनके मुंह से ये शब्द तक नहीं निकलते। अगर वे इसका जिक्र करेंगे, तो उनके पाप सामने आ जाएंगे। टीएमसी की निर्ममता ने मां को रुला दिया, माटी को सिंडिकेट और घुसपैठियों के हवाले कर दिया और मानुष को पलायन के लिए मजबूर कर दिया।बंगाल के पास अपार संभावनाएं हैं और यह राज्य फिर से देश का नंबर वन राज्य बन सकता है। इस दौरान पीएम मोदी के निशाने पर टीएमसी और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी रहीं। पीएम मोदी ने दावा किया कि पहले चरण में वोटिंग के बाद साफ हो चुका है कि बंगाल में भाजपा प्रचंड जीत दर्ज करने जा रही है।



## बोंगांव रैली में पीएम मोदी ने सीएम ममता को सुनाई खरी-खरी, बंगाल की पहचान को गुमा दिया

### जनता ने पहले चरण में टीएमसी के अहंकार को तोड़ दिया

पीएम मोदी ने पहले चरण के मतदान का जिक्र करते हुए कहा कि जनता ने पहले चरण में टीएमसी के अहंकार को तोड़ दिया है और दूसरे चरण में भाजपा की बड़ी जीत तय होगी। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर प्रधानमंत्री ने टीएमसी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। टीएमसी के महाजंगलराज की सबसे बड़ी पीड़ित हमारी बहनें और बेटियां हैं। संदेशखाली में बहनों के साथ अन्याय हुआ, लेकिन सरकार ने गुंडों का साथ दिया। बेटियां लापता हो रही हैं और सरकार सोई हुई है।

### बड़ो मां के मंदिर में टेका माथा

प्रधानमंत्री और बड़ो मां (बीनापाणी देवी) की 2019 की मुलाकात ने बंगाल की राजनीति में एक नया मोड़ दिया था। उस समय पीएम मोदी ने उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया था जिसकी तस्वीर आज भी मतुआ वोटर्स के बीच काफी लोकप्रिय है।इस मुलाकात और उसके बाद सीएए के वादे ने मतुआ समुदाय को बड़े पैमाने पर भाजपा की ओर मोड़ दिया। 2019 के लोकसभा चुनाव में मतुआ बहुल उत्तर 24 परगना और नदिया जिलों की कई सीटों पर भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

### आप हमें वोट दें, हम टीएमसी से आजादी दिलाएंगे

पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल के पास सब कुछ है। बंगाल के लोगों के पास सामर्थ्य भरपूर है, इसलिए बंगाल फिर से देश का नंबर वन राज्य बन सकता है। हमें बस नेताजी सुभाष चंद्र बोस के आह्वान को याद रखना है। नेताजी ने कहा था, तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। नेताजी के इस आह्वान पर देशवासियों ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। आज बंगाल को आपके एक वोट की जरूरत है। आप हमें अपना आशीर्वाद दीजिए, अपना वोट दीजिए, हम आपको टीएमसी से आजादी दिलाएंगे। आजादी, टीएमसी के महाजंगलराज से, आजादी, टीएमसी के भय से, आजादी, टीएमसी के भ्रष्टाचार से, आजादी, बेटियों पर अत्याचार से, आजादी, बेकारी और बेरोजगारी से, आजादी, लुटती भर्ती परीक्षाओं से, आजादी, घुसपैठियों के कब्जे से, आजादी, गुंडों और मस्तानों से।

### संदेशखाली का भी किया जिक्र

पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी के महाजंगलराज की सबसे बड़ी पीड़ित हमारी बहनें और बेटियां हैं। बहनों के साथ सबसे बड़ा धोखा हुआ है, इसलिए इस बार सबसे अधिक गुस्सा बहनों में ही दिख रहा है। संदेशखाली में बहनों के साथ गुंडे अन्याय करते रहे। टीएमसी की निर्मम सरकार गुंडों का साथ देती रही। यहां बहनों को ही गाली दी गई। बंगाल के भाइयों और बहनों, इसे कभी भी भूलना नहीं है।

**सभी शरणार्थी परिवारों को मिलेगी नागरिकता... ये मोदी की गारंटी**

पीएम मोदी ने कहा कि मैं मतुआ-नामशूद्र और अन्य सभी शरणार्थी परिवारों से कहूंगा... आपको नागरिकता भी मिलेगी, आपको पक्का पता मिलेगा, आपको हर वो कागज मिलेगा, हर वो हक मिलेगा।

### कांग्रेस कार्यकर्ता की हत्या पर भड़के राहुल

#### बंगाल में लोकतंत्र नहीं, वहां टीएमसी का गुंडा राज चल रहा



बंगाल में एक कांग्रेस कार्यकर्ता की हत्या कर दी गई है। कांग्रेस ने इसका आरोप टीएमसी से जुड़े बदमाशों पर लगाया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी इस मुद्दे को लेकर टीएमसी पर निशाना साधा है। राहुल ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता की हत्या टीएमसी के गुंडों ने की है। उन्होंने हत्यारों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की है। राहुल ने एक्स पर लिखा, कांग्रेस के कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की चुनाव बाद टीएमसी से जुड़े गुंडों द्वारा की गई हत्या बेहद निंदनीय है। बंगाल में आज लोकतंत्र नहीं, टीएमसी का गुंडा राज चल रहा है। वोट के बाद विरोधी आवाजों को डराना, मारना, मिटाना यही टीएमसी का चरित्र बन चुका है।

### कांग्रेस-ममता ने आतंकवादियों को बिरयानी खिलाई मोदी ने 'सिंदूर' में उनको मिट्टी में मिलाया



**नादिया।** बंगाल चुनाव के दूसरे चरण के प्रचार के दौरान गृहमंत्री अमित शाह ने नादिया में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और ममता बेनर्जी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने पहलगाम हमले का जिक्र किया और कहा कि इस हमले के बाद पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर कर आतंकियों को करारा जवाब दिया था,लेकिन एक समय वो भी था जब देश में ममता और कांग्रेस की सरकार थी तब ये लोग आतंकवादियों को बिरयानी खिलाते थे। शाह ने कहा कि पाकिस्तान के घर में घुसकर हमने 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया और आतंकवादियों को मिट्टी में मिला दिया। पीएम मोदी ने इस देश को आतंकवाद, नक्सलवाद से मुक्त कराया है और अब भाजपा सरकार बनाइए एक-एक करके घुसपैठियों को चुन-चुनकर बाहर निकाल देंगे।

रवि किशन ने कहा

### यहां एक अलग बांग्लादेश बन रहा



भाजपा सांसद रवि किशन ने टीएमसी पर निशाना साधा है। इस दौरान उन्होंने कहा कि बंगाल का वर्तमान माहौल ऐसा है कि यहां एक 'अलग बांग्लादेश' बन रहा है। रवि किशन ने यह बयान मीडिया के सवाल पर दिया था। जब उनसे पूछा गया कि टीएमसी दावा कर रही है कि भाजपा वाले ये अफवाह फैला रहे हैं। एसआईआर का पैनिक है, लोग डरे हुए हैं इसलिए वोट कर रहे हैं।

भड़कीं ममता बेनर्जी भाषण छोड़ मंच से उतर गईं

### मैं आप सभी से माफी मांगती हूं भाजपा की रैली से आ रहा था शोर



भवानीपुर में चुनावी रैली के दौरान सीएम ममता बेनर्जी ने जनसभा को बीच में ही रोक दिया और नाराजगी जाहिर करते हुए मंच से उतर गईं। वजह थी भाजपा की रैली से आ रहा शोर। ममता ने कहा कि वे जान-बूझकर झगड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं। वे आसपास शोर मचा रहे हैं ताकि मैं सभा न कर सकूं। माताओं, बहनों और भाइयों, कृपया मुझे क्षमा करें। मैं अगले दिन रैली निकालूंगी। यह बहुत अपमानजनक और शर्मनाक है। मंच छोड़ने से पहले मैं आप सभी से माफी मांगती हूं।

### 100 मीटर की दूरी पर थी सुवेंदु की सभा

ममता की रैली से 100 मीटर दूर ही भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी की सभा हो रही थी। ममता ने आरोप लगाया कि उनकी रैली में बाधा डालने के लिए भाजपा ने उनकी ओर अपने लाउडस्पीकर कर दिए हैं। भाजपा ने भी पलटवार करते हुए कहा कि यह उनकी हार की आहट है।

ममता के समर्थन में उतरे केजरीवाल

### 27 लाख लोग कसम खाकर जाओ बंगाल में आतंकवादी रहते हैं क्या?



दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप)के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को बंगाल में एसआईआर को भाजपा और केंद्र सरकार पर हमला बोला। मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी के समर्थन में बेलेघाटा एक सार्वजनिक रैली में कहा, वोटर लिस्ट बदलने के लिए षडयंत्र किया गया। 27 लाख नाम वोटर लिस्ट से काट दिए। केजरीवाल ने कहा, मां-बाप का वोट है, लेकिन बेटा का वोट काट दिया। आपके साथ सारे अधिकार छीन लिए. आज कसम खाकर जाओ, जिन 27 लाख लोगों के वोट कटे हैं, वो घर-घर जाकर दीदी के लिए वोट मांगेंगे।

## खबर संक्षेप

### गिरफ्तारी से बचने सुप्रीम कोर्ट पहुंचे खेड़ा




**नई दिल्ली।** गुवाहाटी हाई कोर्ट द्वारा एंटीसिपेटरी बेल की याचिका खारिज होने के बाद कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने अब सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। वह असम के सीएम हिमंता की पत्नी द्वारा एफआईआर मामले में एंटीसिपेटरी बेल के लिए शीर्ष अदालत पहुंचे हैं। हाईकोर्ट ने अर्जी रद्द कर दी है।

### नीट यूजी एडमिट कार्ड आज किया जाएगा जारी



**नई दिल्ली।** नीट यूजी 2026 के एडमिट कार्ड का इंतजार कर रहे कैंडिडेट्स के लिए एक बड़ा अपडेट है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने आज जारी होने वाले एडमिट कार्ड को स्थगित कर दिया है। एनटीए ने बताया कि अब नीट यूजी एडमिट कार्ड 27 अप्रैल को जारी किया जाएगा।

### हिमाचल में 9 साल बाद फिर अपार्टमेंट एक्ट



**सोलन।** यहां चेस्टर हिल प्रोजेक्ट में कायदे कानूनों को ताक पर रखकर हुए निर्माण से सबक लेकर सरकार ने 9 साल बाद प्रदेश में अपार्टमेंट एक्ट को दोबारा लागू करने का फैसला किया है। प्रदेश में आवासीय परियोजनाओं के मनमाने निर्माण पर अंकुश लगेगा और बाह्य विकास शुल्क की वसूली शुरू होगी। इससे प्रदेश को आय होगी।

### दिल्ली के नरेला में फैक्टरी में लगी आग



**नरेला।** दिल्ली के नरेला में एक फैक्टरी में आग लग गई। रविवार सुबह नरेला में प्लास्टिक दाने की फैक्टरी में आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची दमकल की 10 गाड़ियां आग बुझाने में जुटी रहीं। दमकल अधिकारियों ने बताया कि अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। काबू कर लिया है।

'मन की बात' के 133वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने देशवासियों को किया संबोधित

## कच्छ की 'फ्लेमिंगो सिटी' के मुरीद हुए पीएम मोदी, पक्षियों को बताया 'लाखा जी के बाराती'

*इसके साथ ही देश की उपलब्धियों को भी जनता के सामने रखा*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने 'मन की बात' कार्यक्रम के 133वें एपिसोड में फ्लेमिंगो (राजहंस) पक्षियों के संरक्षण और उनके प्राकृतिक आवास के बारे में चर्चा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि बरसात खत्म होते ही कच्छ के रण की धरती जीवंत हो जाती है। हर साल लाखों फ्लैमिंगो यहां आते हैं। पूरा इलाका गुलाबी रंग से रंग जाता है, इसलिए इसे फ्लैमिंगो सिटी कहा जाता है। ये पक्षी यहीं घोंसले बनाते हैं और अपने बच्चों को बड़ा करते हैं। कच्छ के लोग इन्हें 'लाखा जी के बाराती' कहते हैं। अब लाखा जी के ये बाराती कच्छ में पर्यावरण संरक्षण के बड़े सुंदर प्रतीक बन गए हैं। पीएम ने कहा कि जैसे ही मॉनसून खत्म होता है, यहां की जमीन जीवंत हो उठती है। हर साल, लाखों फ्लेमिंगो यहां आते हैं। पूरा इलाका गुलाबी रंग का हो जाता है, इसीलिए इसे 'फ्लेमिंगो सिटी' कहा जाता है। ये पक्षी यहीं अपने घोंसले बनाते हैं और अपने बच्चों को पालते हैं।





### पवन ऊर्जा के मामले में भारत अब विश्व में चौथे स्थान पर आ पहुंचा

प्रधानमंत्री ने ताजा संस्करण में रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में देश की उपलब्धि का जिक्र किया और कहा कि यह राष्ट्र की सामूहिक इच्छाशक्ति और एक स्थायी भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता का एक शक्तिशाली प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने एक वर्ष 6 गीगावाट की नई पवन ऊर्जा स्थापित करने का मील का पत्थर हासिल किया है और इस उपलब्धि ने अंतरराष्ट्रीय जगत का भी ध्यान भारत की ओर खींचा है। पवन ऊर्जा की कुल क्षमता के मामले में भारत अब वैश्विक स्तर पर चौथे स्थान पर है। उन्होंने इस उपलब्धि को केवल एक तकनीकी सफलता नहीं, बल्कि राष्ट्र की सामूहिक इच्छाशक्ति और सतत भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता का एक सशक्त प्रतीक बताया।

#### 'वायुर्वा इति व्यष्टिः, वायुरवै समष्टिः

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम में सौर और पवन ऊर्जा के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज मैं एक ऐसी शक्ति की बात करना चाहता हूं, जो अदृश्य है, लेकिन जिसके बिना हमारा जीवन एक पल भी ना चले। यही ताकत भारत को आगे बढ़ा रही है। यह हमारी पवन-शक्ति है। हमारे प्राचीन ग्रंथों में कहा गया है- 'वायुर्वा इति व्यष्टिः, वायुरवै समष्टिः।' अर्थात वायु सिर्फ एक तत्व नहीं है, यह जीवन की ऊर्जा है, यह समष्टि की शक्ति है।

#### बांस उद्योग से बदल रही नॉर्थ ईस्ट की तस्वीर, महिलाएं हो रहीं लाभान्वित

*प्रधानमंत्री ने देशवासियों को संबोधित करते हुए उत्तर-पूर्व भारत की उपलब्धियों और उसकी संभावनाओं पर विशेष चर्चा की। उन्होंने कहा कि नॉर्थ ईस्ट में बांस उद्योग तेजी से बदल रहा है। यह क्षेत्र अब रोजगार और नवाचार का बड़ा केंद्र बन गया है। इससे महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने और आय के नए अवसर मिल रहे हैं। पीएम मोदी ने उत्तर-पूर्व को भारत की 'अष्टलक्ष्मी' बताते हुए कहा कि यह क्षेत्र न सिर्फ प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर है, बल्कि यहां अपार प्रतिभा और अवसर भी मौजूद हैं।*

#### देशवासियों से जनगणना 2027 को सफल बनाने को कहा

*प्रधानमंत्री ने देशवासियों से जनगणना 2027 को मिलकर सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह दुनिया की सबसे बड़ी जनगणना है। देश की जनगणना सिर्फ सरकारी काम नहीं है। यह हम सब की जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में इस समय एक बहुत अहम अभियान चल रहा है, जिसके बारे में हर भारतीय को जानकारी होनी जरूरी है।*

#### यह भी बोले-दुनिया की थाली तक पहुंचा भारत का स्वाद

*पीएम मोदी ने मासिक रेडियो कार्यक्रम में भारत के डेयरी सेक्टर की बढ़ती ताकत और वैश्विक स्तर पर भारतीय चीज की पहचान का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत का स्वाद, परंपरा और गुणवत्ता अब दुनिया भर में नई पहचान बना रहे हैं। हमारे देश में खान-पान की परंपराएं सिर्फ स्वाद तक सीमित नहीं रही हैं। भारतीय चीज भी इसी परंपरा का अहम हिस्सा है। उन्होंने बताया कि ब्राजील में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय चीज प्रतियोगिता में भारत के दो ब्रांड्स को प्रतिष्ठित पुरस्कार मिले, जिसकी चर्चा सोशल मीडिया पर भी खूब हुई।*

विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई

## अग्रिम जमानत भले न दें, लेकिन सरेंडर का आदेश नहीं दे सकतीं कोर्ट



*सर्वोच्च अदालत ने क्षेत्राधिकार पर कहा*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की सर्वोच्च अदालत ने अग्रिम जमानत और अदालती क्षेत्राधिकार को लेकर अहम टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसी भी आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज करना अदालत का अधिकार है। याचिका खारिज करते समय अदालत के पास यह शक्ति नहीं है कि वह आरोपी को संबंधित ट्रायल कोर्ट के सामने आत्मसमर्पण करने का निर्देश दे।

जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की खंडपीठ ने एक मामले की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। यह मामला धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोपी एक व्यक्ति की ओर से दायर की गई विशेष अनुमति याचिका से जुड़ा था। पीठ ने सुनवाई के दौरान न्यायिक सीमाओं के बारे में बात की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि अदालत अग्रिम जमानत खारिज करना चाहती है, तो वह ऐसा कर सकती है। लेकिन अदालत के पास यह कहने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है कि याचिकाकर्ता अनिवार्य रूप से सरेंडर करे।

#### धोखाधड़ी और जालसाजी के मामले की सुनवाई

*जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की खंडपीठ ने एक मामले की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। यह मामला धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोपी एक व्यक्ति की ओर से दायर की गई विशेष अनुमति याचिका से जुड़ा था। पीठ ने सुनवाई के दौरान न्यायिक सीमाओं के बारे में बात की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि अदालत अग्रिम जमानत खारिज करना चाहती है, तो वह ऐसा कर सकती है। लेकिन अदालत के पास यह कहने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है कि याचिकाकर्ता अनिवार्य रूप से सरेंडर करे।*

#### झारखंड से जुड़ा है यह मामला

*यह पूरा मामला झारखंड हाईकोर्ट के एक पुराने आदेश से उपजा था। हाई कोर्ट ने भूमि विवाद से संबंधित एक मामले में आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया था। याचिका खारिज करने के साथ ही हाई कोर्ट ने आरोपी को निर्देश दिया था कि वह निचली अदालत के सामने आत्मसमर्पण करे और नियमित जमानत के लिए आवेदन करे। मजिस्ट्रेट के समक्ष शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसमें आरोपी पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत आरोप लगाए गए थे। इनमें धारा 323 यानी स्वेच्छा से चोट पहुंचाना, 420-धोखाधड़ी, 468 यानी धोखाधड़ी के उद्देश्य से जालसाजी और 471-जाली दस्तावेज का उपयोग शामिल हैं।*

रेलमंत्री वैष्णव ने दी जानकारी

## बेंगलुरु में बनेगी नई बुलेट ट्रेन आइसीएफ-बीइएमएल को जिम्मा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



स्वदेशी बुलेट ट्रेन बी-28 का उत्पादन बेंगलुरु में किया जाएगा। इन ट्रेनों का निर्माण सवारी डिब्बा कारखाना (आईसीएफ), चेन्नई और भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) मिलकर करेंगे। इके लिए 'आदित्य' विशेष परिसर तैयार किया गया है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उच्च गति रेल के निर्माण के लिए समर्पित इस विशेष परिसर का उद्घाटन किया। मंत्री ने कहा कि उच्च गति रेल तकनीक बेहद जटिल और पेचीदा होती है। देश के भीतर इसका विकास स्वदेशी अभियांत्रिकी के क्षेत्र में मील का पत्थर है। यहां आईसीएफ और बीइएमएल द्वारा ट्रेनों को तैयार किया जाएगा। इस परिसर में विशेष रूप से रोबोटिक लेजर वेल्डिंग सिस्टम समेत कई आधुनिक और हाई-प्रिसिजन मशीनों की सुविधा दी गई है। इन ट्रेनों का निर्माण 250 किमी या इससे अधिक गति से चलने के लिए किया जाएगा।

दल बदल से लुधियाना में दूसरे दिन भी 'आप' ने किया हंगामा

## गुप्ता के खिलाफ प्रदर्शन, नारेबाजी कर पुतला जलाया

राज्यसभा सदस्यों के खिलाफ कार्यकर्ताओं में गहरी नाराजगी दिखी

एजेंसी ▶▶ लुधियाना



लुधियाना में आप से जुड़े कार्यकर्ताओं का विरोध प्रदर्शन रविवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। पार्टी छोड़ने वाले राज्यसभा सदस्यों के खिलाफ कार्यकर्ताओं में गहरी नाराजगी देखने को मिली। कार्यकर्ताओं ने किचलू नगर स्थित सांसद रजिंदर गुप्ता के दफ्तर के बाहर धरना देकर विरोध जताया। प्रदर्शन की अगुवाई शहरी प्रधान जतिंदर खंगूड़ा ने की, जबकि विधायक राजिंदर कौर छीन भी मौजूद रहीं। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने दफ्तर के बाहर जमकर नारेबाजी की और पार्टी छोड़ने वाले नेताओं के खिलाफ रोष प्रकट किया। प्रदर्शन के दौरान माहौल पूरी तरह गरम रहा।

### बागी सांसदों को संजय की दो टूक

#### पहले इस्तीफा दीजिए फिर जहां जाना हो जाइए



**नई दिल्ली।** आप के राज्यसभा सांसद नेता संजय सिंह ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी से बगावत करने वाले 7 राज्यसभा सांसदों को साफ संदेश दिया कि आप जिस दल से चुने गए है अगर आपको उससे मतभेद है तो आप इस्तीफा दीजिए और जहां जाना जाइए।

#### राघव समेत सभी 7 की जाएगी सांसदी

*सिंह ने आप के दो-तिहाई राज्यसभा सांसदों के भाजपा में शामिल होने पर एक बड़ा दावा किया है। उनका कहना है कि इन सभी बागियों की राज्यसभा सदस्यता जाएगी। सिंह ने यह भी बताया कि किन आधार पर बागियों की सदस्यता जाएगी। सिंह का यह बयान ऐसे वक्त में सामने आया है जब आप ने साफ कर दिया है कि वह बागी सांसदों को राज्यसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित करने की मांग करेगी। सिंह ने रविवार को राज्यसभा सभापति सीपी राधाकृष्णन को पत्र भेजकर राघव चड्ढा समेत राज्य सभा के उन 7 सांसदों को अयोग्य घोषित करने की गुजारिश की है। जिन्होंने भाजपा में विलय की घोषणा की है।*

#### बागियों की सदस्यता जानी तय

*संजय ने दावा किया कि राज्यसभा के इन 7 बागी सदस्यों की सदस्यता तो जानी तय है। इनकी ओर से उठाया गया कदम दल-बदल के समान है। सदस्यों का कदम संबंधित कानूनी प्रावधानों के खिलाफ है।*

राष्ट्रपति ट्रंप पर यह तीसरा जानलेवा हमला

# 2016 लास वेगास, 2024 पेन्सिलवेनिया में भी निशाने पर रहे

## हिल्टन होटल में ट्रंप की पूरी कैबिनेट मौजूद थी, सभी सुरक्षित, हमलावार कंप्यूटर साइंस में मास्टर

**वॉशिंगटन।** शनिवार रात वाशिंगटन डीसी के वाशिंगटन हिल्टन होटल के बॉलरूम में व्हाइट हाउस कॉरेस्पॉन्डेंट्स एसोसिएशन का वार्षिक डिनर चल रहा था। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पत्रकारों को संबोधित करने वाले थे, लेकिन अचानक गोलीबारी की तेज आवाजें गूंजीं। इसने पूरे कार्यक्रम की चमक-दमक को चकनाचूर कर दिया। मेहमान फर्श पर लेट गए और सुरक्षा कर्मियों ने राष्ट्रपति को तुरंत घेर लिया। यह वही वाशिंगटन हिल्टन होटल है जहां 45 साल पहले 1981 में राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन पर हत्या का प्रयास हुआ था। इस भव्य आयोजन में अमेरिका का राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप, फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रंप के साथ ट्रंप की पूरी कैबिनेट जिसमें उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, रक्षा सचिव पीट हेगसेथ, विदेश सचिव मार्को रूबियो, स्वास्थ्य सचिव रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर के अलावा अन्य कई नेता और मेहमान मौजूद थे। गनीमत रही सभी मेहमान सुरक्षित हैं।


गोलाबारी के दौरान हॉल में मौजूद मेहमान टेबल-कुर्सियों की आड़ में जान बचाने का प्रयास करते हुए

### इतिहास दोहराने की कोशिश

*30 मार्च 1981 को यानी 45 साल पहले वॉशिंगटन हिल्टन होटल के बाहर जॉन हिंकले जूनियर ने राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन को गोली मारकर घायल कर दिया था। 22 कैलिबर की एक गोली उनकी लिमोजीन से टकराकर वापस आई, उनके सीने में लगी, जिससे उनकी एक पसली टूट गई और फेफड़े में छेद हो गया। जॉर्ज वॉशिंगटन यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल में सर्जरी के बाद रीगन की जान बच गई।*


फाइल फोटो



2024 पेन्सिलवेनिया हमले के दौरान घायल ट्रंप

### पेन्सिलवेनिया में बाल-बाल बचे थे ट्रंप

## गोली ट्रंप के दाहिने कान के ऊपरी हिस्सों को छूकर निकली थी

डोनाल्ड ट्रंप को तीसरी बार निशाना बनाया गया है। इससे पहले मार्च 2016 में लास वेगस में राष्ट्रपति चुनाव प्रचार को दौरान एक रैली में सुरक्षा में बड़ी चूक के कारण एक व्यक्ति ने मंच के पास पहुंचकर ट्रंप की ओर से पुलिस अधिकारी का हथियार छीनने की कोशिश की। सुरक्षा अधिकारियों ने तुरंत उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने ट्रंप को नुकसान पहुंचाने की मंशा को स्वीकार किया। इसके बाद जुलाई 2024में पेन्सिलवेनिया में ट्रंप पर चुनावी करियर का सबसे खतरनाक हमला हुआ। इस हमले में हमलावर ने रैली के दौरान छत से ट्रंप को निशाना बनाकर गोली चलाई। गोली ट्रंप के दाहिने कान के ऊपरी हिस्सों को छूकर निकल गई। इस हमले में एक दर्शक की मौत हुई और कई घायल हुए। सुरक्षाबलों ने हमलावर को मौके पर ही मार गिराया।

### जान बचाने की कवायद


कार्यक्रम की कवरेज कर रहा एक कैमरामेन फर्श पर लेट गया

हमलावर कोल टॉमस एलन

## नासा फेलो और पार्ट टाइम टीचर

वॉशिंगटन में ट्रंप कार्यक्रम के दौरान फायरिंग के आरोपी कोल टॉमस एलन की पहचान सामने आई है। वह नासा से जुड़ा रहा और शिक्षक भी बताया जा रहा है। जांच एजेंसियां उसके बैकग्राउंड की पड़ताल कर रही हैं। वॉशिंगटन हिल्टन होटल में चेक-इन के दौरान शख्स ने खुद का नाम कोल टॉमस एलन बताया था। जिसकी उम्र 31 साल है और कैलिफोर्निया के टोरेंस का रहने वाला है। उसने घटना वाले दिन ही हिल्टन होटल में चेक-इन किया था। एलन मैकेनिकल इंजीनियर और कंप्यूटर साइंस का छात्र रह चुका है। 2014 में एलन ने नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी में समर अंडरग्रेजुएट रिसर्च फेलोशिप कार्यक्रम में भाग लिया था। उसने 2017 में कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिग्री हासिल की थी और साल 2025 में कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी डोमिंगुएज हिल्स से कंप्यूटर साइंस में मास्टर्स डिग्री हासिल की थी। इसके अलावा, वह पार्ट-टाइम टीचर और वीडियो गेम डेवलपर था।



### मची अफरा-तफरी



गोलीबारी के बाद मेहमानों को होटल से सुरक्षित निकालते सुरक्षाकर्मी

### राहत की सांस


सुरक्षित महसूस होने पर मां ने बेटी को गले से लगा लिया

---

### खबर संक्षेप

#### मूसेवाला के पिता को विदेशी नंबर से धमकी

**चंडीगढ़।** गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई पर बन रही फिल्म लारेंस ऑफ पंजाब का विरोध करना सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह सिद्धू को भारी पड़ गया। उन्हें व्हाट्सएप पर विदेशी नंबर से धमकी भरा संदेश भेजा गया है जिसमें बम और गोली से उड़ाने की चेतावनी दी गई है। धमकी में कहा गया है कि यह फिल्म हर हाल में रिलीज होगी और इसे कोई नहीं रोक सकता।



#### हाफिज सईद के करीबी को गोलियों से भूना

**कराची।** पाकिस्तान में अज्ञात हमलावारों ने आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के टॉप कमांडर शेख यूसुफ अफरीदी पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी जिससे उसकी मौत हो गई। अफरीदी को लश्कर प्रमुख हाफिज सईद का सबसे खास माना जाता है। खैबर पख्तूनख्वा में लश्कर-ए-तैयबा के नेटवर्क का एक अहम चेहरा था।



### ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशिकयन की अमेरिका को दो टूक

ईरानी दिश मंत्री ने ओमान के सुल्तान से मस्कट में मुलाकात की, फिर वापस पाक पहुंचे

# दबाव, धमकियों और घेराबंदी के माहौल से डरकर 'बातचीत' नहीं करेगा तेहरान

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशिकयन ने स्पष्ट किया है कि उनका देश दबाव, धमकियों और घेराबंदी के माहौल से डरकर किसी भी तरह की बातचीत नहीं करेगा। उन्होंने यह बात पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ के साथ फोन पर हुई बातचीत के दौरान कही।


राष्ट्रपति मसूद पेजेशिकयन

इस बातचीत में उन्होंने अमेरिका पर आरोप लगाया कि वह बातचीत और युद्ध विराम (सीजफायर) के दौरान लगातार समझौतों का उल्लंघन और दबाव की नीति अपना रहा है। ईरान के राष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिका द्वारा लगाए गए समुद्री प्रतिबंध अंतरराष्ट्रीय समझौतों और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्रवाइयां और धमकी भरे बयान शांति प्रक्रिया पर भरोसे को कमजोर करते हैं।

#### अराघची ने मिस्र और तुर्की से फोन पर चर्चा की



क्षेत्रीय तनाव के बीच ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने मिस्र और तुर्किये के अपने समकक्षों से बीत की। अराघची और मिस्र के विदेश मंत्री बदर अब्देलट्टी ने युद्धविराम और क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। वहीं, तुर्किये के विदेश मंत्री हाकान फिदान के साथ उनकी बातचीत मुख्य रूप से ईरान और अमेरिका के बीच चल रही वार्ता प्रक्रिया पर केंद्रित रही।

#### ईरान ने 10 मिनट में दूसरा प्रस्ताव भेजाः ट्रंप

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक प्रस्ताव का जिक्र करते हुए बताया कि ईरान ने पहले जो कागज दिया था, वह अच्छा नहीं था। लेकिन जैसे ही उन्होंने पाकिस्तान जाने वाले दूत का दौरा रद्द किया, 10 मिनट के भीतर ईरान ने एक नया और बेहतर प्रस्ताव भेज दिया। ट्रंप ने साफ किया कि ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि ईरान ने बहुत कुछ देने की पेशकश की है, लेकिन वह अभी काफी नहीं है। हालिया गोलाबारी पर उन्होंने कहा कि शुरुआती जांच के आधार पर उन्हें नहीं लगता कि यह घटना ईरान से जुड़े युद्ध या तनाव से संबंधित है।

#### संघर्ष कम करने के प्रयासों पर जोर

*ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अपने ओमान दौरे के दौरान ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक अल सईद से मस्कट में मुलाकात की। इस मुलाकात में क्षेत्रीय हालात और मध्यस्थता प्रयासों पर चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने तनाव कम करने और संघर्ष खत्म करने के प्रयासों पर विचार किया। ओमान की यात्रा के बाद वे फिर से इस्लामाबाद पहुंचे।*

#### होर्मुज बंद होने से भुखमरी का खतराः यूएन

होर्मुज स्ट्रेट बंद रहने से वैश्विक उर्वरक आपूर्ति पर गंभीर असर पड़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि यदि समुद्री आपूर्ति बाधित रही तो दुनिया के करोड़ों लोग भूख और अकाल जैसी स्थिति का सामना कर सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र प्रोजेक्ट सर्विसेज कार्यालय (यूएनओपीएस) ने कहा है कि उर्वरक सप्लाई में रुकावट वैश्विक मानवीय संकट को जन्म दे सकती है। एजेंसी के कार्यकारी निदेशक जॉर्ज मोरेइरा दा सिल्वा ने कहा कि मौजूदा हालात जारी रहे तो लाखों लोग खाद्य असुरक्षा के दायरे में आ जाएंगे। उन्होंने बताया कि उर्वरकों के लिए जरूरी कच्चे माल की कीमतें रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गई हैं। इसका सीधा असर खेती की लागत, उत्पादन और खाद्य कीमतों पर पड़ेगा।

### द्विपक्षीय रिश्तों पर हुई गहन चर्चा

# अजित डोभाल की यूएई के राष्ट्रपति से मुलाकात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने रविवार को संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के उपायों, इलाके के हालात और आपसी लाभ के दूसरे मुद्दों पर चर्चा की।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में यूएई में भारतीय दूतावास ने कहा कि एनएसए अजीत डोभाल ने यूएई का आधिकारिक दौरा किया। उन्होंने राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की। पीएम नरेंद्र मोदी का अभिवादन दिया।

व्यापक रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के उपायों, क्षेत्रीय स्थिति और आपसी हित के दूसरे मुद्दों पर चर्चा की गई।



#### खाड़ी में भारत तेज कर रहा पहुंच

एनएसए अजीत डोभाल का यह दौरा भारत की खाड़ी देशों तक पहुंच बनाने की कोशिश का हिस्सा है, जिसे अमेरिका और ईरान में बढ़ते तनाव के बीच तेज कर दिया गया है। इसके पहले 20 अप्रैल को डोभाल ने सऊदी अरब की यात्रा की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर की गई इस यात्रा में सऊदी अरब के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठकें हुई थीं। इसमें ऊर्जा और विदेश मामलों के मंत्रियों के साथ ही सुरक्षा अधिकारियों के साथ मुलाकातें शामिल थीं।

---

### विश्व बौद्धिक संपदा दिवस

## राष्ट्र की वास्तविक ताकत ही मस्तिष्कों की 'सृजनशीलता'




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बौद्धिक संपदा वह अमूर्त धरोहर है, जो मानव की बुद्धि, कल्पना और सृजनात्मक श्रम से जन्म लेती है। यह किसी पुस्तक के शब्दों में अभिव्यक्त होती है, किसी धुन की लय में प्रवाहित होती है, किसी वैज्ञानिक सूत्र में सन्निहित रहती है, या किसी उत्पाद के अभिनव डिज़ाइन में आकार ग्रहण करती है। यही विचार, यही सृजनात्मकता और यही नवाचार मानव की वास्तविक पूंजी हैं, जिन्हें हम 'बौद्धिक संपदा' के नाम से जानते हैं। प्रत्येक वर्ष 26 अप्रैल को मनाया जाने वाला विश्व बौद्धिक संपदा दिवस इसी सत्य का सशक्त उद्घोष है कि किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसके भौतिक संसाधनों में नहीं, बल्कि उसके मस्तिष्कों की सृजनशीलता में निहित होती है। वर्ष 2000 में सदस्य देशों ने 26 अप्रैल को विश्व बौद्धिक संपदा दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। यह वही ऐतिहासिक तिथि है, जब 1970 में वर्ल्ड एन्टलेक्चुअल प्रॉपर्टी ऑर्गनाइजेशन कन्वेंशन प्रभावी हुआ था।

### लंदन में नीलाम होगा शाही परिवार का 17वीं सदी का सुपर कम्प्यूटर

**लंदन।** जयपुर की महारानी गायत्री देवी के संग्रह से प्राप्त 17वीं शताब्दी में पीतल से बने एक दुर्लभ खगोलीय सुपरकंप्यूटर (एस्ट्रोलैब) को अगले सप्ताह लंदन में सोथबी नीलामीघर में नीलाम किया जाएगा। बुधवार को होने वाली नीलामी में यह सुपरकंप्यूटर 'इस्लामिक जगत एवं भारत की कला' का मुख्य आकर्षण है। इसे इस सप्ताहांत प्रदर्शित किया गया था और इसकी अनुमानित कीमत 15 से 25 लाख पौंड के बीच है। वर्ष 1612 का यह सुपर कंप्यूटर अपनी तरह का सबसे बड़ा कंप्यूटर माना जाता था।



### भारतीय सशस्त्र बलों की जरूरतों को पूरा करने में गेम-चेंजर

# दुश्मनों का बनेगा काल, डीआरडीओ का नया स्वदेशी आर्मर्ड व्हीकल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना अब पहले से कहीं ज्यादा घातक और आधुनिक होने जा रही है। भविष्य के युद्धों की जरूरतों को देखते हुए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने एक खास बख्तरबंद प्लेटफॉर्म तैयार किया है।

इसे विशेष रूप से वाहन अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान (वीआरडीई) द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है। डीआरडीओ ने बताया कि यह वाहन भारतीय सशस्त्र बलों की बदलती परिचालन जरूरतों को पूरा करने में गेम-चेंजर साबित होगा।



डीआरडीओ का नया स्वदेशी आर्मर्ड व्हीकल

#### उन्नत मारक क्षमता

इस स्वदेशी आर्मर्ड व्हीकल की सबसे बड़ी खूबी इसकी उन्नत मारक क्षमता और गतिशीलता है। 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान के तहत इसमें 30 मिमी का क्रूलेस बुर्ज लगाया गया है, जिसे 7.62 मिमी पीकेटी गन के साथ जोड़ा गया है। इतना ही नहीं, यह वाहन एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल दागने में भी पूरी तरह सक्षम है, जो इसे दुश्मन के टैंकों के लिए काल बनाता है।

#### 70% स्वदेशी सामान का हुआ है इस्तेमाल

इस प्रोजेक्ट की खास बात इसका स्वदेशी होना है। वर्तमान में इसमें 70 फीसदी कल-पुर्जे भारतीय हैं। डीआरडीओ का लक्ष्य जल्द ही इसे 100 प्रतिशत आत्मनिर्भर बनाना है। इसके निर्माण में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड और भारत फोर्ज लिमिटेड जैसी बड़ी कंपनियों के साथ कई एमएसएमई इकाइयों ने भी कंधा से कंधा मिलाकर सहयोग दिया है।

#### हर जगह भरेगा रफ्तार

इन आर्मर्ड व्हीकल्स में हाई पावर इंजन और ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन से लैस तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। यह उन्हें किसी भी चुनौतीपूर्ण रास्ते पर चलने के लिए बना है। चाहे पथरीले रास्ते हों, रेगिस्तान की रेत, जलभराव वाले इलाके या फिर ऊंची पहाड़ियां- यह हर जगह तेज गति से दुश्मन को मात देने की ताकत रखता है। साथ ही, पानी में चलने के लिए इसे हाइड्रो जेट तकनीक से लैस किया गया है।

#### सेना की बढ़ेगी ताकत

*मेजर जनरल एसके सिंह ने बताया कि यह आर्मर्ड व्हीकल 'मेक इन इंडिया' के तहत डिफेंस सेक्टर में स्वदेशीकरण को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। यह न केवल हमारी सेना को सशक्त बनाएगा।*

# एमपीपीएससी प्रीलिम्स 2026: थ्री लेयर जांच के बाद परीक्षा हॉल में एंट्री

## पहली बार लागू हुई निगेटिव मार्किंग, इस बार हर गलत उत्तर पर 1/3 अंक काटे जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में रविवार को मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपी पीएससी) की राज्य सेवा और राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा (प्रीलिम्स एग्जाम) आयोजित किए गए। परीक्षा में पहली बार नेगेटिव मार्किंग लागू की गई है। इसमें हर गलत उत्तर पर 1/3 अंक काटे जाएंगे। प्रदेशभर में इस परीक्षा में करीब 1.35 लाख उम्मीदवार शामिल हुए। यह परीक्षा प्रदेश के 54 जिलों में बनाए गए 365 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई है। परीक्षा हॉल में प्रवेश से पहले थ्री लेयर जांच की व्यवस्था की गई थी। इसके लिए सख्त सुरक्षा व्यवस्था के तहत बायोमेट्रिक सिस्टम भी लागू रहा। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जा रही है। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक सामान्य अध्ययन (जनरल स्टडीज) की रही, जबकि दूसरी पाली दोपहर 2:15 बजे से 4:15 बजे तक सामान्य अभिरुचि (जनरल एटीट्यूड) की हुई। भोपाल



में बनाए गए 21 परीक्षा केंद्रों पर करीब 7600 परीक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल होना था, जिसमें से कुछ परीक्षार्थी शामिल नहीं हो पाए। परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र पर एक घंटे पहले सुबह 9 बजे से ही पहुंचने लगे थे। परीक्षा के बाद कुछ परीक्षार्थियों ने दोनों पेपर में से एक कठिन तो दूसरा आसान बताया। भोपाल के साथ ही इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन में परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।

### सख्त जांच के बाद मिली एंट्री

भोपाल के गिन्नौरी स्थित शासकीय हमीदिया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के साथ ही शासकीय सुभाष स्कूल, नूतन कॉलेज, शा. उमावि आनंद नगर, अरेरा कॉलोनी, एमपी नगर, कोलार सहित शहर में बनाए गए 21 परीक्षा केंद्रों पर दो पाली में हुई परीक्षा के दौरान कई परीक्षार्थियों के परिजन आसपास बने शेड में धूप से बचने के लिए पहुंचे। लेकिन पार्किंग की समस्या देखी गई। केंद्रों पर सुबह 9 बजे से पहले ही परीक्षार्थियों का आना शुरू हो गया था। उम्मीदवारों को बायोमैट्रिक वेरिफिकेशन, क्यूआर कोड स्कैनिंग और फ्रिस्किंग जैसी तीन स्तर की जांच से गुजरने के बाद हॉल में एंट्री दी गई। इसका उद्देश्य नकल रोकना और परीक्षा को पारदर्शी बनाना रहा।

### 90 मिनट पहले पहुंचना था

आयोग द्वारा उम्मीदवारों को जारी निर्देश के अनुसार सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से 90 मिनट पहले केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य किया गया था, जबकि गेट परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पहले बंद करने के निर्देश दिए थे। देरी से पहुंचने वाले उम्मीदवारों को प्रवेश नहीं दिया गया।

### पहली बार निगेटिव मार्किंग

इस बार परीक्षा पैटर्न में भी बड़ा बदलाव किया गया है। पहली बार नेगेटिव मार्किंग लागू की गई है, जिसमें हर गलत उत्तर पर एक-तिहाई अंक काटे जाएंगे। एमपीपीएससी द्वारा इस भर्ती के जरिए डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी सहित विभिन्न ग्रुप ए और बी पदों के लिए कुल 155 पद भरे जाएंगे, जबकि राज्य वन सेवा के लिए 36 पद निर्धारित किए गए हैं।

### निगरानी के लिए विशेष टीमें रहीं तैनात

परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा और निगरानी के लिए विशेष टीमें तैनात की गई थीं। जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। ज्यादातर केंद्रों पर अधिकारियों ने परीक्षा से पहले ही भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### सामान्य ज्ञान के सवाल आसान लगे



पहले पेपर में सामान्य ज्ञान के सवाल पूछे गए थे, यह मुझे आसान लगे। लेकिन निगेटिव मार्किंग लागू होने से हर सवाल का जबाव काफी अच्छी तरह से सही होने पर ही दिया। इसमें मप्र से जुड़े कई सवाल ठीक रहे।

- सुजय नेमा, शा. हमीदिया स्कूल, गिन्नौरी, भोपाल

### निगेटिव मार्किंग पहली बार रही



पहला पेपर सामान्य ज्ञान पर आधारित था, जो ठीक रहा। दूसरे पेपर में कुछ सवाल कन्फ्यूज करने वाले रहे। इस बार निगेटिव मार्किंग होने से सवाल के उत्तर को समझने में कुछ समय लगा। दूसरा पेपर जनरल एटीट्यूड का था, जिसमें पर्सनालिटी से जुड़े सवाल अच्छे रहे।

- विशाल, शा. हमीदिया स्कूल, गिन्नौरी, भोपाल

## आयुर्वेद के प्राचीन ग्रंथों को खोज रहा आयुष मंत्रालय

**भोपाल।** ड्रग एण्ड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 (औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम) की अनुसूची प्रथम में संशोधन के लिए आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रयास तेज कर दिए गए हैं। जिन प्राचीन आयुर्वेद ग्रंथों की अनुपलब्धता है या कठिनाई से मिल पा रहे हैं उनको खोजा जा रहा है। अंडर सेक्रेटरी भारत सरकार शीला टिर्की ने पत्र के माध्यम से स्पष्ट किया है कि आयुर्वेद कल्पद्रुम, आयुर्वेद रत्नाकर, योग रत्न संग्रह, द्रव्यगुण निघंटु, सर्वयोग चिकित्सा रत्नम व कूपीपक्व रसायनम के बारे में प्रमाणिक जानकारी हो तो शीघ्र ही पंद्रह दिवसों के भीतर मंत्रालय को उक्त ग्रंथों का नाम, लेखक, प्रकाशन वर्ष, पुस्तक की स्थिति जिसमें मूलप्रति, हस्तलिखित अथवा डिजिटली जो भी उपलब्ध हो जानकारी मंत्रालय को दी जा सकती है। ग्रंथ अधिनियम प्रथम सूची में शामिल नहीं होंगे तो संभावना है शामिल किया जाएगा। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ राकेश पाण्डेय ने बताया कि मध्यप्रदेश समेत देशभर में 550 से ज्यादा आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज हैं और इनके सामान्य व डिजिटल पुस्तकालय भी है। नेशनल कमीशन फॉर इण्डियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन-एनसीआईएसएम भी सक्रिय है कि आयुर्वेद यूजी-पीजी छात्रों को जहां आयुर्वेद के पुराने व आधुनिक ग्रंथों का अध्ययन-अध्यापन कराया जाएं वहीं रिसर्च में भी ये पुराने ग्रंथ मददगार हो।

## रविवार से होना थी हेलमेट चैकिंग को लेकर सख्ती, अधिकांश चौराहों पर नजर नहीं आई ट्रैफिक पुलिस

# आदेश का पहला दिन ही बेअसर, वाहन चालकों में नहीं दिखा हेलमेट चैकिंग को लेकर चालान का डर

**कुछ ही चौराहों पर नजर आई यातायात पुलिस, सुबह मिली चेकिंग तो शाम को रही गायब**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हेलमेट नहीं पहनने वालों के विरुद्ध रविवार से भोपाल सहित प्रदेश भर में पुलिस की ओर से विशेष अभियान चलाया जाना था। लेकिन राजधानी भोपाल में पहले दिन ही आदेश बेअसर नजर आए। राजधानी के अधिकांश प्रमुख चौराहों पर जहां आम दिनों पर यातायात पुलिस चेकिंग की कार्रवाई करती नजर आती थी। आदेश के पहले दिन उन चौराहों पर यातायात पुलिस के जवान गायब नजर आए। आदेश के पहले दिन कुछ ही चौराहों पर चेकिंग की गई। वहां पर सुबह के समय चेकिंग की गई। शाम के समय ट्रैफिक जवान गायब रहे। उल्लेखनीय है कि मप्र के 5 बड़े शहरों भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और उज्जैन सहित अन्य जिलों में 26 से 10 मई तक यह अभियान चलाया जाना है। इसमें हेलमेट नहीं पहनने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करने के साथ लाइसेंस निलंबित करने के लिए परिवहन विभाग को भी ऐसे वाहन चालकों की जानकारी पुलिस भेजेगी।

हरिभूमि लाइव

जानकारी के अनुसार हेलमेट चेकिंग के आदेश जारी होने के बावजूद, अक्सर देखा जाता है कि पहले ही दिन सड़कों पर पुलिस की सख्ती नजर नहीं आती है। लेकिन रविवार को चेकिंग अभियान शुरू नहीं किया गया। ऐसे में राजधानी के विभिन्न चौराहों से बिना हेलमेट वाहन चालक बेखौफ होकर निकलते हैं। हालांकि, कई मामलों में पुलिस की तरफ से जन-जागरूकता अभियान चलाने और बाद में सख्त कार्रवाई करने की बात कहीं गई। लेकिन देर रात तक यातायात पुलिस अधिकारियों द्वारा कितने वाहन चालकों पर कितने चौराहों पर कार्रवाई की गई। इसकी जानकारी नहीं दी गई।

**केस 1**

स्थानः भारत टॉकीज चौराहा, समयः करीब 11 बजे थे। यहां यातायात नियम तोड़ने वालों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस आम दिनों में चेकिंग करती है, लेकिन आदेश के पहले दिन यहां पर पुलिस नजर आई। इस दौरान इस रूट से बिना हेलमेट के सारे दिन वाहन चालक गुजरते रहे।



भारत टाकीज चौराहा। यहां पुलिस नजर आई।

**केस 2**

स्थानः नादरा बस स्टैंड चौराहा समयः करीब 1 बजे थे। यहां यातायात नियम तोड़ने वालों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस की चेकिंग जारी थी। इस दौरान एक बाइक सवार युवक पीछे बिना हेलमेट के दूसरे व्यक्ति को बैठाकर निकल रहा था। जिसको रोका तो ट्रैफिक जवानों ने पकड़ा तो वह गिड़गिड़ाने लगा। लेकिन पुलिस ने कोई नहीं सुनी चालान बना दिया।



नादरा बस स्टैंड चौराहा। पुलिस की चैकिंग दिखी।



आरआरएल के पास नहीं दिखाई दी चैकिंग।

**केस 3**

दोपहर 3:10 पर आरआरएल सीएनजी पंप के पास न तो पुलिस की मौजूदगी थी और न ही किसी तरह की हेलमेट चेकिंग हो रही थी। इसी तरह शहर के व्यस्त चौराहों पर भी सन्नाटा पसरा रहा और बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालक आराम से गुजरते रहे।



बोर्ड ऑफिस के पास नहीं दिखाई दी चैकिंग।

**केस 4**

बोर्ड ऑफिस चौराहे पर 3:45 पर कोई चेकिंग नहीं हो रही थी टैफिक पुलिस चौकि में पुलिस आराम से बैठी रही, बिना हेलमेट चालक गुजरते रहे। हालांकि पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर इस अभियान को सख्ती से लागू करने की बात कही गई है। नियम तोड़ने वालों पर चालान के साथ-साथ बार-बार उल्लंघन करने पर ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन तक की चेतावनी दी गई है। इसके बावजूद जमीनी स्तर पर पहले ही दिन अभियान का असर नजर नहीं आया। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि जब शुरुआत ही ढीली है, तो सड़क सुरक्षा को लेकर चलाया जा रहा यह अभियान कितना असरदार साबित होगा।

**दाम्पत्य सूत्र में बंधे समाज के 14 जोड़े**

## कुचबंदिया विमुक्त घुमन्तु जनजाति सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित



विवाह सम्मेलन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कुचबंदिया समाज द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह एवं सम्मान समारोह भव्य एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि आरपी फाउंडेशन के संस्थापक, पीपुल्स ग्रुप के उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक रोहित पंडित तथा भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश जाटव विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में 14 नवयुगलों ने वैवाहिक जीवन की नई शुरुआत की। हजारों की संख्या में उपस्थित जनसमूह ने नवदंपतियों को शुभकामनाएं एवं उपहार प्रदान कर उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की। इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद स्वरूप उपहार भेंट किए।

केबिनेट मंत्री विश्वास सारंग ने समाज द्वारा रखी गई 5 प्रमुख मांगों को पूरा करने का आश्वासन देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से शिक्षा के क्षेत्र में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने का आह्वान किया तथा युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम कुचबंदिया समाज के प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुचबंदिया के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने समाज के सभी सहयोगियों, अतिथियों एवं उपस्थित जनसमुदाय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज की एकजुटता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। कार्यक्रम विमुक्त घुमंतू जनजाति उत्थान समिति के बैनर तले आयोजित हुआ, जिसमें पुलिस विभाग के अनेक अधिकारी एवं समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सफल आयोजन में शोभाराम पहलवान, महेश पहलवान, आकाश उटवार, अनूप मेषकर, संदीप संकत, गोलू मेषकर, शानू उटवार, किशोर उटवार एवं भारत कुचबंदिया का विशेष सहयोग रहा। मंच संचालन जीतेंद्र राजवंशी एवं राजू स्वामी ने किया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा, खेल, राजनीति एवं प्रशासनिक सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान देने वाले समाज के महिला एवं पुरुष प्रतिभाओं का पगड़ी पहनाकर एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मान किया गया।

## भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने नोबल हॉस्पिटल में लगाया चिकित्सा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा नोबल मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में "विशेषज्ञ स्वास्थ्य सत्र एवं निःशुल्क चिकित्सा जांच" का आयोजन किया गया। डॉ. विवेक तिवारी (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट) ने 'डर से जागरूकता की ओर' विषय पर बताया कि सामान्य कैंसरों का प्रारंभिक पहचान के माध्यम से सफलतापूर्वक उपचार और नियंत्रण संभव है।

डॉ. अरविंद नामदेव (गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट) ने 'स्वस्थ लिवर, स्वस्थ जीवन' पर फैटी लिवर की रोकथाम तथा सटीक उपचार में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस



चिकित्सा शिविर।

की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला। बीएमए के अध्यक्ष राजेश तिवारी ने सदस्यों का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में सुनील भार्गव, जी.के. छिब्बर, एन.के. छिब्बर ब्रिजी त्रिपाठी डॉ इफ्तखार, जीसी यादव एवं आमिर खान सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समन्वयन बीएमए के सचिव शंकर कृष्णन ने किया।

**स्वावलंबन प्रशिक्षण के साथ बरखेड़ा में लगाए साहित्य स्टॉल**

## चेतना जागरण के लिए कोलार में निकाली प्रेरणादायी रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गायत्री शक्तिपीठ भोपाल के तत्वावधान में पंच महाभियान ग्राम एवं तीर्थ योजना के अंतर्गत रविवार को चतुर्थ रविवार सत्र का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर कोलार स्थित चेतना विस्तार केंद्र में संवेदना संप्रेषण सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9 बजे गायत्री शक्तिपीठ भोपाल से प्रेरणादायी वाहन रैली के साथ हुआ। रैली में कार्यकर्ताओं ने मार्ग में जन-जागरण करते हुए समाज को नैतिक, सांस्कृतिक एवं पर्यावरणीय चेतना के संदेश देते हुए कोलार क्षेत्र में प्रवेश किया। यहां चेतना विस्तार केंद्र पर परिजनों के साथ आत्मीय संवाद स्थापित किया गया तथा जन्म शताब्दी वर्ष के संकल्पों से जुड़ने का आवाहन किया गया। कार्यक्रम का समापन दोपहर 12 बजे कोलार चेतना केंद्र पर हुआ।



संवेदना संप्रेषण सत्र का आयोजन।

### शक्तिपीठ पर महिला टोली ने संपन्न कराए आदर्श विवाह संस्कार

इसी क्रम में गायत्री शक्तिपीठ पर महिला टोली द्वारा आदर्श विवाह संस्कार सम्पन्न कराए गए, जबकि प्रज्ञा पीठ बरखेड़ा में स्वावलंबन अभियान के अंतर्गत टमाटर सूप एवं दंत मंजन निर्माण का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। चौथा कार्यक्रम स्वाध्याय एवं साहित्य विस्तार के अंतर्गत आचार्य पंडित श्रीराम शर्मा गुरुदेव के द्वारा लिखित साहित्य का नेहरू नगर शाखा द्वारा साहित्य स्टाल लगाया।

**रवींद्र भवन में हुई सुंदरकांड की दिव्य प्रस्तुति, बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु**

# भगवान प्रेम करें तो जीवन स्वयं सुंदरकांड बन जाता है: पं. अजय याज्ञिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानव जीवन में हम राक्षसी प्रवृत्ति की तरह हैं या साधु प्रवृत्ति की तरह यह हमारे कर्म निश्चित करते हैं हमारे कर्मों के आधार पर हमारी प्रवृत्ति जब साधु की तरह हो जाती है तो भगवान स्वयं हमें प्रेम करने लगते हैं और हमारा जीवन स्वयं सुंदरकांड बन जाता है। उक्त उद्गार मानस मयंक पंडित अजय याज्ञिक ने रवींद्र भवन के मुक्ताकाश मंच से बाबूलाल भगवती सोनी ट्रस्ट द्वारा आयोजित सुंदरकांड की दिव्य प्रस्तुति के दौरान दिए। सुंदर कांड का विषय "जहां सुमति तहं संपत्ति नाना जहां कुमति तहं विपति निदाना" पर प्रकाश डालते हुए पंडित याज्ञिक ने कहा जब तक जीवन में सुमति अर्थात अच्छी बुद्धि नहीं होगी तब तक राम की प्राप्ति संभव नहीं है कुमती को सुमति की ओर ले जाने का कार्य श्री हनुमान जी करते हैं 'महावीर विक्रम बजरंगी कुमति निवार सुमित के संगी' हमारे अंदर जो कुमति का राक्षस बैठा है सदगुरु हनुमान जी उसको साधु के रूप में बदल देते हैं मूल तत्व भी यही है भगवान राक्षस नहीं साधु को प्रेम करते हैं हमारे जीवन में जब यह साधुता आ जाती है, तो हमारा जीवन स्वयं ही सुंदरकांड बन जाता है इसके बाद ही हमें राम की प्राप्ति होती है, क्योंकि स्वयं भगवान राम ने भी कहा है 'निर्मल मन जन सो मोहि पावा मोहि कपट छल छिद्र न भावा' उन्होंने कहा हमेशा बड़े होने का दंभ हमारे सुखी जीवन को खत्म कर देता है। इस अवसर पर सुदेश शांडिल्य महाराज, महंत अनिलानंद, मां चामुंडा दरबार के पं. रामजीवन दुबे, सांसद आलोक शर्मा, महापौर मालती राय, विधायक भगवानदास सबनानी, डीजीपी कैलाश मकवाणा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



पंडित अजय याज्ञिक।



## चार धाम यात्रा निर्विघ्न संपन्न हो इसके लिए भोलेनाथ का जलाभिषेक किया

**भोपाल।** चार धाम यात्रा निर्विघ्न संपन्न हो इसको लेकर ॐ शिव शक्ति सेवा मंडल की ओर से रविवार को भोलेनाथ का जलाभिषेक कर हवन किया। सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि चार धाम यात्रा अक्षय तृतीया 19 अप्रैल से प्रारंभ हो गई है। इस वर्ष मंडल सदस्यों के तीन जत्थे चार धाम यात्रा के लिए रवाना होंगे, मंडल का पहला जत्था प्रकाश पाटिल के नेतृत्व में 30 अप्रैल को दूसरा जत्था फूल सिंह के नेतृत्व में 7 मई और तीसरा अंतिम जत्था दिव्या बोहरा के नेतृत्व में 11 मई को भोपाल से प्रस्थान करेगा। इन जत्थों में भोपाल एवं आसपास के क्षेत्रों के भक्त शामिल होंगे। प्रत्येक जत्थे में लगभग 50 से अधिक भक्त शामिल होंगे। चारधाम यात्रा निर्विघ्न सम्पन्न हो इसके लिए भक्तों द्वारा सरला स्टेट स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर अवधपुरी में पंडित सनत तिवारी जी के द्वारा विधि विधान एवम मंत्रोतचारणों द्वारा पवित्र गंगा जल से भोले नाथ का जलाभिषेक कर हवन किया गया।



भोलेनाथ का जलाभिषेक।

# 'मन की बात' देश के करोड़ों नागरिकों को जोड़ने वाला एक सशक्त संवाद मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 133वें संस्करण का भोपाल के वीआईपी रोड स्थित एक निजी रेस्टोरेंट में जनप्रतिनिधियों के साथ श्रवण किया। इस अवसर पर आमजन भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मन की बात' देश के करोड़ों नागरिकों को जोड़ने वाला एक सशक्त संवाद मंच है। इसके जरिए प्रधानमंत्री मोदी समाज के विभिन्न वर्गों की प्रेरक कहानियों, नवाचारों और सकारात्मक प्रयासों को सामने लाते हैं, जिससे आमजन को नई दिशा और प्रेरणा मिलती है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात कर कार्यक्रम को पूरे देशवासियों के मन में बिठा दिया है। उन्होंने देश को नवाचार की नई दृष्टि दी है। ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं और राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी को सशक्त करते हैं।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने मन की बात का किया जनप्रतिनिधियों व आमजन के साथ श्रवण



पीएम मोदी के कार्यक्रम मन की बात सुनते सीएम डॉ. यादव, मंत्री पटेल, जिलाध्यक्ष यति।

प्रधानमंत्री के रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 133वें संस्करण का प्रसारण

प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात को बैठा दिया है देशवासियों के मन में

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आमजनों से नारी शक्ति वंदन पर किया संवाद

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर मौजूद आमजनों विशेषकर युवाओं से संवाद किया। उनके साथ स्वल्पाहार कर नारी शक्ति वंदन सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के तहत बेटियों की शिक्षा की पुख्ता व्यवस्था एवं प्रोत्साहन सहायता, महिला सुरक्षा, महिला आरक्षण, इनकी आजीविका, समान वेतन और इन्हें स्वरोजगार से जोड़कर स्वावलंबी बनाने के लिए राज्य सरकार की ओर से किए जा रहे प्रयासों की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन पर केंद्र सरकार तत्पर होकर प्रयास कर रही है, पर विपक्षी दलों के असहयोग के कारण यह प्रस्ताव संसद में पारित नहीं हो पाया।



### जल संरक्षण में हम हैं अव्वल: सीएम

कार्यक्रम के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 'मन की बात' प्रधानमंत्री मोदी का पूरे देश को एकजुटता का सकारात्मक संदेश देने का अद्भुत प्रयास है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल संरक्षण के क्षेत्र में हमारा मध्यप्रदेश पूरे देश में अग्रणी है।

## खबर संक्षेप



### त्रिलंगा में तीन करोड़ से बनेंगी सीसी सड़क

**भोपाल।** शहर के वार्ड-51 में आने वाले त्रिलंगा क्षेत्र में तीन करोड़ रुपए की लागत से सीसी सड़कें बनेंगी और पैविंग ब्लॉक लगाए जाएंगे। उक्त निर्माण कार्यों का भूमिपूजन रविवार को महापौर मालती राय ने बुरहानपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक अर्चना चिटनिस की विशेष उपस्थिति में किया। इस अवसर पर पार्षद स्नेहलता भगवत रघुवंशी, डॉ. सुरजीत सिंह चौहान के अलावा जसवंत हांडा, विकास वीरानी, पियूष सिसोधिया, सुनील पांडे, भगवत सिंह रघुवंशी, श्यामसुंदर शर्मा मौजूद थे।

### जनगणना: प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को दी ट्रेनिंग



**भोपाल।** जनगणना-2027 के तहत प्रथम चरण में मकानों की गणना कार्य के लिए जोनल- चार्ज कार्यालयों में रविवार को जोन-19 में वीरेन्द्र रनटेके एवं अविनाश कुमार श्रीवास्तव ने प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया।

## मुख्यमंत्री कोटा जिले में श्री कृष्ण यदुवंशी अहीर समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में हुए शामिल

# मप्र, राजस्थान के लिए आर्थिक समृद्धि के द्वार खोलेगी पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना

### लोकसभा अध्यक्ष बिरला एवं सीएम डॉ. यादव ने नव दंपतियों को दिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि चंबल मैया का आशीर्वाद मप्र और राजस्थान दोनों प्रांतों को मिल रहा है। हमारा प्रदेश अनेक नदियों के उद्गम के कारण नदियों का मायका है। मप्र और राजस्थान जोड़ीदार प्रदेश हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आशीर्वाद से स्वीकृत पार्वती- काली सिंध -चंबल अंतर्राज्यीय परियोजना से मप्र और राजस्थान लाभान्वित होंगे। पीकेसी प्रोजेक्ट मध्यप्रदेश और राजस्थान के लिए आर्थिक समृद्धि के द्वार खोलेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को कोटा जिले में श्रीकृष्ण यदुवंशी अहीर समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 16 संस्कारों में पाणिग्रहण संस्कार शामिल है। विवाह ही कुल और गोत्र को आगे बढ़ाते हुए अमरता देते हैं। विवाह से जीवन साथी के साथ बेटियों को नए माता- पिता मिलते हैं। मुख्यमंत्री ने सामूहिक विवाह समारोह में नव दंपतियों को आशीर्वाद और मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि परिवारों को खर्चीले विवाहों के कारण आर्थिक कष्ट उठाने होते हैं। वर्तमान में सामूहिक विवाह काफी उपयोगी हैं। मेरे अपने बेटे का विवाह सादगी पूर्वक किया था। भगवान श्रीकृष्ण ने समाज का मार्गदर्शन किया। धर्म मार्ग पर चलने की सभी को प्रेरणा दी।

**खास बातें**

- मप्र सरकार श्रीकृष्ण पाथेय का विकास कर रही : मुख्यमंत्री
- परिवारों को खर्चीले विवाहों के कारण आर्थिक कष्ट उठाने होते हैं




आयोजन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन और लोकसभा अध्यक्ष बिरला का स्वागत किया गया

### गरीबी और अमीरी की खाई को पाटने का कार्य करते हैं सामूहिक विवाह



राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन जैसे आयोजन समाज में व्याप्त गरीबी और अमीरी की खाई को पाटने का कार्य करते हैं। राजस्थान के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि आज सर्व समाज को साथ लेकर चलने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री समाज के गौरव हैं। वे राजस्थान और मप्र को भाई-भाई मानते हैं। पीकेसी परियोजना से मप्र के साथ राजस्थान के किसानों को भी सिंचाई के लिए पर्याप्त जल मिलेगा। राजस्थान के विधायक महंत बाबा बालक नाथ ने कहा कि योगेश्वर श्री कृष्ण ने यदुवंशी कुल में जन्म लेकर पूरे समाज को धन्य किया। इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में गरीब और पिछड़ा वर्ग के परिवारों को सामूहिक विवाह में शामिल कर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। सामूहिक विवाह सम्मेलन के माध्यम से शादी विवाह में फिजूल खर्ची रुकी है। कार्यक्रम में अनेक संत-वृंद, राजस्थान और मध्यप्रदेश के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### समाज के युवा सेना में शामिल होकर सीमा की कर रहे हैं रक्षा: बिरला

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि आज यदुवंशी समाज के युवा उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने दायित्व निर्वहन के लिए गंभीर हैं। समाज के युवा सेना में शामिल होकर सीमा की रक्षा कर रहे हैं। बिरला ने कहा कि यह निश्चित ही प्रशंसनीय है कि यदुवंशी समाज वर्तमान सामाजिक आवश्यकताओं के अनुरूप कार्य कर रहा है। नि:शुल्क विवाह समारोह का लाभ युवाओं को मिल रहा है। बिरला ने मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समारोह में आगमन पर प्रसन्न्ता व्यक्त की। बिरला ने नव दंपतियों को बधाई दी। प्रारंभ में ग्राम रींछी में आयोजित प्रथम नि:शुल्क 38वें सामूहिक विवाह सम्मेलन की आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव और लोकसभा अध्यक्ष बिरला का स्वागत किया।

# विद्यार्थी देश के निर्माण के लिए काम करें: मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की कार्यप्रणाली को अद्भुत और अनुकरणीय बताते हुए कहा कि यह संगठन केवल बातों तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक समरसता को व्यवहार में उतारने का कार्य करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे सिलेबस के साथ-साथ अपने सांस्कृतिक गौरव को भी समझें और देश के निर्माण में आगे बढ़कर काम करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव घंटाघर स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस कल्चरल एंड इंफॉर्मेशन सेंटर गीता भवन में आयोजित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के शिल्पकार स्वर्गीय यशवंत राव केलकर की जन्मशती के अवसर पर विशेष कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने स्व. यशवंत राव केलकर को परिषद के वर्तमान स्वरूप की 'नींव का पत्थर' बताया, जिन्होंने संगठन को गढ़ने में अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। मुख्यमंत्री ने अपने छात्र जीवन के संस्मरण साझा करते हुए बताया कि परिषद एक परिवार की तरह है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सीख दी कि यदि हम छोटा बनकर काम करेंगे, तभी जीवन में बड़े लक्ष्य प्राप्त कर पाएंगे। विद्यार्थी आज का नागरिक है। विद्यार्थियों में जोश के साथ होश का संतुलन बनाए रखने के लिए इसमें शिक्षकों की भूमिका अतुलनीय है। वक्ताओं ने स्व. केलकर के जीवन दर्शन और संगठन की विशिष्ट कार्य पद्धति पर विस्तार से प्रकाश डाला। विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज किशोर तिवारी ने बताया कि आज विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, जिसका श्रेय स्व. केलकर की ओर से विकसित की गई विशिष्ट कार्य पद्धति को जाता है। उन्होंने कहा कि स्व. केलकर केवल उपदेश नहीं देते थे, बल्कि 'जीवंत आदर्श' थे, जो गरीब विद्यार्थियों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहते थे और स्वयं सहायता प्रदान करते थे। वक्ताओं ने रेखांकित किया कि विद्यार्थी परिषद एक ऐसी कार्यशाला है जिसने समाज के हर क्षेत्र को नेतृत्व दिया है।

- विद्यार्थी परिषद की पाठशाला से निकले स्व. केलकर की कार्य पद्धति को याद किया

## आइसर के डायरेक्टर प्रो. गोवर्धन दास नीति आयोग के सदस्य नियुक्त



**भोपाल।** राजधानी स्थित भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आइसर, आईआईएसईआर) के निदेशक प्रो. गोवर्धन दास को नीति आयोग का सदस्य नियुक्त किया गया है। नीति आयोग भारत सरकार का सर्वोच्च सार्वजनिक नीति थिंक टैंक है, जो देश में आर्थिक विकास को गति देने तथा सहकारी संघवाद को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कार्य करता है। यह राज्य सरकारों की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से नीति-निर्माण प्रक्रिया में एक सहयोगात्मक एवं जमीनी (बॉटम-अप) दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करता है।




### मुख्यमंत्री का एक और 'मास्टर स्ट्रोक'

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का ताजा 'मास्टर स्ट्रोक है किसानों की जमीन के अधिग्रहण पर चार गुना मुआवजा। उन्होंने यह फैसला लेकर एक तीर से कई निशाने साधे हैं। पहला, इससे विकास परियोजनाओं की राह में आने वाली बाधाओं को दूर किया जा सकेगा। दूसरा, इससे कई ज्वलंत मसलों का समाधान हो सकेगा और तीसरा, किसानों में संदेश चला गया कि मुख्यमंत्री उनके बारे में सोचते हैं और उनकी तरक्की चाहते हैं। छतरपुर और पन्ना जिले के आदिवासी-किसान केन-बेतवा लिंक परियोजना के बांध का निर्माण नहीं होने दे रहे। भूमि अधिग्रहण के मुआवजे को लेकर लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं। प्रदेश के तमाम प्रोजेक्ट के लिए जमीनों के अधिग्रहण का विरोध किसान और उनसे जुड़े संगठन कर रहे हैं। यही कारण है कि रेलवे लाइन से लेकर इकोनॉमिक कॉरिडोर , हाईवे, एयरपोर्ट सहित कई अन्य प्रोजेक्ट अटके पड़े हैं। उम्मीद है बाजार दर पर चार गुना मुआवजा देने की घोषणा से विभागों को अपने प्रोजेक्ट समय सीमा में पूरा करने में आसानी होगी।

### प्रीतम ही नहीं, हर बड़े नेता को मिल जाती है माफी

भाजपा में यह परंपरा बन गई है कि कोई विधायक, मंत्री अथवा बड़ा नेता अनुशासन तोड़े तो उसे नसीहत देकर माफी दे दो लेकिन मंडल अथवा जिला स्तर का नेता गड़बड़ करे तो उसका इस्तीफा लेकर पार्टी से बाहर कर दो। आईपीएस एसोसिएशन के विरोध में उतरने के बाद प्रीतम लोधी को पार्टी नेतृत्व ने बुला कर फटकारा और माफी दे दी। प्रीतम को पहले भी पार्टी द्वारा दो बार माफ किया जा चुका है। पहली बार तत्कालीन अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और दूसरी बार वीडी शर्मा ने इन्हें पार्टी से बाहर किया था, लेकिन बाद में इन्हें माफी देकर टिकट दे दिया गया। एक बार प्रीतम ने कथावाचकों के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किया था और प्रदेश नेतृत्व ने तलब किया तो इन्होंने आने से ही इंकार कर दिया था और बोले थे कि वे सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलेंगे। अब मंत्री नागर सिंह चौहान के भाई का मामला चर्चा में है।

### कांग्रेस कैसे कर पाएगी भाजपा का मुकाबला?

कांग्रेस को नीचे से ऊपर तक मजबूत करने के उद्देश्य से राहुल के निर्देश पर 'संगठन सृजन अभियान' चलाया गया था। इससे निकले ऐसे नेताओं को पार्टी का जिलाध्यक्ष बनाया गया था, जो किसी बड़े नेता के चेले नहीं थे। इनके कामों की मॉनिटरिंग के आधार पर जो परफॉरमेंस रिपोर्ट सामने आई, उसके आधार पर ऐसे एक दर्जन से ज्यादा जिलाध्यक्षों को घर बैठाने की नौबत आ गई। कुछ ने तो खुद ही इस्तीफे की पेशकश कर दी। राहुल गांधी कैंप के डिंडोरी जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह मरकाम, सतना ग्रामीण के सिद्धार्थ कुशवाहा और मंडला के अशोक मर्सकोले जैसे नेता तक डेंजर जोन में है। कांग्रेस ऐसे कैसे करेगी भाजपा का मुकाबला?

### इन चेक पोस्ट को फिर शुरू करने का औचित्य क्या

हाईकोर्ट ने सरकार को निर्देश दे दिया कि प्रदेश के सभी चेक पोस्ट 30 दिन के अंदर फिर शुरू कर दिए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार ने तमाम शिकायतों के बाद इन्हें 1 जुलाई 2024 से बंद कर रखा है। सौरभ शर्मा का कांड सबसे ज्यादा चर्चित है, जो परिवहन विभाग का छोटा सा कर्मचारी था लेकिन 7 साल की नौकरी में 500 करोड़ का साम्राज्य खड़ा कर लिया था। चेक पोस्टों की अवैध वसूली से मीडिया सहित नेताओं और अफसरों को राशि पहुंचाने के चर्चे किसी से छिपे नहीं हैं। हाईकोर्ट ने ओवरलोडिंग को आधार मान कर निर्णय सुना दिया जबकि टोल प्लाजा पर ऑटोमेटिक वजन कांटे और चार गुना पेनाल्टी की व्यवस्था लागू हो रही है। ऐसे में इन चेक पोस्ट को फिर शुरू करने का औचित्य क्या है?

### नेतृत्व को फिर असहज कर बैठे गोपाल

पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव का हाल में बोला गया उनका एक कड़वा सच भी पार्टी नेतृत्व को पसंद नहीं आया। ब्राह्मण समाज के एक सार्वनजिक कार्यक्रम में उन्होंने कह दिया कि जब जाति की बात आती है तो पार्टी पीछे छूट जाती है। अर्थात जाति के सामने पार्टी कुछ नहीं होती। उन्होंने कहा कि मैंने कई समाजों में देखा है कि उनके नेता पार्टियों में बड़े पदों पर रहेंगे, लेकिन जब उनकी जाति, समाज का आदमी खड़ा होगा तो वह कितना ही निष्ठावान क्यों न हो अपनी जाति, समाज के व्यक्ति की तरफ ही जाएगा। भले वह खुल कर प्रचार न करे, लेकिन अंदर-अंदर प्रचार करके उसको जिताने का काम करेगा। तब जाति के सामने पार्टी कुछ नहीं रह जाती।

- दिनेश निगम 'त्यागी'

### भदौरिया ग्वालियर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष बने

# ग्वालियर विशेष प्राधिकरण, उज्जैन व अमरकंटक प्राधिकरणों के अध्यक्ष और सदस्य नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य शासन ने रविवार को चार प्राधिकरणों के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति की है। नगरीय प्रशासन विकास विभाग से जारी आदेश के अनुसार मधुसूदन भदौरिया को ग्वालियर विकास प्राधिकरण का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसीतरह सुधीर गुप्ता एवं वेद प्रकाश शिवहरे को उपाध्यक्ष बनाया गया है। जबकि राज्य शासन ने विशेष क्षेत्र प्राधिकरण ग्वालियर में अशोक शर्मा को अध्यक्ष एवं हरीश मेवाफरोश को उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है। यह सभी नियुक्तियां कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावशील मानी जाएगी।

### राजेंद्र भारती अमरकंटक विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष बने

राज्य शासन ने अमरकंटक विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष पद पर राजेंद्र भारती को नियुक्त किया है। यहां अभी उपाध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति नहीं की गई है। इसी तरह राज्य शासन ने उज्जैन विकास प्राधिकरण में रविंद्र सोलंकी को अध्यक्ष नियुक्त किया है। जबकि मुकेश यादव, रवि वर्मा को उपाध्यक्ष तथा विजय अग्रवाल, अमित श्रीवास्तव, रामचंद्र शर्मा रामागुरु, सुशीला जाटव, दुर्गा बिलोतिया को सदस्य के पद पर नियुक्त किया गया है। यह सभी नियुक्तियां कार्यभार ग्रहण की दिनांक से प्रभावी मानी जाएगी। इस उपलब्धि पर समर्थकों ने बधाई दी है।

**उज्जैन विकास प्राधिकरण में सोलंकी अध्यक्ष नियुक्त**

### महेंद्र सिंह यादव अपेक्स बैंक के प्रशासक बने

**भोपाल।** मप्र पंजीयक सहकारी संस्थाएं के पंजीयक मनोज पुष्प ने अपने आदेश के तहत ग्वालियर निवासी महेंद्र सिंह यादव मोहनपुर, मुरार, ग्वालियर को अपेक्स बैंक के प्रशासक के पद पर नियुक्त करने के आदेश प्रसारित किए हैं। यादव अभी बड़ागांव सोसाइटी के सदस्य हैं। अभी तक 14 जुलाई 2025 से प्रमुख सचिव सहकारिता डीपी आहूजा इस पद पर पदस्थ थे।



- यादव अभी बड़ागांव सोसाइटी के सदस्य है

### कूनो बना दुनिया का चीता ब्रीडिंग सेंटर संख्या 57 के पार

**भोपाल।** मप्र का कूनो नेशनल पार्क अब चीतों का महज पुनर्वास स्थल नहीं, बल्कि एक सफल वैश्विक ब्रीडिंग सेंटर के रूप में स्थापित हो चुका है। 'प्रोजेक्ट चीता' के तहत लाए गए चीते यहां की जलवायु में पूरी तरह ढल चुके हैं और लगातार प्रजनन कर रहे हैं। ताजा स्थिति में कूनो में चीतों की संख्या 57 तक पहुंच गई है, जिनमें 27 से अधिक शावक भारत में जन्मे हैं, जो इस परियोजना की सबसे बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अप्रैल 2026 में मादा चीता गामिनी ने 3 शावकों को जन्म दिया, जबकि फरवरी-मार्च में ज्वाला, आशा और निर्वा भी शावकों को जन्म दे चुकी हैं।

### महिला आरक्षण और महिला विरोधी नीतियों के विरोध में कांग्रेस का पैदल

# कांग्रेस ने कहा: जब-जब कांग्रेस सत्ता में आई है, तब-तब महिलाओं के हित व अधिकारों की रक्षा के लिए उठाए कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र कांग्रेस कमेटी द्वारा भाजपा सरकार की महिला विरोधी नीतियों के विरोध में रविवार को पैदल मार्च आयोजित किया गया। पैदल मार्च प्लेटिनम प्लाजा से प्रारंभ होकर टीनशेड, टॉप एंड टाउन, न्यू मार्केट होते हुए रोशनपुरा चौराहा तक निकाला गया। मार्च के माध्यम से भाजपा सरकार की नीयत और महिलाओं के प्रति उसकी कथित उपेक्षापूर्ण नीतियों को जनता के सामने उजागर किया गया। पैदल मार्च में कांग्रेस ने कहा कि जब-जब कांग्रेस सत्ता में आई है, तब महिलाओं के हित और अधिकारों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया, विधायक फूल सिंह बरैया, आरिफ मसूद, आतिफ अकील, पीसी शर्मा, मुकेश नायक, रीना बौरासी, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, मनोज शुक्ला सहित एनएसयूआई, यूथ कांग्रेस, महिला कांग्रेस के पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



पैदल मार्च में शामिल पटवारी, सिंघार, बरैया, मसूद, अकील, भूरिया।

### महिला सशक्तिकरण की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं

जीतू पटवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा आकस्मिक विशेष विधानसभा सत्र बुलाए जाने के संदर्भ में कांग्रेस पार्टी अपनी नीति स्पष्ट करते हुए मांग करती है कि देश को गुमराह करना बंद किया जाए और महिला सशक्तिकरण की दिशा में ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए जाएं। उन्होंने मांग की कि लोकसभा की सभी 543 सीटों पर महिला आरक्षण तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए तथा मध्यप्रदेश विधानसभा में भी महिला आरक्षण का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया जाए।

### महिला आरक्षण को बिना किसी देरी के लागू किया जाना आवश्यक: रीना

महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी ने कहा कि महिलाओं को राजनीतिक भागीदारी में वास्तविक अवसर देने के लिए पूर्व प्रस्तावित महिला आरक्षण को बिना किसी देरी के लागू किया जाना आवश्यक है। राजीव गांधी, पीवी नरसिंहा राव और सोनिया गांधी के नेतृत्व में त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरी निकायों में महिलाओं को आरक्षण सुनिश्चित किया गया।



### सुसाइड से पहले युवक ने इंस्टाग्राम पर वीडियो किया अपलोड, पुलिस ने किया मर्ग कायम

# बसंत कुंज भरत नगर में होटल का कमरा बुक कर युवक ने कमरे में लगाई फांसी, कर्मचारियों ने फंदे पर लटका देख फौरन पुलिस को दी सूचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित बसंत कुंज भरत नगर में शनिवार रात एक युवक ने होटल का कमरा किराए पर लेकर फांसी लगा ली। होटल के कर्मचारियों ने उसे फंदे पर लटका देख पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस व परिजन भी मौके पर पहुंच गए थे। शुरुआती तफ्तीश में पता चला है कि युवक का पत्नी से विवाद चल रहा था। आत्महत्या करने से पहले उसने मोबाइल से वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर अपलोड किया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर तफ्तीश शुरू कर दी है। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस के मुताबिक 12 नंबर स्टॉप स्थित इंद्रा नगर मल्टी निवासी


विकास हिरवे, मृतक

विकास हिरवे पुत्र राजेश हिरवे (24) ड्राइवरी करता था। करीब सात माह पूर्व उसने लव मैरिज की थी। लव मैरिज के बाद से ही वह कान्हाकुंज सलैया में किराए के मकान में पत्नी के साथ रहने लगा था। कुछ दिनों से पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। विवाद के चलते ही शनिवार को वह बिना किसी को कुछ बताए बसंत कुंज भरत नगर स्थित एक होटल का कमरा किराए पर लेकर रुक गया।

#### पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा

*रात करीब साढ़े 8 बजे होटल के कर्मचारियों ने विकास हिरवे को गमछे के सहारे फांसी के फंदे पर लटका देखा। फौरन पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल रवाना कर दिया। प्रधान आरक्षक नितिन सोनी का कहना है कि आत्महत्या करने से पहले विकास हिरवे ने मोबाइल से एक वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर अपलोड किया था। उसमें पति-पत्नी के बीच चल रहे झगड़े का जिक्र किया गया है। मोबाइल जब्त कर जांच के लिए भेज दिया है।*

## काम से लौटी मां को फंदे पर लटका मिला बेटा

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित पुष्पा नगर जागृति कॉलोनी में शनिवार शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शाम को काम से लौटी मां ने बेटे को फंदे पर लटका देखा। शोर सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे। फंदे से उतारकर युवक को नजदीक के अस्पताल ले जाया गया लेकिन तब तक मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मां और बहन ने भी ऐसी कोई बात नहीं बताई, जिससे घटना के कारणों का खुलासा हो सके। पुलिस ने मर्ग कायम कर तफ्तीश शुदरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक पुष्पा नगर जागृति कॉलोनी निवासी विपुल पांडेय (19) 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण था और कुछ समय पहले तक प्राइवेट नौकरी करता था। इन दिनों वह कोई काम नहीं कर रहा था और करीब 15 दिन पूर्व ही मुंबई से लौटा था।

**पिता के निधन के बाद से मानसिक तनाव में था युवक**

करीब दो साल पहले उसके पिता का निधन हो चुका है। मां मैदा मिल स्थित एक फैक्ट्री में नौकरी करती हैं। परिवार को घर खर्चा मां और बेटे की कमाई से होता था। पुलिस ने बताया कि शनिवार को मां काम पर गई थी। छोटी बहन नानी के घर गई थी। शाम को मां घर लौटी तो बेटे को फंदे पर लटका देखा। बताया जा रहा है कि पिता की मौत के बाद से ही विपुल दुखी रहने लगा था।

## पत्नी से विवाद के बाद ट्रेन से कटकर मिस्त्री ने किया सुसाइड, मर्ग कायम

बाग सेवनियां थाना क्षेत्र स्थित विद्या नगर के पीछे रेलवे ट्रेक पर शनिवार दोपहर मिस्त्री ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। घटना से करीब पांच घंटे पहले वह बिना बताए घर से चले गए थे। उनका पत्नी से विवाद हुआ था। शाम को उनको खोजते हुए बेटे ने पिता का शव पटरी पर पड़ा देखा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस के मुताबिक बारह नंबर मल्टी शाहपुरा निवासी अमर सिंह (50) मिस्त्री का काम करते थे। परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। एक बेटी और एक बेटा। बड़े बेटे की उम्र करीब 18 साल है। पुलिस ने बताया कि शनिवार सुबह अमर सिंह का पत्नी से विवाद हुआ था। झगड़े के बाद सुबह करीब 11 बजे वह घर से निकल गए थे। यहां-वहां घूमते हुए वह विद्या नगर के पीछे पहुंचे और चलती ट्रेन के सामने छलांग लगाकर आत्मह त्या कर ली। पुलिस को घटनास्थल से मृतक का मोबाइल भी मिला है। शाम करीब चार बजे बेटा खोजता हुआ घटनास्थल पर पहुंचा था।

## खबर संक्षेप



### दो कार्यकाल पूरे होने पर ओम प्रकाश ने माना आभार

**औबेदुल्लागंज।** भोजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष के रूप में लगातार दो कार्यकाल पूर्ण करने के बाद ओम प्रकाश मीणा ने संगठन और शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस दौरान उन्होंने प्रदेश नेतृत्व, किसान मोर्चा, जिला संगठन और सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया। मीणा ने बताया कि पार्टी ने उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपते हुए भाजपा का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। इस नई भूमिका के लिए उन्होंने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन के लिए कार्य करते रहेंगे।

### क्रिकेट प्रतियोगिता के 11वें संस्करण का शुभारंभ



**औबेदुल्लागंज।** महावीर कॉलोनी वार्ड 2 में महावीर प्रीमियर लीग (एमपीएल) लगातार 11 वर्षों से चल रही है। इसमें वार्ड 2 के लगभग 150 खिलाड़ी भाग लेंगे। दीपू परमार, मुकेश खन्ना, सुमित पचौरी, रोहित अरोरा, हिमांशु चौरे, अतुल सेन, मयंक मालवीय, पंकज नगरानी, आशु सिंह, सत्येंद्र पांडे, अशोक जायसवाल, लोकेश परमार, सुधीर द्विवेदी, मोनी नागर, ध्रुव खन्ना, विवेक जैन, सौरभ जैन आदि शामिल हैं। दूसरे दिन पहला मुकाबला विराज वॉरियर्स और डीप निंजा के बीच खेला गया।

### सामाजिक कार्यकर्ता सोनू का मनाया जन्मदिन

**औबेदुल्लागंज।** युवा मोर्चा के सदस्य और सामाजिक कार्यकर्ता सोनू राय का जन्मदिन रविवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उनके जन्मदिन पर केक काटकर खुशियां मनाई। हिंदू उत्सव समिति के सचिव अमित राय, कपिल राय, कलचुरी समाज अध्यक्ष श्याम मालवीय, नवल मालवीय, माया राय, भाजपा नेता नंदू शर्मा आदि ने बधाई दी।



### पुलिस ने कुल 31 फार्म हाउसों में की जांच, दी सख्त चेतावनी

# ग्रामीण एरिया में क्लब और होटल संचालकों पर रातभर चली कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के ग्रामीण एरिया के ईंटखेड़ी संभाग में कॉम्बिंग गश्त और सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान फार्म हाउस, होटल और क्लब में सर्च किया गया, जिसमें 31 फार्म हाउसों को जांच में लिया गया। देर रात यह अभियान पुलिस अधीक्षक रामशरण प्रजापति के निर्देशन में संचालित किया गया।



पुलिस ने रातभर सर्च ऑपरेशन चलाते हुए थाना ईंटखेड़ी क्षेत्र के 22 और वलिया सड़क क्षेत्र के नौ फार्म हाउसों की गहन जांच की। मौके पर पहुंची टीमों ने फार्म हाउसों के हर हिस्से की बारीकी से जांच की। पुलिस अधीक्षक रामशरण प्रजापति का कहना है कि किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके और क्षेत्र में शांति व सुरक्षा बनाए रखी जा सके।

### ऑनलाइन सट्टा बुक कर रहे पांच सटोरिए गिरफ्तार

*देहात ईंटखेड़ी पुलिस ने ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा चलाने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि कपड़ों की दुकान की आड़ में ऑनलाइन सट्टा संचालित हो रहा है। इसके बाद टीम ने दबिश देकर मुख्य आरोपी पलाश ठाकुर को पकड़ा। उसके मोबाइल की जांच में सिल्वर भाई डॉट कॉम पोर्टल पर सट्टा आईडी मिली। चेकर करने पर उसमें करीब 2.51 लाख रुपए का बैलेंस दर्ज था। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथियों के नाम बताए, जिसके आधार पर सलमान खान, अतुल माली, अनिकेत प्रजापति और राजेश मेहरा को भी गिरफ्तार किया गया। जांच में सभी आरोपियों के मोबाइल में सट्टा आईडी सक्रिय पाई गई। कुल मिलाकर करीब 6.79 लाख रुपए के डिजिटल लेन-देन का रिकॉर्ड सामने आया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 6 मोबाइल फोन और 17,615 रुपए नगद जब्त किए हैं।*

## ऑपरेशन फेस के तहत 91 से ज्यादा संदिग्ध सिम चिन्हित

देहात पुलिस ने फर्जी सिम कार्ड जारी करने वाले संगठित नेटवर्क का खुलासा करते हुए सात आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं उनके पास से कुल 91 सिम भी बरामद किया है। इस गिरोह में पकड़ने के लिए थाना बैरसिया, ईटखेड़ी पुलिस और साइबर क्राइम टीम ने संयुक्त रूप से ऑपरेशन फेस के तहत कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान दूरसंचार विभाग से मिले तकनीकी इनपुट और एआइ आधारित फेशियल रिकग्निशन टूल के विश्लेषण में सामने आया कि एक ही व्यक्ति के चेहरे का उपयोग कर अलग-अलग नामों से बड़ी संख्या में सिम कार्ड जारी किए गए थे।

### फर्जी दस्तावेज मिले

जांच को आगे बढ़ाया तो पीओएस एजेंट और डिस्ट्रीब्यूटर की मिलीभगत से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सिम एक्टिव किए गए। इन सिम का उपयोग आपराधिक गतिविधियों में इस्तेमाल होता रहा है। आरोपी प्रदीप कुशवाहा, इरफान खान, राजेंद्र सिंह, वसीम खान, प्रीतम सिंह साहू, नंदू शर्मा और सोनू साहू के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और आईटी एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### तीन साल से ज्यादा थी पुरानी सिम

पुलिस ने बताया कि 91 से अधिक संदिग्ध सिम कार्ड में ग्राहक आवेदन फॉर्म फर्जी और फोटो व आईडी सत्यापन में गड़बड़ी मिली। कुछ सिम तीन साल से ज्यादा पुराने होने के बावजूद गलत तरीके से उपयोग किए जा रहे थे। वहीं इस गिरोह में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### भूमि की मार्किंग हुई, जल्द शुरू होगा काम

# भानपुर में बनेगा शहर का सबसे बड़ा 60 एमएलडी क्षमता का एसटीपी प्लांट

**ट्रीटमेंट के बाद हलाली डैम में जाएगा पुल पातरा नाले का पानी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



शहर के भानपुर में अब जल्द शहर का सबसे बडा 60 एमएलडी क्षमता का एसटीपी प्लांट बनेगा। जहां पुल पातरा नाले के गंदे पानी का ट्रीटमेंट होकर हलाली डैम भेजा जाएगा। इसका निर्माण कार्य जल्द शुरू हो जाएगा।

जहां इसका निर्माण होना है वहां चूने से मार्किंग की ली गई है। दिल्ली की कंपनी अमृत 2.0 के तहत इसका निर्माण करेगा और जनवरी 2029 तक इस काम को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। करीब एक साल पहले निगम ने इस प्रोजेक्ट को अमृत 2.0 में शामिल किया था। 402 करोड़ रुपए के इस प्रोजेक्ट के तहत करीब 10 ट्रीटमेंट प्लांट बनाए जाने हैं। इसके लिए शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में सीवेज नेटवर्किंग के लिए खुदाई का काम चल रहा है। निगम की सीवेज प्रकोष्ठ शाखा इसके लिए डायवर्सन स्ट्रक्चर बनाया जाएगा। जिसके तहत किसी नाले का पानी सीधे स्टॉप कर ट्रीट किया जाएगा। भानपुर खंती के पास पातरा नाले किनारे बनाए जा रहे एसटीपी की क्षमता 60 एमएलडी होगी। यह पानी को डायवर्ड करेगा और ट्रीटमेंट के बाद साफ पानी को हलाली डेम छोड़ा जाएगा।

### 273 किमी एरिया में बिछेंगी लाइनें

*भानपुर खंती के पास बन रहे सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट को नरेला विधानसभा के इलाकों से जोड़ा जाएगा। इसके लिए लगभग 273 किलोमीटर लंबी लाइनें बिछाई जाएंगी। जनवरी 2026 में इसका वर्कऑर्डर जारी किया गया था।*

### डॉ. शुभम पांडे की टीम ने वृद्धजन की बचाई जान

# सागर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में जटिल पैंक्रियास कैंसर सर्जरी से सफल इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल के नर्मदापुरम रोड स्थित सागर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल (एसएमएच) के एडवांस्ड कैंसर सेटर में वृद्धजन के अग्नाशय (पैंक्रियास) कैंसर का जटिल सर्जरी से सफल इलाज हुआ है। इस सफल सर्जरी ने मरीज को नई जिंदगी दी है। हॉस्पिटल में वृद्धजन को पोषण की



कमी और लंबे समय से बीमारी के कारण वजन हर महीने कम होने की शिकायत के साथ आया था। हॉस्पिटल के वरिष्ठ कैंसर स्पेशलिस्ट व सर्जन डॉ. शुभम पांडे ने जॉच में पाया वृद्धजन अग्न्याशय के कैंसर से ग्रसित है। डॉ. पांडे, हॉस्पिटल के एनेस्थीसिया व क्रिटिकल केयर टीम का नेतृत्व डॉ. महेश कुर्वे की टीम ने साथ मिल कर मरीज का ऑपरेशन किया। लगभग 8 घंटे तक चले इस सफलतापूर्वक जटिल ऑपरेशन के बाद मरीज को मिली नई जिंदगी।

### भाजपा प्रदेश मंत्री एवं रायसेन जिला प्रभारी राजो मालवीय भी रहीं उपस्थित

# भाजपा नेताओं ने ग्राम बरखेड़ा में सुना प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम, महिलाओं से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

भोजपुर विधानसभा के ग्राम बरखेड़ा, पोलिंग बूथ क्रमांक 110 एवं 111 में रविवार को जयप्रकाश शर्मा मित्र मंडल द्वारा 133वीं मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण सुना गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री एवं रायसेन जिला प्रभारी राजो मालवीय भी उपस्थित रहीं। ग्राम पंचायत बरखेड़ा पंचायत सदस्य रजनी अहिरवार, ग्राम पंचायत करमोदा के पंचायत सदस्य संजय शर्मा, बरखेड़ा पोलिंग बूथ अध्यक्ष दीपक ठाकुर, कर्मोला गुर्जर, बूथ अध्यक्ष शंकरलाल प्रजापति सहित अन्य



लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान स्थानीय नागरिकों एवं विशेष रूप में महिलाओं से संवाद किया।



### भाजपा मंडल कार्यालय में सुना मन की बात कार्यक्रम

वहीं भाजपा मंडल कार्यालय पर मंडल के पदाधिकारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष कार्यक्रम 'मन की बात' कार्यक्रम का श्रवण किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेन्द्र नागर ने कहा कि प्रेरक विचारों के माध्यम से राष्ट्रनिर्माण, सामाजिक सहभागिता और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और मजबूती मिली। कार्यक्रम में प्रस्तुत विचारों से कार्यकर्ताओं में सकारात्मक ऊर्जा और जनसेवा के प्रति नई प्रेरणा का संचार हुआ। इस अवसर पर भाजपा के मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आज एकादशी पर मोहिनी रूप धरेंगे भगवान विष्णु

**भोपाल।** वैशाख माह की शुक्ल पक्ष की एकादशी का व्रत सोमवार को रखा जाएगा। पूरे वर्ष में कुल 24 एकादशी व्रत रखे जाते हैं। इनमें वैशाख माह की शुक्ल पक्ष की एकादशी को मोहिनी एकादशी के नाम से जाना जाता है, जिसका विशेष धार्मिक महत्व है।

शास्त्रों में अन्य एकादशी की अपेक्षा इस एकादशी का ज्यादा पुण्य फल माना गया है। मां चामुंडा दरबार के पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि मोहिनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा करने का विधान है। इस दिन विशेष चीजों का दान भी जरूर करना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि मोहिनी एकादशी के दिन दान करने से आर्थिक तंगी से छुटकारा मिलता है और धन लाभ के योग बनते हैं, सुख-समृद्धि आती है। इस एकादशी का विशेष महत्व माना जाता है।

### प्रदर्शनकारियों का आरोप, नगर में नहीं उठ रहा कचरा, जगह-जगह लगे ढेर

# ग्राम पंचायत तजपुरा में पानी की समस्या को लेकर ग्रामीण महिलाओं ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

ग्राम पंचायत तजपुरा में पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने रविवार को जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने सरपंच पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। तजपुरा ग्राम पंचायत के अंतर्गत ग्राम काली तलाई में पीने के पानी की गंभीर समस्या को लेकर रविवार को ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत भवन का घेराव किया। इस प्रदर्शन में आदिवासी बहावलपुरी समाज, पंचों सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया। महिलाओं ने पानी की किल्लत को लेकर जमकर नारेबाजी की। उनका आरोप है कि गांव में पीने के पानी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने यह भी बताया कि गांव में कचरा वाहन सरपंच के घर पिछले 4 माह से खड़ा है, जबकि दूसरी ओर गांव में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं।



### बिजली व्यवस्था पर जताई नाराजगी

ग्रामीणों ने बिजली व्यवस्था को लेकर भी नाराजगी जताई। उनका कहना है कि लगभग 8 लाख रुपए की लागत से लगाई गई बिजली कुछ ही दिनों में खराब हो गई। इस पर महिलाओं ने सरपंच पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बिजली लगने के नाम पर कमीशन खाया है। पंचायत में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच गया है। इस पूरे मामले को लेकर पंचों, उपसरपंच और पूर्व सरपंचों में भी भारी रोष देखने को मिला। सभी ने पंचायत में हो रहे कथित भ्रष्टाचार और लापरवाही की जांच की मांग की है।

### लालघाटी स्थित सुंदरवन गार्डन में लगेगा मेला, सिंधी व्यंजन होंगे आकर्षण का केंद्र

# पारिवारिक सिंधी मेले में मुंबई के कलाकार रॉक स्टार नील और करण मचाएंगे धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

दो दिवसीय पारिवारिक सिंधी मेले का आयोजन दिनांक 2 एवं 3 मई को किया जा रहा है। इस मेले की विस्तृत जानकारी रविवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी, महासचिव नरेश तलरेजा ने दी। उन्होंने बताया इस वर्ष पारिवारिक सिंधी मेला अपने 29वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इस वर्ष यह सिंधी मेला महिला सशक्तिकरण एवं पर्यावरण थीम पर आयोजित किया गया है।

दरयानी ने बताया कि मेले के प्रथम दिन की शुरुआत भगवान झूलेलाल जी के बहिराने साहिब की ज्योत प्रज्वलित एवं सिंधी छेज के साथ की जाएगी। इसके अलावा मेले में मुंबई के कलाकार रॉक स्टार नील एवं करण खेमानी अपनी पूरी टीम के साथ प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा बच्चों के मनोरंजन के लिए आकर्षक झूले, सिंधी फन क्विज, गेम्स, पुरस्कार, स्वादिष्ट व्यंजन, रंगारंग



आतिशबाजी के साथ-साथ अनेक कार्यकम इस मेले में आकर्षण का केंद्र रहेंगे। इसके अलावा चेटीचांद पर आयोजित शोभा यात्रा में शामिल हुईं झाकियों में से 3 झांकियों को सर्वश्रेष्ठ झांकी का पुरस्कार दिया जाएगा। इसके साथ ही इस वर्ष मेले में आने वाले बुजुर्गों के लिए उनके वाहन को सही स्थान पर पार्क करने के लिए वैले पार्किंग की व्यवस्था भी की गई है।

### 16 अप्रैल को 8 गोवंश की औद्योगिक कचरे एवं कीचड़ में फंस कर हुई थी मौत

# ग्राम तामोट स्थित 'सागर राइस मिल' परिसर में गोवंश की मौत पर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, कठोर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामोट

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल (गो रक्षा आयाम) द्वारा तहसील औबेदुल्लागंज में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन ग्राम तमोट (तहसील गौहरगंज) स्थित 'सागर राइस मिल' परिसर में गोवंश की दर्दनाक मौत, प्रशासनिक लापरवाही एवं साक्ष्यों को प्रभावित करने के गंभीर प्रकरण को लेकर दिया गया है। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि 16 अप्रैल को लगभग 7–8 गोवंश औद्योगिक कचरे एवं कीचड़ से बने दलदल में फंसे पाए गए, जिसके कारण उनकी मौत हो गई। यह घटना न केवल अमानवीय है, बल्कि कंपनी प्रबंधन की गंभीर लापरवाही को दर्शाती है।

## संगठन का आरोप, मामले को दबाने का कर रहे प्रयास




संगठन ने यह भी आरोप लगाया कि इतनी गंभीर घटना के बावजूद प्रशासन द्वारा मृत गोवंश का पोस्टमार्टम नहीं कराया गया और पुलिस की मौजूदगी में जल्दबाजी में अंतिम संस्कार कर दिया गया, जिससे पूरे प्रकरण पर संदेह उत्पन्न होता है। इसके अतिरिक्त, कंपनी प्रबंधन पर यह भी आरोप है कि मामले को दबाने के लिए फर्जी गोस्वामियों को खड़ा कर बयान दिलवाए गए तथा ग्रामीणों को प्रलोभन देकर शिकायत दर्ज कराने से रोका जा रहा है। उन्होंने कहा इस पूरे मामले की की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। कंपनी प्रबंधन के खिलाफ सख्त एफआईआर दर्ज की जाए।लापरवाही बरतने वाले प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए।

### संगठन के कार्यकर्ताओं ने दी धरना प्रदर्शन की चेतावनी

*विभाग सह मंत्री हरिओम शर्मा, वचन लोधी, शिवराज धाकड़, महेश मर्सकोले, इमरत धाकड़, सुशील प्रजापति, राहुल राजपूत आदि ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस गंभीर प्रकरण में शीघ्र एवं ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा जिला मुख्यालय रायसेन पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन इस मुद्दे को लेकर चरणबद्ध आंदोलन करेगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। संगठन ने स्पष्ट किया कि गोवंश के साथ हुई इस अमानवीय घटना को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होने तक संघर्ष जारी रहेगा।*

चांदपुर, रामपुर और भोपाल के कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुति, लुप्त होती परंपरा को मिला नया मंच

# चारबैत समारोह में देशभक्ति गीतों से सजी शाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उर्दू अकादमी, संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग और पुरातत्व विभाग के संयुक्त नेतृत्व में आयोजित अखिल भारतीय चारबैत समारोह का समापन रविवार को हुआ। समापन के अवसर पर चांदपुर, रामपुर (उत्तर प्रदेश) और भोपाल के वरिष्ठ व युवा कलाकारों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में सभी टीमों ने अपनी प्रस्तुति की शुरुआत देशभक्ति से जुड़े कलामों से की, जिससे पूरे माहौल में देशभक्ति का रंग देखने को मिला। चांदपुर के अखाड़ा मुंशी अंज़ार उद्दीन, भोपाल की अंजुमने गुलिस्तान-ए-चारबैत और द् आलम्स बैंड ने एक से बढ़कर एक कलाम पेश कर श्रोताओं का मन मोह लिया। तीनों चारबैत पार्टियों ने चार बैत की शुरुआत देशभक्ति पर आधारित कलाम से की।



अखिल भारतीय चारबैत समारोह के समापन पर प्रस्तुति देते कलाकार।

## डॉ. नुसरत मेहंदी ने सभी कलाकारों को शानदार प्रस्तुतियों के लिए बधाई दी

अखाड़ा मुंशी अंज़ार उद्दीन, चाँदपुर, आज़मा कर देख ले जांबाज़ परवाने हैं हमऐ वतन प्यारे वतन तेरे ही दीवाने हैं हम , लाओ ग़म सारे ज़माने के गवारा कर लें अंजुमने गुलिस्तान-ए-चारबैत, भोपाल, ये मिसरा है मिरी रंगीं ग़ज़ल का मेरा भारत है गुलदस्ता कमल का, दूर वो हैं इसी का रोना है, सूना सूना दिल का कोना है, आलम्स बैंड, भोपाल, सरफ़रोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है। मुस्कुराकर किसने देखा मुझको चिलमन के क़रीब इस अवसर पर उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहदी ने सभी कलाकारों को शानदार प्रस्तुतियों के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि मीडिया के सहयोग से चारबैत जैसी लुप्त होती लोकगायन परंपरा को नई पहचान मिल रही है। साथ ही कलाकारों से इस परंपरा को आगे भी जीवित रखने का आग्रह किया।

## दुष्यंत संग्रहालय में अंतर्नाद नाट्य समारोह का शुभारंभ आज

**भोपाल।** दुष्यंत कुमार संग्रहालय में आज से चार दिवसीय नाट्य समारोह 'अंतर्नाद 2026' की शुरुआत हो रही है। शिवाजी नगर स्थित इस संग्रहालय में समारोह का आयोजन किया जा रहा है।'मंच से मन तक' थीम पर आधारित इस आयोजन में रंगमंच की विविध शैलियों और संवेदनशील प्रस्तुतियों के जरिए दर्शकों को अनुभव मिलेगा। रंग निर्देशक उज्ज्वल सिन्हा के निर्देशन में हर दिन एक नया नाटक मंचित किया जाएगा। समारोह की शुरुआत आज से 'भोर का गीत' से होगी, जिसे दीपक नेमा ने लिखा है। 28 अप्रैल को 'बियोंड बाइनरी' नाटक के जरिए समाज में पहचान और स्वीकृति के मुद्दों को उठाया जाएगा। 29 अप्रैल को 'कथा कोलाज' में कई कहानियों का संगम देखने को मिलेगा। वहीं 30 अप्रैल को 'द फाइनल ईयर' के मंचन के साथ समारोह का समापन होगा।

- चार दिन तक रोज नई प्रस्तुति, रंगमंच के अलग-अलग दिखेंगे रंग

जनजातीय संग्रहालय में 'संभावना' गतिविधि, नृत्य और गायन की रंगारंग प्रस्तुति

# भक्ति, बघेली गायन के साथ करमा-सैला और गणगौर नृत्य की प्रस्तुति ने बांधा समां

भोपाल। जनजातीय संग्रहालय में आयोजित 'संभावना' गतिविधि के तहत रविवार को नृत्य, गायन और वादन की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आए कलाकारों ने अपनी लोक-सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

विभिन्न जिलों से आए कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुति

## डिंडोरी की रामबाई धुर्वे ने करमा-सैला नृत्य प्रस्तुत किया तो खंडवा से अनुजा जोशी ने साथियों के साथ दी गणगौर नृत्य की प्रस्तुति


जनजातीय संग्रहालय में गणगौर नृत्य की प्रस्तुति देते कलाकार।



'संभावना' गतिविधि के तहत गीतों की प्रस्तुति देते कलाकार।

**नर्मदापुरम से आए आदित्य एवं उनके साथियों ने भक्ति गायन की प्रस्तुति दी**

*नर्मदापुरम से आए आदित्य नारायण परसाई एवं उनके साथियों ने भक्ति गायन प्रस्तुत किया। उन्होंने 'ओ म्हारा प्यारा गजानन', 'नर्मदाष्टकम्', 'कैसी बहे रे रेवा धार' और 'शक्ति दे भक्ति दे' जैसे भजनों से माहौल भक्तिमय बना दिया। रीवा से रीता तिवारी और उनके साथियों ने बघेली लोकगायन पेश किया। उन्होंने 'पूजा तोहार' (गणेश वंदना), 'धन्य नगर अयोध्या' (सोहर) और 'जै बोलो सीताराम' जैसे पारंपरिक गीतों की प्रस्तुति दी, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। डिंडोरी से रामबाई धुर्वे एवं साथियों ने गोंड जनजातीय करमा-सैला नृत्य प्रस्तुत किया। यह नृत्य श्रम और कर्म की महत्ता को दर्शाता है, जिसमें युवक-युवतियां उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं और गीतों के माध्यम से प्रतिस्पर्धा भी करते हैं। खंडवा से अनुजा जोशी एवं साथियों ने गणगौर नृत्य की प्रस्तुति दी। यह निमाड़ी जनजीवन का महत्वपूर्ण उत्सव है, जो चैत्र माह में नौ दिनों तक मनाया जाता है। इस दौरान रथ सजाए जाते हैं और ढोल-थाली की धुन पर महिलाएं और पुरुष पारंपरिक अंदाज में नृत्य करते हैं।*



राष्ट्रीय सीएमई कार्यक्रम में संबोधित करते हुए अतिथि।

डायबिटिक फुट उपचार पर विशेषज्ञों ने किया मंथन

## मिलकर कदम बढ़ाएं, मधुमेह से होने वाली पांव की जटिलताओं को बचाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत में मधुमेह अब केवल एक रोग नहीं, बल्कि तेजी से फैलती हुई गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बन चुका है। बदलती जीवनशैली, असंतुलित आहार और शारीरिक निष्क्रियता के चलते इसकी व्यापकता निरंतर बढ़ रही है।

मधुमेह से जुड़ी जटिलताओं में 'डायबिटिक फुट' एक ऐसा संकट है, जो अक्सर शुरुआती स्तर पर अनदेखा कर दिया जाता है, लेकिन समय पर उपचार न मिलने पर यह घातक रूप ले सकता है। स्थिति यहां तक गंभीर हो सकती है कि मरीज को अंग विच्छेदन तक का सामना करना पड़ता है।

### जागरुकता का सशक्त संदेश भी दिया

इसी महत्वपूर्ण विषय पर रविवार को पीपुल्स कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च सेंटर में डायबिटिक फुट एंड वाउंड 2026 विषय पर राष्ट्रीय सीएमई का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम ने न केवल चिकित्सा जगत को नवीनतम जानकारी और तकनीकों से अवगत कराया, बल्कि समाज में जागरूकता का सशक्त संदेश भी दिया। इस उटए में देशभर से लगभग 200 डेलीगेट्स तथा 100 नर्सिंग स्टाफ ने भाग लिया। इस आयोजन की सफलता में रोहित पंडित (उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, पीपुल्स) तथा नेहा विजयवर्गीय(ट्रस्टी एवं डायरेक्टर, पीपुल्स कॉलेज) का विशेष योगदान रहा।




'राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस' पर विशेष व्याख्यान-सम्मान समारोह

# जनसंपर्क सरकार और जनता के बीच विश्वास का सेतु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पब्लिक रिलेशंस सोसायटी ऑफ इंडिया, भोपाल चैप्टर द्वारा रविवार को एलएनसीटी यूनिवर्सिटी परिसर में 'राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस' पर विशेष व्याख्यान एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनसंपर्क और पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने जनसंपर्कः लोकतंत्र का पांचवां स्तंभ विषय पर अपने विचार साझा किए।

### लोकतंत्र का सजग प्रहरी है जनसंपर्क

*वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक गिरिजा शंकर ने कहा कि आज के दौर में जनसंपर्क केवल सूचनाओं का आदान-प्रदान नहीं है, बल्कि यह सरकार और जनता के बीच विश्वास का सेतु है। समाचार पत्र और टेलीविजन के बाद अब सोशल मीडिया के आने से जनसंपर्क की पहुंच अब दुनिया के किसी भी कोने तक संभव हो गई है। प्रख्यात साहित्यकार डॉ. उर्मिला शिरीष ने रेखांकित किया कि संवाद की शुचिता ही लोकतंत्र की जान है। जनसंपर्क पेशेवर जब मानवीय संवेदनाओं के साथ तथ्यों को समाज तक पहुंचाते हैं, तभी एक स्वस्थ लोकतंत्र का निर्माण होता है। एलएनसीटी यूनिवर्सिटी भोपाल के कुलगुरु (वाइस चांसलर) डॉ. नरेन्द्र कुमार थापक ने कहा कि बदलते तकनीक के दौर में जनसंपर्क की जिम्मेदारी और बढ़ गई है।*

### विशिष्ट विभूतियों का हुआ सम्मान

जनसंपर्क उप संचालक सुनील वर्मा, सहा.संचालक निहारिका मीना और हिमांशी बजाज को 'लोक संपर्क सम्मान',आंचलिक पत्रकार मुन्ना लाल मिश्रा और चौधरी चरण सिंह विवि मेरठ की रिसर्च एसो. डॉ. बीनम यादव को लोक संपर्क के साथ योजना लाड़, निधि परमार, ऋषिता तोमर, कोपल बरखाने, साक्षी त्रिपाठी, राशि श्रीवास्तव, दीप्ति तोमर को 'अचला' एवं 'उदिता' अवार्ड से सम्मानित किया गया।

# मेधावी विद्यार्थियों से मिले मंत्री विश्वास सारंग, किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रोज़ मैरी हायर सेकंडरी विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों ने रविवार को सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग से उनके निवास के पास सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर मंत्री सारंग ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह सफलता केवल विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम नहीं है, बल्कि इसमें उनके शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।





मंत्री विश्वास सारंग से भेंट करते विद्यार्थी एवं छात्रा को पुरस्कृत करते हुए।

### भोपाल को किया गौरवान्वित

*विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे इसी तरह निरंतर प्रयास करते हुए अपने परिवार, विद्यालय और भोपाल शहर का नाम देशभर में रोशन करते रहें। विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट परिणामों से सभी का ध्यान आकर्षित किया है। कक्षा 10वीं में महिमा खाड़े ने 98% अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके अलावा राकेश कुमार (97.6%), पूजा चौरसिया (97.4%) और भूमिका अहिरवार (97.2%) ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। इन विद्यार्थियों की उपलब्धि ने विद्यालय के साथ-साथ पूरे भोपाल शहर को गौरवान्वित किया है।*

प्रभात साहित्य परिषद की तेवर विषय पर काव्य गोष्ठी

## मौसम क्या बदला देखो तो सबके तेवर बदल गए...



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी की संस्था प्रभात साहित्य परिषद ने बीते दिनों 'तेवर' विषय पर काव्य गोष्ठी का आयोजन हिन्दी भवन के नरेश मेहता कक्ष में महेश प्रसाद सिंह की अध्यक्षता, राजेन्द्र शर्मा 'अक्षर' के मुख्य आतिथ्य एवं पं. सुरेश नारायण शर्मा एवं खालिदा सिद्दीकी के विशेष आतिथ्य में किया गया। संचालन डॉ. अनीता तिवारी ने किया। पिछली काव्य गोष्ठी की श्रेष्ठ चुनी रचना के लिए पूनम गुप्ता को सरस्वती प्रभा सम्मान से अलंकृत किया गया। गोष्ठी में अदिति पारवानी, हीरालाल पारस, चरणजीत कुकरेजा, महेश प्रसाद सिंह, डॉ. प्रतिभा द्विवेदी ने पढ़ा-हवा बदल गई बदला पानी कलरव के स्वर बदल गए, मौसम क्या बदला देखो तो सबके तेवर बदल गए... वहीं, रमेश नंद, विरोनिका पीटर, शोभा जोशी, नंदनी पटेल, रेणु गोस्वामी, आबिद काजमी, शफी लोदी, अशफ़ाक अंसर, कृष्ण देव चतुर्वेदी आदि ने भी भाग लिया।

यूआईटी आरजीपीवी के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम

## आरजीपीवीः एआई के वास्तविक उपयोग और कॅरियर अवसरों पर मिला मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में एआई ( आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के वास्तविक उपयोग और करियर विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग और आईईईई स्टूडेंट चैप्टर यूआईटी, आरजीपीवी के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। मुख्य वक्ता ऐश्वर्या शिवहरे (प्रोग्राम डायरेक्टर, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज) ने विषय विशेषज्ञ के रूप में अपना व्याख्यान देते हुए एआई के व्यावहारिक उपयोग, उद्योग में इसकी भूमिका और करियर संभावनाओं पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि आज सफलता के लिए केवल जानकारी नहीं, बल्कि उसे समझने और लागू करने की क्षमता आवश्यक है।



हिंदी सेवी पद्मश्री कैलाशचंद्र पंत का हुआ हिंदी भवन में साहित्यकारों ने किया सार्वजनिक अभिनंदन

# 'कर्मण्ये वाधिकारस्ते' का मूल मंत्र ही जीवन का ध्येय रहाः पंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुप्रसिद्ध हिंदी सेवी तथा मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के पूर्व मंत्री संचालक कैलाशचंद्र पंत के 26 अप्रैल को 90 वर्ष पूरे होने तथा इसी वर्ष उन्हें भारत सरकार द्वारा 'पद्मश्री' से सम्मानित किये जाने की घोषणा के सुखद संयोग को भोपाल की साहित्यिक बिरादरी ने ऐतिहासिक रूप देते हुए उनका सार्वजनिक अभिनंदन किया गया। हिंदी भवन में हुए भव्य समारोह का आयोजन मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति तथा नागरिक अभिनंदन समिति की ओर से किया गया था।


सुप्रसिद्ध हिंदी सेवी तथा मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के पूर्व मंत्री संचालक कैलाशचंद्र पंत को सम्मानित करते अतिथि।

### 2.51 लाख की मान निधि की प्रदान


कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा थे तथा अध्यक्षता मानस भवन के कार्यकारी अध्यक्ष पूर्व सांसद रघुनंदन शर्मा ने की। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, पूर्व सांसद आलोक संजर तथा राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के प्रधानमंत्री हेमचंद्र वैद्य विशेष रूप से उपस्थित थे। श्री पंत को शॉल,श्रीफल, अभिनंदन पत्र तथा दो लाख इक्कावन हजार की मान निधि प्रदान की गई। उन्होंने सम्मान स्वरूप मिली राशि को हिंदी तथा हिंदी के हित के लिए मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति को समर्पित कर दिया।

### मेर पद्म सम्मान में सभी का योगदान

अपने सम्मान के प्रतिउत्तर में उत्सव मूर्ति कैलाशचंद्र पंत ने कहा कि मैंने गीता के मूल मंत्र 'कर्मण्ये वाधिकारस्ते' को ध्येय वाक्य के रूप में अपनाया और उसी को आधार मानकर सतत कर्म करता रहा, जिसका परिणाम यह रहा कि आप लोगों का साथ मुझे मिला। उन्होंने पूरी विनम्रता से स्वीकार कि मुझे जो यह 'पद्म अलंकरण' मिला है उसमें मेरे साथ जुड़े सभी लोगों का योगदान है। उन्होंने माना कि हिंदी के लिए जो कार्य किये उसका श्रेय भले ही मुझे मिला है लेकिन आप सभी के साथ के बिना यह संभव नहीं था।

### पद्मश्री नारायण व्यास व श्रीधर को भी किया सम्मानित

*मंच पर पद्मश्री के लिए चुने गये पुराविद् डॉ. नारायण व्यास तथा पद्मश्री से अलंकृत हो चुके सप्रे संग्रहालय के संस्थापक निदेशक विजयदत्त श्रीधर को भी सम्मानित किया गया। संचालन विमल भंडारी तथा मैथिली साठे ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर सांसद आलोक शर्मा, महापौर मालती राय, विधायक भगवानदास सबनानी सहित भी हिंदी प्रेमी, साहित्यकार तथा अन्य सुधिजन उपस्थित रहे।*



## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 7 | 6 | 1 | 13 |
| बेंगलुरु | 7 | 5 | 2 | 10 |
| हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 10 |
| राजस्थान | 8 | 5 | 3 | 10 |
| गुजरात | 8 | 4 | 4 | 8 |
| चेन्नई | 8 | 3 | 5 | 6 |
| दिल्ली | 7 | 3 | 4 | 6 |
| कोलकाता | 8 | 2 | 5 | 5 |
| मुंबई | 7 | 2 | 5 | 4 |
| लखनऊ | 8 | 2 | 6 | 4 |

ऑरेंज कैप



अभिषेक शर्मा
380 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप



अंशुल कंबोज
14 विकेट
चेन्नई

# सुपर ओवर में जीता कोलकाता, रिंकू सिंह ने अकेले पलटा मैच, लखनऊ की लगातार 5वीं हार

एजेंसी ⏭ लखनऊ

कोलकाता नाइट राइडर्स ने रिंकू सिंह के तूफानी अर्धशतक और वैभव अरोड़ा की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बावजूद सुपर ओवर में खिंचे इंडियन प्रीमियर लीग मैच में रविवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स को हरा दिया। सुपर ओवर में नाइट राइडर्स के सुनील नारायण ने पहली ही गेंद पर निकोलस पूरन को बोल्ड किया। अगली गेंद पर कप्तान ऋषभ पंत ने एक रन बनाया लेकिन तीसरी गेंद पर एडेन मारक्रम को रिंकू ने लपक लिया। नाइट राइडर्स को दो रन का लक्ष्य मिला और रिंकू ने प्रिंस यादव की पहली गेंद पर चौके के साथ टीम को जीत दिला दी। लगातार दूसरी जीत के साथ नाइट राइडर्स की टीम 5 अंक के साथ आठवें स्थान पर पहुंच गई जबकि सुपर जाइंट्स की टीम 4 अंक के साथ 10वें और अंतिम स्थान पर खिसक गई। सीजन में एलएसजी की यह लगातार पांचवीं हार है।



### मोहसिन ने केकेआर के खिलाफ खोला पंजा

मोहसिन खान ऐसे केवल तीसरे गेंदबाज हैं, जिन्होंने आईपीएल के इतिहास में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए 5 विकेट हॉल लिया हो। उनसे पहले केवल मार्क वुड और यश ठाकुर ने ऐसा किया है। मोहसिन ने इस मैच में 4 ओवरों में सिर्फ 23 रन देकर 5 विकेट लिए। उन्होंने ।केकेआर के अजिंक्य रहाणे, टिम साइफर्ट, कैमरून ग्रीन, रोवमैन पावेल और अनुकूल रॉय को अपना शिकार बनाया।

### रिंकू ने आखिरी ओवर में जड़े लगातार 4 छक्के

इंडियन प्रीमियर लीग में कोलकाता नाइट राइडर्स के रिंकू सिंह ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ नाबाद 83 रन बनाए। यह उनके आईपीएल करियर का कुल छठा और इस सीजन में दूसरा अर्धशतक साबित हुआ। उनके इस अर्धशतक की मदद से केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट खोकर 155 रन बनाए। रिंकू ने पारी के आखिरी ओवर में लगातार 4 छक्के लगाए। रिंकू ने आखिरी ओवर करने आए दिग्वेश राठी की जमकर खबर ली। उन्होंने राठी के ओवर में लगातार 4 छक्के लगाते हुए टीम का स्कोर 150 के पार पहुंचाया। बता दें कि रिंकू आईपीएल करियर में एक ओवर में 5 छक्के (2023) लगाने का कारनामा भी कर चुके हैं।

### स्कोर बोर्ड

| कोलकाता नाइट राइडर्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रहाणे का मारक्रम बो मोहसिन | 10 | 15 | 0 | 1 |
| सीफर्ट का चौधरी बो मोहसिन | 00 | 3 | 0 | 0 |
| रघुवंशी ऑब्सट्रक्टिंग द फील्ड | 09 | 8 | 1 | 0 |
| ग्रीन का पंत बो मोहसिन | 34 | 21 | 0 | 3 |
| पावेल का पंत बो मोहसिन | 01 | 4 | 0 | 0 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 83 | 51 | 7 | 5 |
| अनुकूल का बडोनी बो मोहसिन | 00 | 1 | 0 | 0 |
| रमनदीप का मार्श बो लिंडे | 06 | 11 | 0 | 0 |
| सुनील नारायण नाबाद | 04 | 6 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 08, कुल:20 ओवर में 7 विकेट पर 155 रन
गेंदबाजी: शमी 4-0-34-0, मोहसिन 4-1-23-5, प्रिंस 4-0-24-0, दिग्वेश 4-0-46-0, लिंडे 2-0-18-1, मारक्रम 2-0-9-0

| लखनऊ सुपर जाइंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मारक्रम का रिंकू बो ग्रीन | 31 | 27 | 2 | 1 |
| मार्श का पावेल बो अरोड़ा | 02 | 3 | 0 | 0 |
| पंत का सीफर्ट को नारायण | 42 | 38 | 4 | 1 |
| पूरन का नारायण बो चक्रवर्ती | 09 | 12 | 0 | 1 |
| बडोनी का अनुकूल बो चक्रवर्ती | 24 | 19 | 0 | 2 |
| मुकुल चौधरी का रिंकू बो अनुकूल | 01 | 2 | 0 | 0 |
| हिम्मत सिंह का रिंकू बो त्यागी | 19 | 10 | 2 | 1 |
| लिंडे का रिंकू बो अरोड़ा | 08 | 4 | 0 | 2 |
| मोहम्मद शमी नाबाद | 11 | 6 | 1 | 1 |
| प्रिंस यादव नाबाद | 00 | 1 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 08, कुल: 20 ओवर में 8 विकेट पर 155 रन
गेंदबाजी: रॉय 2-0-19-1, अरोड़ा 4-0-24-2, ग्रीन 2-0-12-1, नारायण 4-0-23-1, चक्रवर्ती 4-0-33-2, त्यागी 4-0-41-0

## जीटी ने सीएसके को 8 विकेट से हराया, सुदर्शन ने खेली 87 रन की शानदार पारी

# 158 रन पर चेन्नई अपने घर में ढेर सुदर्शन ने गुजरात को दिलाई चौथी जीत

एजेंसी ⏭ चेन्नई

गुजरात टाइटन्स ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन (87 रन) के अपने घरेलू मैदान पर लगाए गए अर्धशतक की मदद से रविवार को आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को 8 विकेट से शिकस्त दी। गुजरात टाइटन्स के गेंदबाजों के दबदबे के बावजूद सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के नाबाद 74 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की, जिससे बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद टीम 7 विकेट पर 158 रन ही बना सकी। गुजरात टाइटन्स के लिए कागिसो रबाडा ने 25 रन देकर 3 विकेट चटकाए जबकि अरशद खान को 43 रन देकर 2 विकेट मिले। मोहम्मद सिराज और मानव सुथार को एक-एक विकेट मिला। सलामी बल्लेबाज सुदर्शन (46 गेंद, चार चौके, सात छक्के) और जोस बटलर (नाबाद 39 रन) की पारियों से गुजरात टाइटन्स ने 16.4 ओवर में दो विकेट पर 162 रन बनाकर जीत हासिल की। सुदर्शन 17वें ओवर की दूसरी गेंद पर आउट हुए और चौथी गेंद पर बटलर ने छक्का जड़कर टीम को आसान जीत दिलाई।

### सैमसन के सबसे तेज 5 हजार रन पूरे रैना, राहुल, धोनी को पीछे छोड़ा

संजू सैमसन अब आईपीएल में सबसे तेज 5 हजार रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उन्हें इस आंकड़े तक पहुंचने के लिए 3555 गेंदें लगीं। जबकि सुरेश रैना को इसके लिए 3620 गेंद लगी थी, वहीं केएल राहुल को 3688 और महेंद्र सिंह धोनी को 3691 गेंद लगीं। संजू के नाम अब 185 आईपीएल मैचों की 180 पारियों में 5008 रन है। इस दौरान उनका औसत 31.69 का है, जबकि स्ट्राइक रेट 140.59 का। आईपीएल में सबसे तेज 5 हजार रन बनाने वाले बल्लेबाज एबी डिविलियर्स हैं। उन्होंने 3288 गेंदों में यह कारनामा किया था, जबकि डेविड वॉर्नर ने 3554 गेंदों में ऐसा किया था। अगर संजू दो गेंद पहले इस आंकड़े को हासिल करते तो वह आईपीएल में सबसे तेज 5 हजार रनों के आंकड़े तक पहुंचने के मामले में दूसरे स्थान पर आ जाते।



### गायकवाड़ के नाम दर्ज हुआ 'अनचाहा रिकॉर्ड'

सीएसके के सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ ने जीटी के विरुद्ध 60 गेंदों में 74 रन की नाबाद पारी खेली। हालांकि, यह आईपीएल के इतिहास में सीएसके की तरफ से किसी बल्लेबाज की चौथी सबसे धीमी फिफ्टी रही। इस अनचाही फेहरिस्त में पार्थिव पटेल शीर्ष पर हैं, जिन्होंने साल 2010 में पंजाब किंग्स के विरुद्ध 53 गेंदों में पचासा पूरा किया था। साल 2009 में मैथ्यू हेडन ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 51 गेंदों में यह कारनामा किया था। इस लिस्ट में तीसरे पायदान पर मौजूद मुरली विजय ने साल 2013 में पंजाब किंग्स के खिलाफ 50 गेंदों में अर्धशतक लगाया था। इस सूची में ऋतुराज गायकवाड़ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं, जिन्होंने 49 गेंदों में यह कारनामा किया। साल 2013 में मुरली विजय ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 49 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया था।

### जीटी की अच्छी शुरुआत

सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल (33 रन, 23 गेंद, एक चौका, तीन छक्के) ने अच्छी शुरुआत की। गिल के आउट होने के बाद सुदर्शन और बटलर (30 गेंद, चार चौके, एक छक्का) ने मिलकर टीम को जीत तक पहुंचाया। पिछले मैच में सुदर्शन के शतक जड़ने के बावजूद गुजरात टाइटन्स को हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन अब स्कोर इतना बड़ा नहीं था, जिससे गुजरात टाइटन्स ने लगातार दो हार के बाद जीत दर्ज की। इस जीत से उसके आठ मैच में आठ अंक हो गए हैं, जिससे वह पांचवें स्थान पर पहुंच गई।

### स्कोर बोर्ड

| चेन्नई सुपर किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सैमसन का बटलर बो रबाडा | 11 | 15 | 2 | 0 |
| गायकवाड़ नाबाद | 74 | 60 | 6 | 4 |
| उर्विल का होल्डर बो रबाडा | 04 | 3 | 1 | 0 |
| सरफराज का बटलर बो सिराज | 00 | 1 | 0 | 0 |
| डेवाल्ड ब्रेविस का गिल बो सुथार | 02 | 9 | 0 | 0 |
| शिवम दुबे बो अरशद | 22 | 17 | 3 | 1 |
| कार्तिक का होल्डर बो रबाडा | 15 | 9 | 3 | 0 |
| ओवरटन का शाहरुख बो अरशद | 18 | 6 | 3 | 1 |
| अकील हुसैन नाबाद | 00 | 0 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 12, कुल : 20 ओवर में 7 विकेट पर 158 रन
गेंदबाजी : सिराज 4-0-23-1, रबाडा 4-0-25-3, सुथार 3-0-22-1, होल्डर 4-0-22-0, अरशद 4-0-43-2, राशिद 1-0-21-0,

| गुजरात टाइटन्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सुदर्शन का ब्रेविस बो हुसैन | 87 | 46 | 4 | 7 |
| गिल स्टं सैमसन बो नूर | 33 | 1 | 3 | |
| जोस बटलर नाबाद | 39 | 30 | 4 | 1 |
| वाशिंगटन सुंदर नाबाद | 01 | 1 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 02, कुल : 16.4 ओवर में 2 विकेट पर 162 रन
गेंदबाजी : अकील हुसैन 3.4-0-46-1 , अंशुल कंबोज 3-0-16-0, जेमी ओवरटन 2-0-28-0, गुरजपनीत 3-0-36-0, नूर अहमद 4-0-29-1, शिवम दुबे 1-0-7-0

**आज शाम 7.30 से कोहली और राहुल आमने-सामने**

## हार से आहत दिल्ली की आरसीबी से टक्कर, होगी असली परीक्षा



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पंजाब किंग्स के खिलाफ 264 रन बनाने के बावजूद हार से आहत दिल्ली कैपिटल्स की टीम को अगर सोमवार को आईपीएल के मैच में मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की संतुलित टीम के खिलाफ वापसी करनी है तो उसे अपने पिछले प्रदर्शन को भुलाकर नए सिरे से शुरुआत करनी होगी। पंजाब किंग्स ने रिकार्ड लक्ष्य हासिल करके 6 विकेट से जीत दर्ज की, जिससे दिल्ली कैपिटल्स की टीम बुरी तरह से हिल गई है। इस मैच में उसके गेंदबाजों की जमकर धुनाई हुई। दिल्ली की टीम अंक तालिका में छठे स्थान पर है और अब उसका मुकाबला आरसीबी जैसी एक और मजबूत टीम से है, जो 7 मैच में 10 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है।

### अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे डीसी के गेंदबाज

दिल्ली ने अभी तक बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन उसके गेंदबाज अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे हैं। केएल राहुल की अगुवाई वाले उनके शीर्ष क्रम ने लगातार तेज शुरुआत दी है, जबकि नीतीश राणा और डेविड मिलर जैसे खिलाड़ियों ने बीच ओवरों में लय बनाए रखने में मदद की है। उसके गेंदबाज हालांकि अपने स्कोर का बचाव नहीं कर पा रहे हैं। विशेषकर डेथ ओवरों में उसकी गेंदबाजी अच्छी नहीं रही है। ऐसे में अगर उसको अपना अभियान पटरी पर लाना है तो उसके गेंदबाजों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। तेज गेंदबाज आकिब नबी, कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव और कप्तान अक्षर पटेल को विशेष रूप से महत्वपूर्ण अवसरों पर अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

## खबर संक्षेप

### अल-अहली ने रखा एलीट का खिताब बरकरार

**जेद्दा।** सऊदी अरब के क्लब अल-अहली ने पहली बार फाइनल में खेल रहे जापान के क्लब माचिदा ज़ेलविया को 1-0 से हराकर एएफसी चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल टूर्नामेंट में अपने खिताब सफलतापूर्वक बचाव किया। जेद्दा में 60,000 दर्शकों की मौजूदगी में सऊदी अरब के अंतरराष्ट्रीय स्ट्राइकर फिरास अल बुरिकन के अतिरिक्त समय में किए गए गोल से मैच का फैसला हुआ। अल-अहली की टीम लगभग एक घंटे तक 10 खिलाड़ियों के साथ खेली, लेकिन माचिदा इसका फायदा नही उठा पाया। खेल के 68वें मिनट में ही अल-अहली की टीम 10 खिलाड़ियों तक सिमट गई। तब रेफरी ने जकारिया हवसावी को लाल कार्ड दिखाकर बाहर भेज दिया था।

### सूर्यवंशी मेरे पसंदीदा बल्लेबाज : कमिंस

**जयपुर।** वैभव सूर्यवंशी को अपनी शानदार बल्लेबाजी के कारण एक नया प्रशंसक मिल गया है और यह कोई और नहीं बल्कि ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस हैं, जो इस 15 वर्षीय खिलाड़ी के बल्लेबाजी के तरीके से बेहद प्रभावित हैं। राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेलने वाले युवा बल्लेबाज सूर्यवंशी ने अपने प्रदर्शन से क्रिकेट जगत में तहलका मचा दिया है। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान कमिंस ने कहा, ' हां, मुझे लगता है कि वह मेरा नया पसंदीदा खिलाड़ी है।



**उबर कप**

## उन्नति की रोमांचक जीत तन्वी ने की बढ़त दोगुनी



एजेंसी ⏭ होर्सेंस

भारतीय महिला टीम ने उबर कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के ग्रुप ए के अपने दूसरे मुकाबले में यूरोपीय चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता यूक्रेन पर 4-1 की शानदार जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। भारतीय टीम अपने पहले मुकाबले में मेजबान डेनमार्क से 2-3 से हार गई थी। यूक्रेन के खिलाफ भारत की युवा खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। उन्नति हुडा ने पोलिना बुहरोवा पर 21-19, 22-20 की रोमांचक जीत के साथ शुरुआत की, जिसके बाद तन्वी शर्मा ने येवहेनिया कांटेमिर को 21-12, 17-21, 21-10 से हराकर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। पीवी सिंधु को एकल में आराम दिया था, जिससे देविका सिहाग को तीसरे एकल में मौका मिला और इस युवा खिलाड़ी ने मारिया स्टोलियारेन्को को 23-21, 21-13 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया।

- यूक्रेन से जीता भारत, क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की उम्मीद

### सिंधु-तनीषा ने जीता डबल्स मुकाबला

भारत को एकमात्र हार महिला युगल के पहले मुकाबले में मिली। कविप्रिया सेल्वम और सिमरन सिंघी को बुहरोवा और कांटेमिर से 11-21, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद सिंधु और तनीशा क्रास्टो ने स्टोलियारेन्को और सोफिया लावरोवा पर 21-18, 21-15 से जीत हासिल की।

## एसए महिला ओपनः संयुक्त 26वें स्थान पर दीक्षा डागर

एजेंसी ⏭ केपटाउन




भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर तीसरे दौर में एक बर्डी और चार बोगी के बाद इनवेस्टेक एसए महिला ओपन टूर्नामेंट में संयुक्त 26वें स्थान पर खिसक गईं। दीक्षा ने तीसरे दौर में तीन ओवर का स्कोर बनाया। इस लेडीज यूरोपीय टूर प्रतियोगिता में अब सिर्फ एक दौर का खेल बाकी है। भारत की प्रणवी उर्स (74) और अवनि प्रशांत (75) ओवर पार के स्कोर के बावजूद आगे बढ़ने में सफल रही। प्रणवी संयुक्त 43वें से संयुक्त 35वें जबकि अवनि संयुक्त 53वें से संयुक्त 47वें स्थान पर हैं। तीन अन्य भारतीय त्वेसा मलिक, वाणी कपूर और हिताशी बक्शी कट हासिल करने में नाकाम रहीं। स्लोवेनिया की पिया बाब्निक (74) और इंग्लैंड की एस्मे हैमिल्टन कुल 13 अंडर के स्कोर से संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।

# कोर्ट में बिगड़ी इगा की तबीयत अब नहीं खेलेंगी मैड्रिड ओपन

एजेंसी ⏭ मैड्रिड

इगा स्वियातेक अमेरिकी खिलाड़ी एनली के खिलाफ एक अज्ञात बीमारी के कारण मैच के बीच से हटने से मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गई। विश्व की चौथे नंबर की खिलाड़ी स्वियातेक ने जब मैच से हटने का फैसला किया तब ली 7-6 (4), 2-6, 3-0 से आगे चल रही थी। मैड्रिड में 2024 की चैंपियन स्वियातेक ने निर्णायक सेट में 2-0 से पिछड़ने के बाद मेडिकल टाइमआउट लिया। वह कोर्ट पर लौटीं, लेकिन ली ने अपनी सर्विस बरकरार रखी, जिसके बाद उन्होंने आगे नहीं खेलने का फैसला किया। पोलैंड की स्टार खिलाड़ी ने गुरुवार को अपने दूसरे दौर के पहले मैच में डारिया स्निगुर को सीधे सेटों में हराया था। इस तरह से विश्व में 34वीं रैंकिंग की खिलाड़ी ली ने शीर्ष 10 खिलाड़ियों में शामिल किसी खिलाड़ी के खिलाफ अपने कॅरियर की दूसरी जीत दर्ज की। उनका अगला मुकाबला लेयला फर्नांडीज से होगा।



**प्रीमियर लीग में फिर से शीर्ष पर पहुंचने में सफल आर्सेनल**

# एफए कपः रिकॉर्ड चौथी बार फाइनल में मैनचेस्टर सिटी

एजेंसी ⏭ लंदन

मैनचेस्टर सिटी एक बार फिर एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गया है जबकि आर्सेनल प्रीमियर लीग में फिर से शीर्ष पर पहुंचने में सफल रहा। सिटी ने वेम्बली में खेले गए मैच में साउथेम्प्टन को 2-1 से हराकर रिकॉर्ड चौथी बार एफए कप के फाइनल में जगह बनाई। दूसरे हाफ में एक गोल से पिछड़ने के बाद निको गोंजालेज के 87वें मिनट में किए गए गोल से सिटी ने जीत दर्ज की। इस जीत ने सिटी की घरेलू स्तर पर तीन खिताब जीतने की उम्मीदों को बरकरार रखा है। वह पहले ही इंग्लिश लीग कप जीत चुका है और प्रीमियर लीग खिताब के लिए आर्सेनल के सामने कड़ी चुनौती पेश कर रहा है। प्रीमियर लीग में आर्सेनल ने एबेरेची एज़े के गोल की मदद से न्यूकैसल के खिलाफ 1-0 से जीत हासिल करके सिटी पर तीन अंक की बढ़त बना ली है। आर्सेनल के 34 मैच में 73 और सिटी के 33 मैच में 70 अंक हैं।



### ला लीगाः दूसरी बार खिताब के करीब पहुंचा बार्सिलोना

बार्सिलोना। बार्सिलोना को गेटाफे पर मिली 2-0 की जीत से स्पेनिश फुटबाल लीग ला लीगा में लगातार दूसरी बार खिताब जीतने के करीब पहुंच गया है, जबकि एटलेटिको मैड्रिड चैंपियंस लीग सेमीफाइनल में आर्सेनल का सामना करने से पहले आत्मविश्वास भरी जीत हासिल करने में सफल रहा। बार्सिलोना की तरफ से पहला गोल फर्मिन लोपेज ने 45वें मिनट में किया। उन्होंने अपना यह गोल चोटिल लामिन यामल को समर्पित किया। बार्सिलोना की तरफ से इस प्रतियोगिता में सर्वाधिक गोल करने वाले यामल मांसपेशियों में खिंचाव होने के कारण इस सत्र से बाहर हो गए हैं। मार्कस रैशफोर्ड स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरे और उन्होंने 74वें मिनट में गोल करके बार्सिलोना की 2-0 से जीत सुनिश्चित की। यह बार्सिलोना की गेटाफे में छह सत्र में पहली जीत है।




# 5000 मीटर रेस वॉक में रंजना यादव ने बनाया नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड


अपने कोच एसके प्रसाद के साथ रंजना यादव।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित एथलेटिक्स अकादमी के खिलाड़ियों ने तुमकुर में 24 से 26 अप्रैल तक आयोजित 24वीं नेशनल जूनियर फेडरेशन एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 2 स्वर्ण, 2 रजत एवं 1 कांस्य पदक अर्जित किया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन अकादमी की प्रतिभाशाली खिलाड़ी रंजना यादव ने जूनियर महिला 5000 मीटर रेस वॉक स्पर्धा में 23:21.12 सेकंड का शानदार समय निकालते हुए स्वर्ण पदक अर्जित किया तथा नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम किया। इससे पूर्व यह रिकॉर्ड राजस्थान की खिलाड़ी मनीषा के नाम 23:43.58 सेकंड था।

*तुमकुर (कर्नाटक) में 24वीं नेशनल जूनियर फेडरेशन एथलेटिक्स प्रतियोगिता*

*मप्र अकादमी के खिलाड़ियों ने जीते 2 स्वर्ण, 2 रजत व 1 कांस्य पदक*

## पदक विजेता खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन

इसी दिन अकादमी की खिलाड़ी राधा यादव ने जूनियर महिला 1500 मीटर दौड़ स्पर्धा में 4:32.64 मिनट का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस आशीष कुमार यादव ने जूनियर पुरुष पोल वॉल्ट स्पर्धा में 4.70 मीटर की ऊँचाई पार करते हुए रजत पदक अर्जित किया। तीसरे दिन प्रातः सत्र में संदीप यादव ने जूनियर पुरुष 3000 मीटर दौड़ स्पर्धा में 8:26.88 मिनट का शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त किया। वहीं, दीपिका शर्मा ने जूनियर महिला 3000 मीटर दौड़ स्पर्धा में 9:45.57 मिनट का समय निकालते हुए कांस्य पदक जीता। उनका मुकाबला स्वर्ण एवं रजत पदक विजेताओं से बेहद करीबी रहा।

## खेल मंत्री सारंग ने दी बधाई

मध्यप्रदेश के सहकारिता,खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि खिलाड़ियों की कठिन मेहनत, प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन तथा राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही आधुनिक खेल सुविधाओं का परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय मंच पर लगातार नया इतिहास रच रहे हैं।


राधा यादव।


आशीष यादव।



अपने कोच एसके प्रसाद के साथ विजेता खिलाड़ी।

---

दक्षिण कोरिया में आयोजित प्रतियोगिता में अकादमी की खिलाड़ियों ने बढ़ाया प्रदेश का गौरव

# एशिया कप रोइंग में मप्र की दिलजोत और पूनम ने हासिल किए 2 कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी की रोइंग खिलाड़ियों ने दक्षिण कोरिया में आयोजित एशिया कप रोइंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए2 कांस्य पदक अर्जित किए। प्रतियोगिता में दिलजोत कौर एवं पूनम ने बेहतरीन तालमेल, तकनीक और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए 2 कांस्य पदक अपने नाम किए। दोनों खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर शानदार प्रदर्शन कर देश एवं प्रदेश का मान बढ़ाया।


जीत के बाद दिलजोत और पूनम।

## खेल मंत्री सारंग ने दी बधाई

मध्यप्रदेश के सहकारिता ,खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन एवं प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

---

सेमीफाइनल में आंध्रप्रदेश को 6-2 से हराकर महिला टीम की दमदार दावेदारी

# अस्मिता सब-जूनियर महिला हॉकी लीग में मप्र ने किया फाइनल में प्रवेश

**कल हरियाणा से होगा खिताबी मुकाबला**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ग्वालियर के एलएनआईपीई में आयोजित चौथी अस्मिता सब जूनियर महिला हॉकी लीग 2025-26 में मध्यप्रदेश महिला हॉकी टीम ने सेमीफाइनल मुकाबले में आंध्रप्रदेश को 6-2 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया है। पूरे मुकाबले में टीम ने आक्रामक खेल, बेहतरीन समन्वय और अनुशासित रणनीति का परिचय देते हुए एक प्रभावशाली जीत दर्ज की। मध्यप्रदेश टीम ने मैच के आरंभ से ही तेज गति और सटीक पासिंग के साथ मुकाबले पर नियंत्रण बनाए रखा। खिलाड़ियों ने हर क्वार्टर में शानदार तालमेल दिखाते हुए लगातार गोल किए और विपक्षी टीम को वापसी का कोई अवसर नहीं दिया।

## गोल स्कोररों ने दिलाई यादगार जीत

मध्यप्रदेश की ओर से तन्वी ने दो गोल दागे। प्रियंशी भंवर, तान्वी, हिरवा पुरोहित एवं भाविका ने एक-एक गोल कर टीम की जीत को शानदार बनाया। खिलाड़ियों के सामूहिक प्रयास ने टीम को फाइनल तक पहुंचाया।

## अब खिताब से एक कदम दूर

मध्यप्रदेश महिला हॉकी टीम अब 28 अप्रैल 2026 को हरियाणा के विरुद्ध फाइनल मुकाबला खेलेगी। टीम पूरे आत्मविश्वास, जोश और विजयी संकल्प के साथ मैदान में उतरेगी।

## प्रतिभाशाली खिलाड़ियों से सजी टीम

मध्यप्रदेश टीम में जानवी परमार (जीके), अख्शा खान, सुदीप्ता किंडो, शिवानी बामनिया, भाविका, रोली बाल्मीकि, तन्वी, ख्वाइश परमार, प्रियंशी क्षेत्रे, पारधी सिंह, साजेदा बेगम (कप्तान), प्रियंशी भंवर, सादफ जहां, हिरवा पुरोहित, वर्षा घिन्डोडे, मुस्कान रघुवंशी (जीके), विभा सिंह एवं मानसी सरोज जैसी खिलाड़ी शामिल हैं।




हरिभूमि कम्युनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलेक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930